ਭਾਸ਼ਾ ਵਿਭਾਗ, ਪੰਜਾਬ,

कांगड़ी शब्द-संग्रह

भाषा विभाग, पंजाब

KANGRI SHABD SANGRAH *(In Hindi)*
LANGUAGE DEPARTMENT, PUNJAB

कांगड़ी शब्द संग्रह
भाषा विभाग, पंजाब

प्रथम संस्करण – 1964
द्वितीय संस्करण – 2002
प्रतियाँ – 2000
मूल्य : 67 रुपये 00 पैसे

0220 वे. डे. ड्रि. ब्रा. वे. - 1356

प्रकाशक : निदेशक, भाषा विभाग, पंजाब,
मुद्रक : तरुण आर्ट प्रैस, लाडो वाली रोड नजदीक प्रताप बाग, जालंधर
द्वारा : कंट्रोलर, प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग, पंजाब

दो शब्द

किसी भी भाषा के सम्पूर्ण एवं सर्वपक्षीय विकास में शब्दकोश महत्त्वपूर्ण योगदान डालते हैं। अत: किसी भी भाषा को सम्पन्न बनाने के लिए उसकी बोलियों का लेखा-जोखा लेना अनिवार्य होता है। आज जबकि शिक्षा एवं प्रसारण माध्यमों के अत्यधिक प्रसार से लोक बोलियां प्राय: विलुप्त हो रही हैं । विद्वानों एवं शोध-कर्त्ताओं के लिए इन बोलियों का लिखित रिकार्ड रखना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। यद्यपि इस दिशा में भाषा विभाग पहले ही इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उप-भाषाओं से सम्बन्धित पोठोहारी, पुआधी, जटकी, मुल्तानी आदि बोलियों के सन्दर्भ में उल्लेखनीय कार्य कर चुका है तथा इन बोलियों से सम्बन्धित शब्द कोश भी प्रकाशित किए हैं तथापि यह हमारा विनम्र प्रयास रहा है कि अधिक से अधिक लोग अपने राज्य की प्रमुख बोलियों के विषय में प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने के लिए तत्पर रहें।

प्रस्तुत -"कांगड़ी शब्द संग्रह" मुख्यत: पहाड़ी बोलियों में से एक बोली कांगड़ी पर केन्द्रित है। कांगड़ी बोली की स्थिति सीमा-बोली की है। यह एक तरफ पश्चिमी पहाड़ी की मंडियाली और चम्बाली बोलियों की मध्यवर्तिनी है तो दूसरी तरफ डोगरी पंजाबी की जालन्धर दोआबी बोलियों से प्रभावित है। सीमा-बोली होने के नाते इस बोली का अलग ही महत्त्व है क्योंकि इसमें विभिन्न बोलियों के प्रभावों की रेखाएं लक्षित होती हैं।

प्रस्तुत संग्रह में "कांगड़ी" से सम्बन्धित लगभग तीन हज़ार शब्द, तीस लोक गीत एवं कुछ लोक कथाएं शामिल हैं। लोक-गीत एवं लोक-कथाएं कांगड़ी भाषा की शब्द-सम्पदा को व्यक्त करती हैं। इससे कांगड़ा जनपद की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का बोध होता है। यह कांगड़ी बोली के संक्षिप्त व्याकरण से हमारा साक्षात्कार भी करवाती है।

इस पुस्तक का पहला संस्करण सन् 1964 में प्रकाशित किया गया था। पाठकों की मांग पर इसका द्वितीय संस्करण भेंट करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता अनुभव हो रही है। आशा है विद्वान, पाठक, एवं जिज्ञासु इसका भव्य स्वागत करेंगे।

डा. मदन लाल हसीजा
निदेशक,
भाषा विभाग, पंजाब

सम्पादन समिति

प्रथम संस्करण

1964

विषय सूची

१. डा० परमानन्द,
निदेशक, हिन्दी विभाग, पंजाब ।

२. श्री प्रेमप्रकाश सिंह,
सहायक निदेशक, हिन्दी विभाग, पंजाब ।

३. श्री त्रिलोकी नाथ 'रंजन',
सहायक निदेशक, हिन्दी विभाग, पंजाब ।

४. श्री हरिचन्द पाराशर,
अनुवाद अधिकारी, हिन्दी विभाग, पंजाब ।

५. श्री मोलू राम ठाकुर,
अनुवादक, हिन्दी विभाग, पंजाब ।

दो शब्द (प्रथम संस्करण)

पंजाब राज्य का हिन्दी विभाग जहां राजकीय कामकाज में हिन्दी के प्रचलन के निमित्त कार्य कर रहा है, वहां पंजाब की हिन्दी के प्रादेशिक रूप में अनुसन्धान का कार्य भी कर रहा है । पंजाब में हिन्दी प्रदेश के दो भाग हैं—मैदानी भाग जिसमें जिला अम्बाला (आंशिक), करनाल, रोहतक, गुड़गांव, महेन्द्रगढ़ और हिसार (आंशिक) शामिल हैं । पहाड़ी भाग—जिसमें शिमला, कांगड़ा और लाहुल-स्पिति शामिल हैं । इन दो भागों में विभिन्न बोलियां बोली जाती हैं, जिन्हें पंजाब सरकार ने हिन्दी की बोलियां माना है ।

प्रस्तुत संकलन

प्रस्तुत संकलन—कांगड़ी शब्द-संग्रह तथा लोक साहित्य—मुख्यतया जिला कांगड़ा की एक बोली 'कांगड़ी' से सम्बन्धित है । जिला कांगड़ा में उप-भाषात्मक दृष्टि से 'कांगड़ी' और 'कुल्लूकी' दो उप-भाषाएं हैं, दोनों ही संस्कृत परिवार की हैं । 'कांगड़ी' निकटवर्ती पंजाबी की मैदानी बोलियों से प्रभावित है और कुल्लूकी बोली अभी अपभ्रंश अवस्था की याद-सी दिलाती है । कांगड़ी बोली के भी—विशेषतया शब्द-संग्रह के दृष्टिकोण से—कई रूप हैं, पूर्वी हमीरपुर और पालमपुर की बोलियों और दक्षिणी देहरा-गोपीपुर और पश्चिमी नूरपुर की बोलियों में कुछ अन्तर है परन्तु इन में परस्पर बोधगम्यता है, इसी आधार पर उन्हें कांगड़ी उप-भाषा की संज्ञा दी जाती है ।

चूंकि कांगड़ी उप-भाषा का लिखित साहित्य बहुत ही कम है, इसलिए प्रस्तुत संकलन में दी गई सामग्री अधिकांशतः उस भाषा के बोलने वालों के उच्चारण से ही एकत्र की गई है । वैज्ञानिक दृष्टि से कथ्य बोलियों के किसी संकलन को पूर्ण नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उस में अनुसन्धाता और कायिक की अपनी अपनी सीमाएं होती हैं । परन्तु इतना अवश्य है कि इस संकलन को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने का यत्न किया गया है । अभी इसे प्रथम उपहार के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है । पाठकों से सुझाव आने पर इस का पुनरीक्षित तथा सम्बर्द्धित संस्करण बाद में प्रकाशित किया जाएगा ।

कांगड़ा प्रदेश की सांस्कृतिक पृष्ठ-भूमि के बाद कांगड़ी उप-भाषा का संक्षिप्त व्याकरण दिया गया है । व्याकरण में यथासम्भव कांगड़ी उदाहरणों की तुलना में हिन्दी के उदाहरण भी दिए गए हैं । इसके अध्ययन से हिन्दी का सामान्य ज्ञान रखने वाले पाठक आसानी से ही कांगड़ी उप-भाषा का चलता ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं । शब्द-संग्रह में भले ही वस्तुगत शब्दों की अधिकता है, परन्तु उनकी व्याख्या से भी कांगड़ा जीवन-शैली की कई प्रक्रियाएं अभिव्यक्त होती हैं, तथा कुछ शब्दों से भाषा-वैज्ञानिक 'Onomatology और Onomatapoeia' की दिशा में भी सहायता मिल सकती है । जड़ी-बूटियों से सम्बन्धित बहुत से शब्द हमारे आयुर्वेदिक विद्वानों को अनुसंधान की प्रेरणा दे सकते हैं ।

इस संकलन की एक अन्य विशेषता ग्राम-साहित्य का संकलन है । साहित्य के लोक-वार्तावादी सिद्धान्त के अनुसार ग्राम-साहित्य को ग्रंथ-साहित्य का आदिम रूप कहा गया है । एक विद्वान ने साहित्य की परिभाषा करते हुए कहा है, "Animated gossip is the literature in the law", ग्राम-जीवन से उद्भूत ऐसी सजीव गल्प जिसका विकासशील प्रयोग साथ वाले गांवों में प्रचार पा रहा हो, और जिसका प्रयोजन मनोरंजन भी हो और ज्ञानवर्द्धन भी, ग्राम-साहित्य कहलाता है । भारत की विविधता में एकता लाने के लिए लोक संस्कृति का अनुसन्धान आवश्यक है, और इस अनुसन्धान की पहली आवश्यकता है, ग्राम-साहित्य का संकलन । यह कार्य बहुत कठिन है, यह इसलिए कि ग्राम-निवासी ऐसे संकलन का कार्य करने के लिए यथेष्ट रूप में प्रशिक्षित नहीं होते, और नगर-निवासी साधारणतया इन धूलि-धूसरित रत्नों को 'बेकार' कह कर उपेक्षित कर देते हैं । उनकी मानसिकता का इस दिशा में झुकाव नहीं होता ।

यह संयोग की बात है कि प्रस्तुत कथ्य भाषा और ग्राम-साहित्य का संकलन करने वाले श्री हरि चन्द पराशर, एम० ए० (हिन्दी, पंजाबी और फिलासफी), साहित्य रत्न जहां भाषा के विद्वान हैं, वहां महात्मा गांधी द्वारा प्रचलित बेसिक शिक्षा के शिक्षा-शास्त्र में स्नातक भी हैं । उसी स्नातकत्व का यह परिणाम है कि श्री पाराशर ने सम्बन्धित इलाके में काफी पद-यात्रा करके मेलों, त्योहारों, संस्कारों आदि में भाग लेकर यह संकलन

तैयार किया है, गांव में रहकर ग्राम-जीवन में विकसित लोकोक्तियों का प्रत्यक्ष अनुभव किया है, ग्राम-मानस की प्रत्येक भावना-कामना का आदर करते हुए लोक-अभिव्यक्ति के संकलन का प्रयत्न किया है ।

लोक-गंगा से जन-जन को पवित्र करने का यह प्रयत्न यदि लोक मानस की आधार-भूत एकता की कुछ भी तुष्टि कर सका, तो हम इस पुण्य कार्य को सफल समझेंगे ।

मुझे प्रसन्नता है कि योग्य तथा अनुभवी लेखक श्री हरि चन्द पाराशर ने उस विषय पर लेखनी उठाई है जो अभी तक विद्वानों की दृष्टि से उपेक्षित रहा है, और इन्होंने श्री प्रेमप्रकाश सिंह, भूतपूर्व सहायक निदेशक (कोश) के कुशल अधीक्षण में यह कार्य बड़े सुचारु ढंग से सम्पन्न किया है । श्री प्रेम प्रकाश सिंह जी के विभाग से चले जाने के अनन्तर श्री त्रिलोकी नाथ जी 'रञ्जन' कोश अनुभाग के अध्यक्ष नियत हुए । इन की योग्यता तथा सुदीर्घ अनुभव से इस अनुभाग को विशेष शक्ति मिली है । संस्कृत, हिन्दी और पंजाबी में इनकी योग्यता प्रशस्य है । कोश अनुभाग की कुछ योजनाएं जो विलुप्त-सी पड़ी थीं उनमें पुनर्जीवन लाना इनका कार्य है । इनकी विशिष्ट देख-रेख में इस शब्द-संग्रह ने भी बल प्राप्त किया है । अतः इनके प्रति भी आभार प्रदर्शन करना अपना कर्तव्य बन जाता है । मैं इन सभी विद्वानों को हिन्दी विभाग की ओर से बधाई देता हूं, और आशा रखता हूं कि इस विषय का वृहत् ग्रंथ भी हिन्दी विभाग प्रकाशित करने में शीघ्र समर्थ होगा । इस विशेष कार्य में श्री मोलू राम ठाकुर की सहायता भी उल्लेखनीय है । इनके अतिरिक्त प्रूफों को संशोधित करने तथा इस कोष को अलंकृत करने में श्री सत्य प्रकाश दत्त तथा श्री प्यारे लाल चावला ने जो श्लाघ्य प्रयत्न किया है उसके लिए वे भी बधाई के पात्र हैं ।

महानिदेशक श्री लाल सिंह जी भी अत्यन्त धन्यवाद के पात्र हैं । उनके प्रेमपूर्ण संरक्षण में यह विभाग प्रति दिन प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है ।

पटियाला
२६-१०-६३

(डा०) परमानन्द,
निदेशक, हिन्दी विभाग,
पंजाब ।

विषय सूची

संकेत सूची

कां.	कांगड़ी
कु.	कुल्लुकी
गा.	गादी
गु	गुजरी
पं.	पंजाबी
पु.	पुलिंग
स्त्री.	स्त्री-लिंग
वि.	विशेषण
अ	अव्यय
क्रि.	क्रिया
सर्व.	सर्वनाम

कांगड़ा : संस्कृति और भाषा

(पहला भाग)

कांगड़ा : भौगोलिक और ऐतिहासिक परिचय

प्राचीन समय के पाणिनिकालीन इतिहास में जिस भूखण्ड को त्रिगर्त नाम दिया गया है उसी का एक भाग आज कुल्लू-कांगड़ा कहा जाता है । त्रिगर्त प्रदेश लुधियाना, जालन्धर और अमृतसर के मैदानों से उत्तर की ओर तिब्बत और चीन तक फैला हुआ एक विशाल भू-भाग था । इस प्रदेश की मुख्य राजधानी कोटगढ़ थी । यही 'कोटगढ़' शब्द अपभ्रंश आदि की अवस्थाओं से होता हुआ खड़ी बोली हिन्दी में कांगड़ा बना है । इस मुख्य एवं केन्द्रीय राजधानी के अतिरिक्त इसमें कुछेक अन्य छोटे राज्य भी थे जिनमें कुल्लू (कुलत), चम्बा (चम्पा), मण्डी (मण्डमती), सुकेत (सुकट्टु) आदि प्रख्यात हैं । महाकवि कालिदास के 'रघुवंश' में इस प्रदेश की किन्नर जाति का वर्णन किया गया है । बैजनाथ (कीरग्राम) के आसपास के इलाके को प्राचीन समय में 'गन्धिका' कहा गया है, इस प्रदेश में आज भी गद्दी लोग ही अधिकांश हैं । इसी लिए 'गन्धिका' शब्द का अभिप्राय गद्दियों की भूमि ही रहा होगा । इस भूखण्ड को प्राचीन समय में त्रिगर्त इस लिए कहा गया होगा क्योंकि यह इलाका सतलुज, ब्यास और रावी इन तीन नदियों का पहाड़ी प्रदेश है । पर्वतीय प्रदेश में नदी का मार्ग तंग होता है और वेग तीव्र, जिस से नदी का रूप सरिता सा न होकर गर्त (गढ़े) सा होता है । सम्भवतः इसीलिये उपर्युक्त तीन नदियों की उपत्यकाओं को त्रिगर्त कहा गया होगा ।

आज के कांगड़ा-कुल्लू की भौगोलिक स्थिति दक्षिण में शिवालक की पहाड़ियों से आरम्भ होती है । ये पहाड़ियां ब्यास के किनारे हाजीपुर (होशियारपुर) से लेकर सतलुज के किनारे रोपड़ तक फैली हुई हैं । शिवालक की यह शैलमाला दोआबा के मैदानों (दोआबा जिला जालन्धर) को पहाड़ी इलाके से पृथक करती हुई कंटीली झाड़ियों वाली एक पठार बनाती है जिसे जसवां दून (होशियारपुर की तहसील ऊना) कहा जाता है । इस के साथ ही उत्तर में चिन्तपुर्णी की धार है जोकि होशियारपुर और कांगड़ा की मिलन-रेखा है । उत्तर-पूर्व में मध्य हिमालय की पीर-पंजाल की शृंखलायें कुल्लू को लाहौल और स्पिति से अलग करती हैं । पीरपंजाल की ही एक शाखा धौलाधार उत्तर-पश्चिमी दिशा में फैली हुई है ।

पंजाब के पूर्व-उत्तरी भाग में मध्य हिमालय की बर्फीली धौलाधार की गोदी में शिवालक की सुरम्य नीली पहाड़ियां हैं । भूगर्भीय विकास एवं भौगोलिक दृष्टिकोण से हिमालय की शिमला, कुल्लू और धौलाधार पहाड़ियां पुरानी हैं, मण्डी धर्मशाला और कांगड़ा की पहाड़ियां अपेक्षाकृत नई हैं और शिवालक की पहाड़ियां तो बहुत बाद में अस्तित्व में आई हैं । भारत की भू-रचना के प्राकृतिक इतिहास पर विचार करने वाले भू-शास्त्रियों का कहना है कि भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग (पंजाब, राजस्थान और सिंध) में मायोसीन नाम का एक समुद्र था जोकि टेथिस (यूरेशियाई महार्णव) का एक हिस्सा था । टेथिस महासागर उस सारे भू-खण्ड में व्याप्त था, जिसे आजकल मध्य-यूरोप से ले कर लघु एशिया उत्तरी भारत और बर्मा कहा जाता है, इसी महार्णव में से हिमालय का विकास हुआ है । डा० राधाकुमार मुकर्जी ने बैरल के साथ सहमति प्रकट करते हुए लिखा है:—

> "बैरल ने सब से पहले यह सुझाव दिया था कि मध्य ऊषाकालीन युग के लगभग अन्त में, दस लाख वर्ष पहले, मानव और हिमालय एक साथ ही अस्तित्व में आए ।"
>
> (हिन्दू सभ्यता, पृ० ६)

भू-शास्त्रियों का ऐसा भी विचार है कि लगभग दस लाख वर्ष पहले ब्रह्मपुत्र, गंगा और सिंध इन तीन नदियों का पानी एक ही महान् नदी में बहा करता था जो मायोसीन सागर (पंजाब, सिंध, राजस्थान में व्याप्त) में गिरती थी । यही महानदी शिवालक महानदी थी जिससे आजकल शिवालक पहाड़ियां उभरी हैं । इस प्रसंग में श्री महेन्द्रसिंह रंधावा का विचार उपयुक्त है:—

> "इसलिए शिवालक की पहाड़ियां जिन का रेत होशियारपुर के किसानों को मुसीबत बना हुआ है किसी जमाने में एक दरिया का तल थीं ।"

शिवालक दरिया से शिवालक पहाड़ियां कब बनीं, इस विषय में कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता इतना अवश्य है कि भूगर्भीय विकास की ओर संकेत करते हुए कुछेक हवाले पौराणिक गाथाओं में मिलते हैं। पद्म पुराण के एक प्रसंग में जालन्धर के इलाके को समुद्र कहा गया है। एक और प्रसंग में जालन्धर को एक दानव के रूप में चित्रित किया गया है जोकि सागर का पुत्र है और जिसे शिवजी पराजित करते हैं। रंधावा महोदय के विचारानुसार इस आलंकारिक वर्णन में जालन्धर दानव का पराजित होना सागर का पीछे हटना और शिवजी की विजय पर्वतमाल का उभरना है। रामायण में भी एक ऐसा प्रसंग आता है जिस में राम के बाण के भय से उत्तरपथ की दो नदियां विलुप्त होकर राजस्थान की मरुभूमि के नीचे होती हुई सागर में मिलने लगी थीं। जालन्धर शब्द के शब्दार्थ में भी जल विद्यमान है। काव्यशैली में लिखे हुए पौराणिक प्रसंगों में से ऐतिहासिक सूचनाओं को आलंकारिक घटाटोप से पृथक कर सकना बहुत कठिन है, फिर भी इतना अवश्य है कि पौराणिक गाथाओं में सांस्कृतिक भूगोल की बहुत महत्वपूर्ण सूचनाएं वर्तमान हैं।

शिवालक पहाड़ियां बन जाने के पश्चात् यहां का प्राकृतिक इतिहास आरंभ होता है। भू-शास्त्रियों का अनुमान है कि पोठोहार की पठार और शिवालक की पहाड़ियों का प्राकृतिक इतिहास लगभग एक ही युग में आरंभ हुआ। शिवालक की पहाड़ियों में पथराई हुई जानवरों की हड्डियों से अनुमान लगाया जाता है कि जैविक विकास की दृष्टि से अनेक प्रकार के जानवर इन पहाड़ियों में रहा करते थे। कहा जाता है कि बनमानस (मनुष्यों की तरह चलते-फिरते बानर) इन पहाड़ियों में अधिकांश थे। यह असम्भव नहीं कि मनुष्य के विकास में हिमालय की इस सब से छोटी शैलमाला का सब से अधिक हिस्सा हो। कारण यह कि जैविक विकास के लिए सागर के समतल के साथ न्यूनतम ऊंचाई की भूमि का अधिकतर समय के लिए निकट रहना अनिवार्य है। हिन्दू गाथा-विज्ञान का समुद्र-मंथन जैविक विकास की ओर संकेत करता ही है, रूस का आधुनिक जीव-रसायन विज्ञान (Biochemistry) इसी निष्कर्ष पर पहुंचा है। इस प्रकार का भूगर्भीय एवं जैविक विकास हो चुकने के बाद मानव की निष्पत्ति (उत्पत्ति नहीं) हुई जिस ने सांस्कृतिक इतिहास का सूत्रपात किया।

शिवालक के गोलमटोल पत्थर-गीटे यों ही गोल नहीं बन गए।

सांस्कृतिक भूगोल की दृष्टि से शिवालक पहाड़ियों में कांगड़ा के कुछ भाग एवं होशियारपुर और गुरदासपुर का पहाड़ी इलाका सम्मिलित समझा जाता है। धार्मिक, सम्याचारिक और कलात्मक दृष्टिकोण से ज्वालामुखी, चिन्तपुरणी, डमटाल का आश्रम, हरिपुरगुलेर और नूरपुर विशेष प्रसिद्ध हैं। कांगड़ा की चित्रकला, जो स्त्रीसुलभ सौम्यता, सुन्दरता और प्यार के संतुलित एवं सजीव चित्रण के कारण भारतीय और इतर भारतीय कला-पारखियों की प्रशंसा से विश्व-विख्यात है, का जन्म-स्थान हरिपुर गुलेर है। रीतिकाल के नायिका-भेद विलास रहित हो कर राजपूती जीवन की सौम्यता, ब्राह्मण-सुलभ सरसता और गद्दियों के जीवन की स्वाभाविकता के साथ कांगड़ा की चित्रकला में साकार हो उठे हैं। ज्वालामुखी का सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व पांडवों, सम्राट् अकबर और महाराजा रणजीत सिंह जैसे महानुभावों की ज्वालामुखी यात्राओं से स्पष्ट है। कांगड़ा-शासक महाराजा संसारचन्द और महाराजा रणजीत सिंह ने इसी पवित्र स्थान पर ज्वालाओं की साक्षी में सन्धि की थी। कहा जाता है कि महाराजा रणजीत सिंह रण यात्रा के अवसर ज्वालामुखी देवी को स्मरण किया करते थे। अफगानों को पराजित करने के पश्चात् देवी की मनौत पूरा करने के लिए उन्होंने मन्दिर की छत को सुनहरा बनवाया था। कंवर खड़क सिंह ने चान्दी के दरवाजे देवी के मन्दिर में चढ़ाए थे। नूरपुर का महत्व राजनीतिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण से है। सम्राट् जहांगीर का समकालीन राजपूत राजा जगत सिंह पहाड़ी प्रदेश की स्वतन्त्रता का प्रतीक था। आजकल भी कई लोक-गीतों में इसे श्रद्धांजलि दी जाती है—

> "जगता राजा भगता राजा बासदेव का जाया, सिंघ मारे सागर भारे हिमालय डेरा लाया। आकाश को झरणां किया तब जगता कहाया।"

इसी भांति राजा बीर सिंह की राजपूती आन और राम सिंह पठानियां का स्वदेश-प्रेम और शौर्य नूरपुर का गौरव है। शिवालक की लोकवार्ता की विशिष्टता यहां के सांस्कृतिक भूगोल के अनुरूप है। मन्दिरों में देवियों (सर्वदेवमयी भगवती पुराणेषु प्रतिपादिता) और विष्णु (भगवान् कृष्ण, भगवान् राम, लक्ष्मीनारायण) के मन्दिर अधिक हैं। ऐसे मन्दिर भी कम नहीं जहां भगवान् कृष्ण, भगवान शिव, भगवती दुर्गा, गणेश और हनुमान सब की मूर्तियां विद्यमान होती हैं। छोटे ग्रामों में देवी-देवताओं के सम्बन्ध में परिस्थिति कुछ ऐसी रही है कि एक ग्राम और एक ग्राम-देवता। ग्राम-देवता को रिझाने के लिए ग्राम-निवासियों की समस्त मानसिक शक्तियां गीतों में प्रवाहित हो उठती हैं। ऐसे गीत ही धीरे-धीरे लोकगाथा का रूप धारण कर लेते हैं। लोकवार्ता (फोकलोर) का विकास लोकगाथा (फोकमाइथालोजी) से कुछ भिन्न रूप में होता है। सैद्धान्तिक दृष्टि से कहा जाए, तो लोकाचार से लोकाख्यान

का और इससे लोकवार्ता का विकास होता है, लोकाचार की कच्ची सामग्री सामयिकी है और लोकवार्ता की परिष्कृत रूपज ग्रन्थ साहित्य है। लोकवार्ता और ग्रन्थ साहित्य की मध्यस्थ शृंखला लोक-साहित्य है। इस विकासक्रम से देखा जाए तो शिवालक के आधुनिक जीवन की परिणति अभी ग्रंथ साहित्य में नहीं हो पाई है। यहां के जीवन का रूपान्तर लोकवार्ता में ही अधिकांश और लोक-साहित्य में अल्पांश हुआ है। लोकवार्ता का उदाहरण यहां के स्थानीय विवाह-गीत, संस्कार-गीत, अन्य स्त्रीगीत, परम्परा से आ रही लोककथाएं, लोक-नाच आदि हैं। लोक-साहित्य का उदाहरण स्वर्गीय पहाड़ी गांधी पंडित काशीराम जी द्वारा पहाड़ी लोक-गीतों की लय और स्थानीय बोली में बनाए गए राष्ट्रीय भावना के गीत हैं।

कांगड़ा ज़िले की विभिन्न बोलियां

कांगड़ा ज़िले के सांस्कृतिक और भाषिक दृष्टिकोण से दो स्पष्ट भेद हैं :—

(१) कांगड़ा वादी और कांगड़ा-कण्डी का इलाका, और

(२) कुल्लू सब-डिवीज़न का इलाका जिसमें कुल्लूवादी और सिराज का इलाका शामिल है।

कांगड़ावादी और कांगड़ा कण्डी के इलाके की बोली मोटे रूप से कांगड़ी है। इसके कुछेक स्थानीय भेद हैं। ये स्थानीय भेद कुल्लू सब-डिवीज़न को छोड़ कर शेष कांगड़ा ज़िला की तहसीलों के अनुसार ही हैं। तहसील नूरपुर की बोली में कर्म और सम्प्रदान कारक के लिए 'की' परसर्ग का प्रयोग होता है जब कि पालमपुर तहसील की परिनिष्ठित कांगड़ी में 'जो' परसर्ग है। उदाहरण के लिए :—

हिन्दी	कांगड़ी	
	पालमपुर की	नूरपुर की
मुझको (मुझे)	मिञो	मेंकी
उसको (उसे)	तिसजो	उसकी
तुझको (तुझे)	तिज्जो	तैंकी

इसके अलावा हिमालय की पीर पंजाल शाखा की कांगड़ा स्थित शैलमाला 'धौलाधार' के निवासी गादियों और गुर्जरों की दो बोलियां गादी और गुर्जरी हैं। ये कबीलागत बोलियां हैं। इनके एक अलग कोश की आवश्यकता है। डा. ग्रियर्सन ने गादी बोली को पश्चिमी पहाड़ी के चम्बाली ग्रुप के अन्तर्गत गिना है और गुर्जरी बोलियों को अलग गिना है।

कुल्लू सब-डिवीजन में स्पष्ट रूप से दो बोलियां हैं—कुल्लुकी और सिराजी। कुल्लुकी और सिराजी बोलियों को भाषा वैज्ञानिकों ने पश्चिमी पहाड़ी के "कुल्लू ग्रुप" के अन्तर्गत गिना है। भाषिक तथ्य उपलब्ध हो सकते हैं। कुल्लुकी बोली कुल्लू तहसील में और कांगड़ा जिले की पालमपुर तहसील के बंघाल इलाके में बोली जाती है। सिराजी बोली के स्थानीय रूप से दो भेद हैं, सैंजी और बाह्य सिराजी। बाह्य सिराजी क्योंथली (शिमला पहाड़ी) उप-भाषा की बोली शिमला-सिराजी (कोटगढ़ के आसपास की बोली) के निकट है। कुल्लुकी और सिराजी (सैंजी और बाह्य सिराजी) बोलियां शब्द भण्डार और व्याकरण दोनों दृष्टिकोणों से बहुत महत्वपूर्ण बोलियां हैं और कांगड़ी बोली से काफी भिन्न हैं। इन बोलियों के विश्लेषणात्मक अध्ययन अपभ्रंश भाषा और पुरानी हिन्दी के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हिन्दी आदि आधुनिक भाषाएं और कांगड़ी बोलियां

पर्वतीय और उत्तरापथ की बोलियों का सम्बन्ध पश्चिमी अपभ्रंश से है। डा. भोलाशंकर व्यास के मतानुसार पश्चिमी अपभ्रंश को ही नागर अपभ्रंश कहते हैं। नागर अपभ्रंश का आदिम साहित्यिक रूप विक्रमोर्वशीय के अपभ्रंश पदों में उपलब्ध है और परिनिष्ठित साहित्यिक रूप हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत दोहों में। इस नागर अपभ्रंश के तीन रूप बताए जाते हैं, गुर्जर, पश्चिम और शौरसेनी। हमें ऐसा लगता है कि अपभ्रंश के शौरसेनी और गुर्जर रूपों के मेल-जोल से पश्चिमी पहाड़ी बोलियों का विकास सम्भव हुआ है। यह बात इस तथ्य से भी पुष्ट होती है कि पहाड़ी बोलियों का राजस्थानी के साथ घनिष्ट सम्बन्ध है। पहाड़ी बोलियों और राजस्थानी के घनिष्ट सम्बन्ध का डा० ग्रियर्सन और डा० राजबली पांडेय ने भी संकेत किया है। इस सम्बन्ध में डा० राजबली पांडेय के ये शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं :—

> 'राजस्थानी स्वयं बांगरू और पंजाबी को काटती
> हुई हिमालय की शृंखलाओं में पहुंच जाती है।'
>
> (हिन्दी साहित्य की पीठिका)

राजस्थानी और पहाड़ी बोलियों के सम्बन्ध की पृष्ठभूमि में यह ऐतिहासिक सचाई है कि सपादलक्ष (शिवालिक) की शैलमालाओं के रास्ते से खशों-गुर्जरों आदि कबीलों का राजस्थान में आगमन हुआ। इस प्रसंग में यह भी असंगत नहीं होगा कि अफगानिस्तान के स्वात इलाके के गुर्जरों की बोली राजस्थान की मेवाती बोली के साथ मिलती जुलती है। राजस्थान की इसी मेवाती बोली के साथ हमारी पहाड़ी बोलियां समानता रखती हैं। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन भी उत्तरापथ और पर्वतीय बोलियों और उनके लोक साहित्य को हिन्दी प्रादेशीय बोलियों और लोक-साहित्य के अन्तर्गत मानते हैं। डैनज़िल इब्बेटसन ने भी कांगड़ी बोली को हिन्दीमयी पहाड़ी कहा है।

उपर्युक्त विचार धारा की दृष्टि में रखते हुए हम कह सकते हैं कि राजस्थानी की मेवाती बोली का जो सम्बन्ध हिन्दी प्रादेशीय बोलियों के साथ है, वैसा ही सम्बन्ध मूल में पहाड़ी बोलियों का हिन्दी प्रादेशीय बोलियों के साथ रहा है। परन्तु धीरे धीरे पहाड़ की बोलियों पर सामने के मैदानी इलाके की बोलियों का असर पड़ता रहा। इस तरह कांगड़ा बोलियों (कुल्लू सुप की बोलियों को छोड़ कर) पर पंजाब के जालन्धर द्वाब की द्वाबी का प्रभाव दीखता है। और साथ ही शब्दावली में कुछ प्रभाव काश्मीर की शीना आदि बोलियों का भी है। कुछ लोगों ने कांगड़ी बोली को जम्मू की डोगरी का विस्तार मात्र माना है। ऐसे लोग कांगड़ी बोली की नूरपुरी उप-बोली पर ही अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं। यदि तहसील पालमपुर की बोली को परिनिष्ठित कांगड़ी समझा जाए तो कहना होगा कि कांगड़ी बोली की स्थिति पश्चिमी पहाड़ी की मंडियाली और चम्बियाली बोली की मध्यवर्ती है। हिन्दी खड़ी बोली और कांगड़ी बोली के आपसी सम्बन्ध को दिखाने के लिए हम यहां दोनों बोलियों के कुछ उदाहरण देते हैं :—

कांगड़ी बोली	हिन्दी (खड़ी बोली)
१ सै जलंधर गेया था	वह जालंधर गया था।
२ शीला रोटी पकाई	शीला ने रोटी पकाई।
३. मिजो पढ़ने जो इक कताब देआ	मुझे पढ़ने को एक किताब दीजिए।
४. मैं परसों तिज्जो इक चिट्ठी लिखी थी	मैंने परसों तुझे एक चिट्ठी लिखी थी।
५. तिनी दुध पीता कने फिरि सई गया	उसने दूध पिया और फिर सो गया।
६. जे मैं दिल्ली जा जांगा तां तुमाजो इक घड़ी लई औंगा	यदि मैं दिल्ली जाऊंगा तो तुम्हारे लिए एक घड़ी ले आऊंगा
७. कम समाप्त करी सैला जो चलगे	काम समाप्त करके सैर को चलेंगे।
८. मेरा इक बहाई (भाई) दिल्ली-च रहदा है	मेरा एक भाई दिल्ली रहता है।
९. तेस-दी बैहण शिमले ते कल आई	उस की बहिन शिमला से कल आई।
१०. जिस बेलें कोई थोड़ी-भारी पवै मिजो याद करना	जब कोई विपत्ति आए, मुझे याद करें।

उपर्युक्त वाक्यों में कांगड़ी बोली के पद-विचार और वाक्य-विचार की खड़ी बोली के पद-विचार और वाक्य विचार से तुलना से यह प्रकट है कि कांगड़ी बोली और खड़ी बोली में पर्याप्त समानता है। इस घनिष्ट सम्बन्ध के दो कारण हैं, एक तो यह खड़ी बोली और कांगड़ी बोली दोनों का मूल स्रोत एक ही शौरसेनी अपभ्रंश है जिसमें मेवाती का काफी प्रभाव है, दूसरा यह कि कांगड़ा जनपद में शेष उत्तरापथ की भांति शिक्षा का माध्यम उर्दू (खड़ी बोली) रहा है। परन्तु यह कहना असंगत नहीं होगा कि पंजाब के जालन्धर दोआब की बोली का इस पर काफी प्रभाव है। वास्तव में जालन्धर दोआब और कांगड़ा आदि पहाड़ी इलाके की प्राचीन काल से एक ही प्रशासनिक इकाई रही है, जिसे त्रिगर्त कहते थे। त्रिगर्त का वर्णन महाभारत प्रभृति प्राचीन ग्रंथों में कई बार आया है।

लोक वार्ता और लोक साहित्य

लोक वार्ता (फोकलोर) से वैज्ञानिक अध्ययन का विकास लोकतन्त्र की विचारधारा के साथ हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी में पश्चिम के लिए संस्कृत का आविष्कार हो जाने के कारण तुलनात्मक भाषा विज्ञान और तुलना धर्मगाथा विज्ञान (माइथोलोजी) से लोकवार्ता के अध्ययन को प्रगति मिली। तत्पश्चात् ऐसी धारणा बनी कि नृ-विज्ञान (एनथ्रोपोलोजी) में मानव के शारीरिक और मानसिक निर्माण तंतुओं के ऐतिहासिक विकास की खोज निकालने के लिए लोकवार्ता से पर्याप्त सहायता ली जा सकती है। इन परिस्थितियों के ऐसे संपुट में लोक वार्ता की ओर विशेष ध्यान गया फलतः इसका वैज्ञानिक अध्ययन आरंभ हुआ तथा लोक वार्ता का स्वरूप, सीमाएं और तत्व निर्धारित हो गए। 'लोक वार्ता' शब्द 'लोक साहित्य' से अधिक विस्तृत है। लोक साहित्य में धर्मगाथा का समावेश नहीं होता, परन्तु लोक वार्ता में धर्मगाथा, लोक गाथा, ग्रामी-गीत, नगरों में प्रचलित लोक कथाएं आदि सभी कुछ सम्मिलित है। साधारणतया लोक वार्ता के दो भाग किए जा सकते हैं। एक गाथा और दूसरा साधारण लोक साहित्य। गाथा में मानव की कोई न कोई आदिम परम्परा किसी न किसी रूप में सुरक्षित रहती है जिस से मानव के बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को आंकने में कोई न कोई सम्बन्ध सूत्र मिल सकता है।

साधारण लोक साहित्य की परम्परा गाथा साहित्य की भांति विशेष प्राचीन नहीं होती। साधारण लोक साहित्य का कुछ अंश तो बिल्कुल नवीन विषयों को लेकर रचा गया होता है। परन्तु फिर भी लोक साहित्य और अन्य लिखित साहित्य में विभाजक रेखा खींची जा सकती है। लोक साहित्य लोक मानव की सहज और अकृत्रिम अभिव्यक्ति होता है, इस की परम्परा मौखिक रहती है, इस के सृजन में अध्ययन, अभ्यास और परिश्रम सिद्धि का समावेश बिल्कुल नहीं होता। लोक साहित्य में जनमन की अबोध उमंगें होती हैं परन्तु लिखित साहित्य में मननशील मनुष्यों की संस्कारी चेतना में अंगड़ाइयां लेने वाली संश्लिष्ट भावनाएं। लोकवार्ता का स्वरूप साधारण लोक साहित्य की अपेक्षा विशाल है क्योंकि इसमें लोक साहित्य सुलभ जनमन के उन्मुक्त स्पन्दन भी होते हैं और साहित्य में दुर्लभ ऐतिहासिक सामग्री भी विद्यमान रहती है। इसी दृष्टिकोण से लोकवार्ता के दो भाग किए जाते हैं, एक गाथा साहित्य और दूसरा साधारण लोक साहित्य। गाथा साहित्य के दो रूप हैं, धर्मगाथा और लोक गाथा तथा साधारण लोक साहित्य के तीन रूप हैं, लोक कथा, लोक कहावतें। लोक वार्ता के इन सभी रूपों की कला में लोकमानस की दीर्घ परम्परा का विकास होता है अर्थात् समय के अनुकूल लोकमानस की मूल प्रवृत्तियों में जो जो विकास जैसे जैसे आता जाता है, उसी के अनुरूप लोकवार्ता की कला अभिव्यक्ति में निखार आता है। अभिप्राय यह कि लोक वार्ता की कला लोकमानस की आन्तरिक आवश्यकताओं के अनुकूल बदलती है, लिखित साहित्य की कला की भांति बाह्य आवश्यकताओं की मांग के अनुरूप नहीं बदलती। जिस भांति जीवन के स्पन्दन स्वाभाविक होते हैं उसी भांति लोकवार्ता की कला स्वाभाविक रहती है क्योंकि लोकवार्ता का जीवन के साथ सहज सम्बन्ध है। फिर भी लोक वार्ता के विभिन्न रूपों में कला की विभिन्नता दृष्टिगोचर होगी।

कांगड़ा की लोक वार्ता

इतने संक्षिप्त परिचय के पश्चात् कांगड़ा-कुल्लू की लोक वार्ता का अध्ययन समीचीन दीखता है। लोक वार्ता का गाथा वाला भाग कुल्लू में अपेक्षाकृत अधिक है और लोक वार्ता का साधारण लोक साहित्य वाला रूप कांगड़ा में। कुल्लू की धर्मगाथा (माइथालोजी) और लोकगाथा के सूक्ष्म अध्ययन से वहां के हिन्दू धर्म के विभिन्न तन्तुओं ब्रह्मणवाद, देवतावाद, दानववाद आदि को ठीक समझने में पर्याप्त सहायता मिलती है। प्राचीन हिन्दू विचारों ने कुल्लू को कुलांत भी कहा है। ऐसा लगता है कि वे कुल्लू को पृथ्वी का अन्तिम सिरा समझते होंगे। इतिहासकारों का ऐसा अनुमान है कि प्राचीन समय में जब आर्यों ने कुल्लू घाटी में प्रवेश किया तब कुछेक आर्य ऋषियों ने कुल्लू की सुन्दर प्राकृतिकवादी में अपना स्थायी निवास कर लिया। इन ऋषियों के श्रेष्ठ आचरण से प्रभावित हो कर कुल्लू के आदि वासियों ने इन्हें देवता का दर्जा दिया। इस लिए कुल्लू का देवभूमि नाम प्रचलित हुआ होगा। कुल्लू में प्रचलित कुछेक गाथायें इस ओर संकेत भी करती हैं। मनाली नाम के प्रसिद्ध नगर का सम्बन्ध आर्य ऋषि मनु से बताया जाता है जिसकी स्मृति में वहां एक मन्दिर भी बना हुआ है। कुल्लू की प्रसिद्ध देवी हिडम्बा को पांडव पुत्र भीम की पत्नी कहा जाता है। मलाना नामक वादी का प्रसिद्ध देवता जमलू भी कुछेक गाथाओं के अनुसार आर्य-ऋषि जमदग्नि ही है। ऐसी भी दन्त कथा है कि पांडवों के बनवास समय अर्जुन ने कुल्लू के बिजली महादेव के मन्दिर में शिवजी की उपासना की थी। इस प्रकार की गाथाओं से इतना स्पष्ट है कि लगभग महाभारत काल में कुछेक आर्य ऋषियों ने कुल्लू में निवास किया था। चीनी यात्री ह्यूनस्यांग के यात्रा वर्णन के अनुसार सम्राट् अशोक ने कुल्लू वादी में महात्मा बुद्ध का स्तूप बनवाया था तथा वह स्तूप उपर्युक्त यात्रा वर्णन के अनुसार ह्यूनस्यांग के समय तक वर्तमान था। व्यासवादी के उत्तरी भाग में तिब्बत के लामों का राज्य भी कुछ समय के लिए रहा है, परन्तु स्थायी न हो सका था क्योंकि तिब्बती लोग आठ हज़ार फुट से कम ऊंचाई वाले स्थान पर अपनी सहज प्रकृति के अनुसार नहीं रह सकते। कुल्लू के लोकगीत इस प्रकार की धार्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिक परिवर्तनों को अपने अन्दर छिपाए हुए हैं। इन्हीं परिस्थितियों के कारण वहां के आदि वासियों में देश-प्रेम की भावना सर्वव प्रबल रही। एक प्रसिद्ध लोकगीत की पंक्तियां हैं —

देशा देशा न सोभला,
देश कुल्लू रा प्यारा।
धार्सें सी एइर्दे तितरू चाकरू,
ए बगीचड़ू म्हारा।

अर्थात् कुल्लू सब देशों से सुन्दर देश है, यह हमारा उद्यान है और हम इसके पक्षी हैं। पक्षियों का अपने घोंसले के साथ प्यार काव्य जगत में देश प्रेम का उपमान समझा जाता है। इस भावना को लोक-गीत की कला ने सहज में ही अभिव्यक्त कर दिया है। इसी प्रकार कांगड़ा में भी देश-प्रेम का गीत प्रचलित है—

नी मेरा देश कांगड़ा न्यारा,
डूग्गी डूग्गी नदियां थक सैली सैलो धारां।
थो सैली सैली धारां॥
छैले छैले गबरू थक बांकियां नारां,
थो बांकियां नारां।

पंचनद की पहाड़ियों में स्थित कांगड़ा जन-पद भारत मां का गौरव-सीमा-मंडितभाल ही है। यह जन-पद देव भूमि है, तपो भूमि है, वीर भूमि है। पुराणों ने इसकी महिमा के गीत गाए हैं। महाभारत ने इस जनपद के वीरों की वीरता को सराहा है।

प्रकृति की अनुपम छटा, चित्र लिखित से मनोहारी दृश्य, रंग-बिरंगे पुष्प चित्रकार बनने की प्रेरणा देते हैं। यहां प्रकृति की ऐसी मनमोहनी छटा है कि संवेदनशील हृदयों में कवि सुलभ भावों का स्फुरण होने लगता है। यहां की नद नद करती नदियां, छल छल करती धाराएं और झर झर करते झरने यहां के निवासियों को संगीत सुनाते हैं।

कांगड़ा लोक गीतों की निजी विशेषता है कि इन में सांस्कारिक गीतों की प्रधानता है। अधिकतर संख्या स्त्रियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर गाए जाने वाले गीतों की ही है। जन्म के गीत 'हसणू खेलणू' कहलाते हैं। इन गीतों में बालकृष्ण, यशोदा और नन्द तथा बालकराम कौशल्या और दशरथ को प्रतीकरूप में रखा जाता है।

अन्य शुभ संस्कारों अन्न प्राशन, मुण्डन, यज्ञोपवीत और विवाह के अवसर पर स्त्रियां गीत गाती हैं। भजन तो सभी मांगलिक कार्यों में गाये जाते हैं। अवसरोचित सभी गीतों को जानने वाली स्त्री अन्य स्त्रियों से उचित सम्मान भी पाती है।

इस के अतिरिक्त मेलों में जाती हुई, किसी देवी-देवता की यात्रा पर जाती हुई, खेतों में काम करती स्त्रियां भी गीत गाती हैं।

कुमारी कन्याएं चैत्र मास में शंकर पार्वती का पूजन करती हैं। उनके अपने गीत होते हैं।

कांगड़ा-कला—एक अनमोल रत्न

श्री आनंद कुमार स्वामी ने कांगड़ा चित्रकला की बहुत महिमा गाई है। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "राजस्थानी पेंटिंग" में कांगड़ा चित्रकला को राजस्थानी चित्रकला के अन्तर्गत रखा है। आजकल इसे हिमाचल चित्रशैली के नाम से भी पुकारा जाता है।

कुमार स्वामी की हो परख का परिणाम है कि कांगड़ा चित्रशैली के आनन्द और रस से भारत हो नहीं विश्व परिचित हुआ है, नहीं तो यह अनमोल रत्न अनजाना ही पड़ा रहता।

हिमालय की गोदी में पली रंग और रेखा के सहारे मन के भावों को साकार बनाने वाली यह सुकुमार कांगड़ा सचमुच मोहिनी है जो हमारे मनों को हर लेती है और दूर ले जाती है किसी कांतिमय जगत में। इसकी मिठास और इसकी सुनाई मन में कुछ ऐसा जादू चलाती है कि इसकी तस्वीर हटाए नहीं हटती। यह मोहिनी आज ब्रिटिश म्यूज़ियम में बैठी कितने ही कला पारखियों के रसात्मक हृदयों को तरंगित करती है। तस्वीरें देखते जी अघाता नहीं, ऐसा लगता है कि हमारा अपना मन ही सहज रूप में उभड़कर कागज पर बिखर गया हो। यह निष्कपट है इसमें बनावट नहीं।

इसकी प्रत्येक रेखा में नारी है, उसके अन्तर्यामी भाव, उसका बारहमासी जीवन, उस के मन का माधुर्य, उसके मुख की कांति, और उसके शरीर का लावण्य। नारी की सुषमा के ऐसे मुंह बोलते चित्र किसी और शैली में शायद नहीं मिलते होंगे। इसका समूचा प्रभाव भी कुछ ऐसा है कि पुरुषों का अस्तित्व ही नारी को निखारने, उसे विकसित करने, उसे सिंगारने संवारने और उसकी रक्षा करने के लिए है, नारी जीवन की चांदनी है इसके बिना पुरुष के जीवन की धूप उसे झुलसा दे। इस चांदनी और धूप के मेल का नाम ही प्यार है: प्यार से जीवन में विचित्रता आती है। आधी मुस्कान के चारों ओर लिपटी आहों और आंसुओं की भीड़भड़क्के वाली जिंदगी की मुसीबतें इसी विचित्रता के सहारे झेली जाती हैं। कांगड़ा कला में ये सब भाव साकार हैं।

सूर, बिहारी, मतिराम और पद्माकर सब की नायिकाएं यहां चित्रलिखित हैं। राधा-कृष्ण की उपमान-योजना के माध्यम से ही प्यार के सामान्य भावों को व्यक्त किया गया है। राधा-कृष्ण लीला के अतिरिक्त कांगड़ा चित्रशैली में रामायण, महाभारत, सावित्री-सत्यवान और नल-दमयंती आदि कथाओं पर आधारित चित्र भी उपलब्ध होते हैं।

कांगड़ा चित्रकला का आरंभ बसौली चित्रकला से १७वीं-१८वीं सदी में हुआ था। बसौली, कांगड़ा और चम्बा के मध्य रावी के किनारे एक नगर था, जो आज कल एक गांव मात्र ही रह गया है। बसौली कलम में कुछ रूखापन, कुछ जोश था, कुछ ग्रामीणता थी, सीधी-सादी दौड़ती हुई रेखाओं में फड़कते हुए सादे रंग हैं। यही कला कांगड़ा के महाराजा संसार चन्द (१७७४-१८२३) के राज्यकाल में आकर अपनी चरमसीमा को पहुंची।

"कांगड़ा चित्रशैली भारत में कलात्मक
सौंदर्य सृष्टि की अनुपम निधि है।"

[डा० अग्रवाल]

"कांगड़े की कला एक बड़े भारी आत्मिक उत्थान का परिणाम है। कांगड़े की कला का उत्तर भारत के जीवन के साथ बड़ा गहरा सम्बन्ध है। यह हिन्दू धर्म के आत्मिक और साहित्यिक पुनर्जन्म की प्रतीक है"।

[डा० महेन्द्र सिंह रंधावा]

कांगड़ी उपभाषा का व्याकरण

संज्ञा

खड़ी बोली (हिन्दी) की तरह ही कांगड़ी बोली में भी दो प्रकार के संज्ञा शब्द हैं, पदार्थ वाचक और भाव वाचक ।

पदार्थ वाचक संज्ञा शब्द ..	संसार चन्द, मा:णू (मनुष्य)
	भागसू (स्थान विशेष)
	ग्रां (ग्राम), सोइना (सोना), टोली आदि आदि ।
भाव वाचक संज्ञा शब्द ..	भले-आई (भलाई)
	बुरे-आई (बुराई)
	जलनी-चपनी (क्रोध)
	आदि आदि ।

२. पदार्थ वाचक संज्ञा शब्दों में वचन, लिंग और कारक तीन कारणों से रूपांतर होता है और भाव वाचक संज्ञा शब्दों में वचन और कारक दो कारणों से ।

पदार्थवाचक संज्ञा शब्दों में रूपांतर :—

(क) आकारांत :—

१—घोड़ा दोड़ेआ	घोड़ा दौड़ा ।
२—घोड़े दोड़े	घोड़े दौड़े ।
३—घोड़े जो दौड़ना चाहिदा	घोड़े को दौड़ना चाहिए ।
४—घोड़ेआ जो दौड़ना चाहिदा	घोड़ों को दौड़ना चाहिए ।

(ख) अन्य पुलिंग :—

१—हाथी आया	हिन्दी में भी बिल्कुल यही रूप है
२—हाथी आए	(हिन्दी में भी बिल्कुल यही रूप है)
३—हाथी-ए पुर राजा बैठे-ए-ओ	हाथियों पर राजे बैठे हुए हैं ।

(ग) ईकारांत स्त्री लिंग :—

१—बकरी गई	बकरी गई ।
२—बकरीयां गईयां	बकरियां गईं ।
३—बकरीआ जो बन्ह्	बकरी को बांध ।
४—बकरीआं जो बन्ह्	बकरियों को बांध ।

(घ) अन्य स्त्रीलिंग :—

१—रात न्हेरी ऐ	रात अन्धेरी है ।
२—रातां न्हेरियां न	रातें अन्धेरी हैं ।
३—राती-जो भ्रौणा	रात को घूमना ।
४—न्हेरीआं रातां च नी चलना चाहिदा	अन्धेरी रातों में नहीं चलना चाहिए ।

हिन्दी भाषा की तरह ही कांगड़ी उप-भाषा में भी दो प्रकार के लिंग हैं—स्त्रीलिंग और पुलिंग । साधारणतः स्त्री जाति से सम्बन्धित संज्ञा-स्त्रीलिंग की द्योतक हैं और पुरुष-जाति से सम्बन्धित पुलिंग की । प्रायः आकारांत और उकारांत शब्द पुरुष वाचक हैं तथा ईकारांत स्त्री-वाचक :—

पुलिंग	स्त्री लिंग
ओबरा (कमरा)	ओबरी
जवरा (बूढ़ा)	जवरी

बिट्टा (बेटा)	बिट्टी
मुन्नू (बच्चा)	मुन्नी
घरोटू (पतीला)	घरोटी
बच्चू (लड़का)	बच्ची

जहां पुलिंग ईकारांत हो वहां स्त्री लिंग प्रायः ई को हटा कर 'न' या 'नी' लगाने से बनाते हैं ।

तेली	तेलन
धोबी	धोबन
डागी (अनुसूचित जाति का एक वर्ग)	डागन
माली	मालन

वचन

हिन्दी की तरह ही कांगड़ी में दो वचन हैं:—
एक वचन और बहु-वचन ।

पुलिंग शब्दों के वचन

एकवचन		बहु वचन	
प्रथमा	सामान्य	प्रथमा	सामान्य
घोड़ा	घोड़ें	घोड़े	घोड़ेयां
घर	घरे	घर	घरां
डंगू	डगूंए	डंगू	डंगूए
बच्चा	बच्चे	बच्चा	बच्चां

स्त्रीलिंग शब्दों के वचन

एक वचन		बहुवचन	
प्रथमा	सामान्य	प्रथमा	सामान्य
बिट्टी	बिट्टीआ	बिट्टीआं	बिट्टीआं
जुणास	जुणासा	जुणासां	जुणासां
माऊ	माऊआ	माऊआं	माऊआं
खड्ड	खड्डा	खड्डां	खड्डां
रात	राती	राता	रातां
हत्थ	हत्थी	हत्थीं	हत्थीं
बहन	बहनी	बहनीं	बहनीं
पिट्ठ	पिट्ठी	पिट्ठीं	पिट्ठीं
बख	बखी	बखीं	बखीं

कारक, विभक्ति और परसर्ग

१- कारक:

'कारक' की परिभाषा के बारे में विद्वानों में मतभेद हैं । कुछ विद्वानों का कहना है कि क्रिया के साथ जिस का सम्बन्ध हो, उसे ही कारक कहते हैं । परन्तु कामता प्रसाद गुरु और डा० धीरेन्द्र वर्मा इस मत को नहीं मानते, उनका कहना है संज्ञा (या सर्वनाम) के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकाशित होता है, उस रूप को कारक कहते हैं (कभी-कभी उस सम्बन्ध को भी कारक कह देते हैं) ।

२. कारकों द्वारा व्यक्त किए जाने वाले व्याकरणिक सम्बन्ध कई प्रकार के हैं । संस्कृत वैयाकरणों ने उनके आठ प्रकार गिनाए हैं, इस लिए संस्कृत व्याकरण में आठ कारक हैं, कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण और सम्बोधन ।

३. संस्कृत एक रूपांतरशील भाषा है इसलिए संस्कृत में कारक और विभक्ति को एक माना गया है । परन्तु हिन्दी आदि वियोगात्मक (Complex mixed Rational Fusional Analytic) भाषाओं में कारक और विभक्ति को अलग अलग माना गया है । यहां आकर कारक का अर्थ 'अन्य शब्द के साथ संज्ञा या सर्वनाम का सम्बन्ध हो गया है, और उस सम्बन्ध को प्रकाशित करने वाले संज्ञा के रूपांतर को विभक्ति कहते हैं ।

४. चूंकि एक विभक्ति एक से अधिक कारकों में इस्तेमाल होती रही, इसलिए संज्ञा के विभिन्न कारकों में प्रयुक्त रूपों का बोध कराने के लिए संज्ञाओं के उपरांत अलग से कुछ विभक्त्यार्थक शब्द जोड़ने पड़े । इन्हें ही परसर्ग कहा जाता है ।

५. रूप के अनुसार कांगड़ी में निम्नलिखित विभक्तियां पाई जाती हैं:—

१. प्रथमा उद्देश्यबोधक
२. द्वितीया कर्मबोधक
३. सामान्य तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, और सप्तमी ।
४. सम्बोधन बुलाने के लिए ।

उदाहरण:—

प्रथमा	घोड़ा दौड़ेगा	घोड़ा दौड़ा ।
द्वितीय	तुसां कताबा पढ़ायं	आप किताब (को) पढ़िये ।

सामान्य:—

१. रामें सौगी सीता बनवासे-श्रो गई	राम के साथ सीता बनवास के लिए गई ।
२. सीता ताईं रामें रावणे जो मारेआ	सीता के लिए राम ने रावण को मारा ।
३. सुगरीव बालिये ते 'लग होई गेआ	सुग्रीव बाली से अलग हो गया ।
४. रामे रा (दा) भाई लछमन बड़ा वीर था	राम का भाई लक्षमन बड़ा वीर था ।
५. कताबा मेजे पुर रखिदे	किताब मेज पर रख दे ।

सम्बोधन:—

जागतो, म्हारियां वातां सुनो .. बच्चो, हमारी बातें सुनो ।

६. उद्देश्य और कर्तृपद :—

उद्देश्य की सदा प्रथमा विभक्ति होती है, परन्तु कर्तृपद के लिए यह आवश्यक नहीं, उदाहरण:—

उद्देश्य (प्रथमा में):—लाड़ी झूंड कढदी ऐ	बहू घूंघट निकालती है ।
कर्तृपद (द्वितीया में):—लाड़िया जेठे ते झूंड कढेआ	बहू ने जेठ से घूंघट निकाला ।
कर्तृपद (चतुर्थी में):—तुसां जो दान करना चाहीदा	आप को दान करना चाहिए ।
कर्तृपद (षष्ठी में):—एह सारे पठंग मेरे कीते ओं न	ये सारे उल्ट फेर मेरे किए हुए हैं ।
कर्तृपद (कर्तृबोधक वाक्यांश के रूप में):—किसनीश्रा ब्याह कराइ लेआ	कृष्णा ने विवाह करवा लिया ।

(विशेष:—किसनीश्रा (कृष्णा ने) प्रथमा नहीं, कर्तृबोधक है)

कर्तृपद (तृतीया में):—सुभाषे ते एह कम्म नीं हूणा — सुभाष से यह काम नहीं होगा ।

७. कुछेक अवस्थाओं में कांगड़ी में हिन्दी की तरह ही प्रथमा तथा द्वितीया के रूप समान हो गए हैं,

उदाहरण:—

	प्रथमा	द्वितीया
कांगड़ी	पढ़ना इक गुण ऐ	मैं पढ़ना सिखान्दा ।
हिन्दी	पढ़ना एक गुण है	मैं पढ़ना सीख रहा हूं ।
कांगड़ी	तिसा दी जीभ कैंचिया साईं चलदी ऐ	तुसां तां तिसा री जीभ पकड़ि लई ।
हिन्दी	उसकी ज़बान कैंची के समान चलती है	आपने तो उसकी ज़बान पकड़ ली है ।

८. कांगड़ी के परसर्ग—:

(क) भूतकालिक कृदन्त में कर्तृबोधक 'ने' का प्रयोग कांगड़ी में नहीं होता। कर्तृपद दिखाने के लिए संज्ञा में ही विभक्ति हो जाती है, जैसे:—

रामें चिट्ठी लिखो—राम ने चिट्ठी लिखी।

(ख) हिन्दी 'को' के स्थान पर कांगड़ी में 'जो' का प्रयोग होता है, जैसे:—

बिट्टिया जो बुखार है	बेटी को बुखार है।
मुंडूआं जो पढ़नां चाईदा	लड़कों को पढ़ना चाहिए।
एह कागद सुलोचना जो दई देंओं	यह कागज सुलोचना को दे देना।
कताबां जो गंदा मत करा	किताबों को गंदा मत कीजिए।

(ग) हिन्दी 'के साथ' के स्थान पर कांगड़ी में 'कनैं' का प्रयोग होता है (कनैं का प्रयोग "और" के लिए भी होता है) उदाहरण:—

तेरे कनैं कुण था.	तेरे साथ कौन था।

(घ) 'कनैं' (के साथ) के अर्थ में 'सौगी' का प्रयोग भी होता है, जैसे:—

मेरिया सौगी चैल	मेरे साथ चल।

(ङ) हिन्दी 'से' के स्थान पर कांगड़ी में 'तें' का प्रयोग होता है, जैसे:—

सीला ते नीं चलींना	शीला से नहीं चला जाएगा।

(च) हिन्दी के तुलनात्मक 'से' के स्थान पर कांगड़ी में 'ते' के अतिरिक्त 'कन्नों' का प्रयोग भी होता है, जैसे:—

सरला कन्नो ऊसा खरी ऐ	सरला से उषा अच्छी है।

(छ) हिन्दी 'में' के स्थान पर कांगड़ी में 'च' का प्रयोग होता है, जैसे:—

मेरा डेरा शहरे 'च ऐ	मेरा मकान शहर में है।
ए' सबक मैं तिनां दिनां' च लिखया	यह पाठ मैंने तीन दिनों में लिखा।

(ज) हिन्दी 'पर' के स्थान पर कांगड़ी में 'पुर' का प्रयोग होता है, जैसे:—

रुक्खे पुर कुण चढ़ै	वृक्ष पर कौन चढ़े।
मूर्ता जो छाला पुर टुंगी दे	तस्वीर को दीवार पर लटका दे।

(झ) हिन्दी, 'का' के स्थान पर कांगड़ी में दो शब्दों का प्रयोग होता है, पूर्वी कांगड़ी में 'रा' का और पश्चिमी में 'दा' का। उदाहरण:—

पूर्वी कांगड़ी	तिस-रा भाई	उस का भाई।
पश्चिमी कांगड़ी	तिस दा भाई	उस का भाई।

नोट :—इन परसर्गों के अतिरिक्त कुछेक परसर्ग क्रियाविशेषण के रूप में भी प्रयुक्त होते हैं. उनका उल्लेख हम उसी प्रसंग में करेंगे।

सर्वनाम

कांगड़ी में निम्नलिखित सर्वनाम हैं :—

१. पुरुष वाचक .. हौं, मैं, असां, तूं , तुसां, सैः, एह, ओह ।
२. निजवाचक .. अपूं ।
३. निश्चय वाचक .. सैः, एह, ओह ।
४. अनिश्चय वाचक .. कोई, कुना ।
५. सम्बन्ध वाचक .. जो, सो ।
६. प्रश्न वाचक .. कुण, क्या ।

(1) पुरुष वाचक सर्वनामों में हिन्दी की तरह ही लिंग के अनुसार कोई परिवर्तन नहीं होता, जैसे :—

(कांगड़ी)

मैं गया	(पुलिंग)
मैं गई	(स्त्रीलिंग)
तू गया	(पुलिंग)
तू गई	(स्त्रीलिंग)
सैः गया	(पुलिंग)
सैः गई	(स्त्रीलिंग)

सर्वनाम के पुलिंग या स्त्रीलिंग होने का निश्चय क्रिया के रूप से ही होता है।

कांगड़ी सर्वनामों में विभक्ति जुड़ने पर वह अलग नहीं रहती, जैसे :—

कर्तृ कारक कांगड़ी—मैं (हौं ने), तैं (तू ने), तिनी (सैः ने) ।

हिन्दी—मैं ने, तू ने, उस ने

कर्म और सम्प्रदान कारक कांगड़ी—मिजो (मैं जो), तिज्जो (तू जो), तिहजो (सैः जो) ।

हिन्दी—मुझ को, मुझे, मेरे लिए, तुझको, तेरे लिए, उसको, उसे, उसके लिए ।

सम्बन्ध कारक कांगड़ी—मेरा, म्हारा, तेरा, तुहांरा (तुम्हारा), तेसरा, तिनारा ।

हिन्दी—मेरा, हमारा, तेरा, तुम्हारा, उसका, उनका ।

विशेष :—१. कांगड़ी बोलियों में अन्य पुरुष के एक से अधिक रूप प्रचलित हैं, इसलिए इसके विकारी रूप एक से अधिक हैं, जैसे, कर्म और सम्प्रदान कारक में उहजो, उसजो तिहजो, तिसजो, उन्हांजो, न्हजो, तिनाजो, सम्बन्ध कारक में 'उसरा', 'तेसरा', 'तिसरा', परन्तु बहुवचन में केवल 'तिनारा' है।

२. सम्बन्ध कारक की विभक्ति 'रा रे', री, के अलावा दा, दे, दी और ड़ा, ड़े, ड़ी भी है, परन्तु उत्तम पुरुष एक वचन और मध्यम पुरुष एक वचन में ये विभक्तियां नहीं लगतीं। इस प्रकार के कुछ उदाहरण :—

निम्न कांगड़ी में—१. म्हाड़ा, साड़ा (हमारा) तुहाड़ा (तुम्हारा)

इन शब्दों का 'ड़' राजस्थानी उच्चारण वाला है और 'र' का ही मूर्धन्यीकृत रूप है। इनका उच्चारण पंजाबी के इन शब्दों के 'ड़' से बहुत अलग है।

२. इसी तरह असांदा, तुसांदा, तिसदा, उसदा आदि सर्वनाम भी निम्नकांगड़ी में प्रचलित हैं।

विशेषण

विशेषण शब्दों का रूपांतर इस तरह से होता है।

१. आकारांत—

खरा बिट्टा	.. (अच्छा बेटा)
खरे बिटे जो	.. (अच्छे बेटे को)
खरे बिट्टे	.. (अच्छे बेटे)
खरेआं बिट्टेआ जो	.. (अच्छे बेटों को)

२. ईकारांत

खरी बिट्टी	..	(अच्छी बेटी)
खरीआं बिट्टीआं जो	..	(अच्छी बेटी को)
खरीआं बिट्टीआं	..	(अच्छी बेटियां)
खरीआं बिट्टीआं जो ?	..	(अच्छी बेटियों को)

३. नियम रूप से यह कहा जा सकता है कि आकारांत विशेषण शब्दों का रूपांतर आकारांत पुलिंग संज्ञा शब्दों की तरह होता है और ईकारांत विशेषण शब्दों का ईकारांत संज्ञा शब्दों की तरह तथा ये दोनों प्रकार के विशेषण शब्द विशेष्य शब्दों के लिंग, वचन और कारक के अनुसार बदलते हैं।

४. शेष विशेषण शब्दों में रूपांतर नहीं होता, जैसे लाल घोड़ा, लाल घोड़े, लाल घोड़ी, लाल घोड़ियां।

क्रिया

कांगड़ी में क्रिया धातु के दो रूप हैं—मूलधातु और यौगिक धातु।

मूलधातु अपने आप में स्वतंत्र और पूर्ण होती है, उसमें प्रत्यय आदि लगाने की आवश्यकता नहीं होती। कांगड़ी मूल धातुओं के उदाहरण :—

खा, पी, उठ, चल, कर।

यौगिक धातु के तीन भेद हैं :—

(क) मूलधातु के साथ प्रत्यय जोड़कर बनने वाली क्रिया है, जैसे प्रेरणार्थक क्रियाएं।

उदाहरण :—

खाणा से खुआणा

पीणा से पिआणा

रोणा से रूआणा

(ख) संज्ञा शब्दों में प्रत्यय जोड़कर बनने वाली क्रियाएं, जैसे :—

सुधार से सुधरना

डर से डरना

(ग) एक धातु से दूसरा धातु जोड़ कर बनने वाली संयुक्त क्रिया, जैसे :—

सिखिलैणा—सीख लेना

पढ़िलैणा—पढ़ लेना

चलि जाणा—चले जाना

ढेई पौणा—गिर पड़ना

काल रचना

हिन्दी की तरह कांगड़ी में भी तीन काल और उनके अलग अलग भेद हैं :—

वर्तमान काल

(क) सामान्य वर्तमान :—

सैः पढ़दा ऐ—वह पढ़ता है।

सैः पढ़दे न—वे पढ़ते हैं।

मैं करदा दा—मैं करता हूं।

तूं लिखदें—तू लिखता है।

(ख) तात्कालिक वर्तमान :—

सैः करा दा—वह कर रहा है।

मैं करादा—मैं कर रहा हूं।

तूं क्या करादा—तू क्या कर रहा है।

(ग) संदिग्ध वर्तमान :—

सैः करदा हुना—वह करता होगा।

सैः डाः च पढ़दा हुना—वह इस समय पढ़ता होगा।

भूतकाल

सामान्य भूत

सै: आया	वह आया ।
तिनो पत्र पढ़ेआ	उस ने पत्र पढ़ा ।
मैं कताब लिखी	मैंने किताब लिखी ।
तैं एह् गलती कैं कीती	तू ने यह गल्ती क्यों की ।

आसन्न भूत :—

सै : आया ऐ	वह आया है ।
सै : आए् आ	वह आया हुआ है ।
सै: गेआ 'ऐ	वह गया है ।
सै: गे 'आ	वह गया हुआ है ।
दुद्ध कुणी पीतो ऐ?	दूध किस ने पिया है ?

संदिग्ध भूत :—

सै: आया हुना	वह आया होगा ।
सै: आए ' आ हुना	वह आया हुआ होगा ।
तिनी चिट्ठी पढ़ी हुनी ऐं	उसने चिट्ठी पढ़ी होगी ।

पूर्णभूत :—

शीला आई थी	शीला आई थी ।
तिनी गलेआ हा	उस ने कहा था ।
बरसाती मतीमारी बरखा पई थी	बरसात में बहुत वर्षा हुई थी ।

अपूर्णभूत :—

मैं आंदा हा, कम्म करदा हा	मैं आता था, काम करता था ।
तूं चिट्ठियां लिखदा हा	तूं चिट्ठियां लिखता था ।
सै: टैप करदी थी	वह टाइप करती थी ।
इसी चाला टैम बीति जांदा हा	इसी तरह टाइम बीत जाता था ।

हेतुहेतुमद्भूत :—

जे तूं पढ़दा तां पास होई जांदा	यदि तूं पढ़ता तो पास हो जाता ।
जे स्याणेआं दी गलाई मनदा तां जत्तुआं ना भनादा	यदि स्यानों का कहा मानता तो जूते न तुड़वाता ।

भविष्यत् काल

सामान्य भविष्यत् :—

सै: पढ़गा	वह पढ़ेगा ।
हौं जांगो	मैं जाऊंगा ।
तेरा कम्म हौंकरगा	तेरा काम मैं करूंगा ।
सै: हुश्यारपुरे तै कनक लैंऊंगा	वह होशियारपुर से गेहूं लाएगा ।

सम्भाव्य भविष्य :—

जे सै आओएता तिस जो गलाणा	यदि वह आए, तो उसे कहना ।
जे तुसां आओ आ तां मिजो कताब लई आनेओं	यदि आप आएं, तो मेरे लिए किताब ले आएं ।

कृदन्त और निरपेक्ष

कृदन्त

वर्तमान कालिक कृदन्त :—

खिलदे फुल्ल मत तोड़ा	खिलते फूल मत तोड़िए ।
बगदा पानी साफ हुंदा ऐ	बहता पानी साफ होता है ।
चलदिया मोटरैं पुर ना चढ़	चलती बस पर न चढ़ ।
तिनी चलदे चलदे गलेआ ।	उसने चलते ए कहा ।

भूतकालिक कृदन्त

पढ़े-ओ लिखे-ओ जो कुण समझै-ए	पढ़ेलिखे को कौन समझाए ।
मैं इक मोए-आ बाघ दिखे-आ	मैंने एक मरा हुआ चीता देखा ।
हौं तंग आइ गेआ बैठा बैठा	मैं तंग आ गया हूं बैठा बैठा ।

निरपेक्ष

दिखि करी चल	देख कर चल ।
रोटी खाई कै चलगे	रोटी खाकर चलेंगे ।
दौड़ी नैं आ	दौड़कर आ ।

संयुक्त क्रियापद

हिन्दी आदि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की तरह कांगड़ी में भी क्रियापदों के साथ संज्ञा और कृदन्तीय पदों के मेल से संयुक्त क्रियापद बनाए जाते हैं जिन्हें संयुक्त क्रियापद कहते हैं। संयुक्त क्रियापद मिलकर एक ही अर्थ का प्रकाशन करते हैं। क्रियापद सहायक होता है, वह संज्ञा और कृदन्तीय पद की विशेषता आदि द्योतित करता है। संयुक्त क्रियापदों से भाषाओं में एक नई शक्ति और स्फूर्ति आती है।

संयुक्त क्रियापदों के कुछ उदाहरणों का वर्गीकरण करके इस तरह लिखा जा सकता है :—

१. प्रारम्भिकता बोधक—

सैः बोलन लगेआ	वह बोलने लगा ।

२. इच्छाबोधक—

हौं जाना चाहंदा	मैं जाना चाहता हूं ।

३. सामर्थ्य बोधक—

सैः इस कम्मे करि सकदा ऐ	वह इस काम को कर सकता है ।

४. अनुमोदन बोधक—

तिसजो जाना देआ	उसे जाने दें ।

५. निशदता बोधक—

सैः इक सेर नाज खाइगेआ	वह एक सेर अनाज खा गया ।

पदक्रियाविशेषण

सामान्य क्रिया-विशेषण शब्द हैं :—

- इब, हुण (अब के लिए)
- जाहलू, जाहल, जद् (जब के लिए)
- काहलू, काहल, कद् (कब क लिए)
- कदीं (कभी)
- इत्थू, इत्थी (यहां के लिए)
- कुत्थू, कित्थी (कहां „ „)
- जित्थू, जित्थी (जहां „ „)
- तित्थू, तित्थी (तहां „ „)
- इत्हां, (इधर „ „)
- कित्हां, कुत्हां (किधर „ „)
- जित्हां (जिधर „ „)
- किआं (किस तरह, कैसे)
- जिआं (जिस तरह, जैसे)
- कैं (क्यों)

(२) समय बोधक क्रिया-विशेषण—

अज, कल, परसूं, नित (प्रतिदिन) भाद, म्यागा (सवेरे)

दोषी (सवेरे), तड़के (तड़के), भिरी (फिर), मती बरीं (प्रायः)

(३) स्थान बोधक क्रिया-विशेषण शब्द—

ग्हां-पखां (आगे-पीछे)। नेड़ै (निकट)। परेडै (दूर)

दोंएं-बौंएं (दहिने-बाएं)। सज्जें-खबें (दहिने-बाएं)

गास (ऊपर), मुन्ह (नीचे), परां: (उस पार) रोआं: (इस पार)

(४) रीतिबोधक क्रिया-विशेषण-शब्द

चानचक (अचानक), छौहें-छौंहें (जल्दी-जल्दी)

कांगड़ी उपभाषा की भाषा-शास्त्रीय विशेषताएं।

पहले पृष्ठों में किए गए विवेचन के आधार पर कुछ बातों का स्पष्ट उल्लेख इस तरह किया जा सकता है :—

कांगड़ी उपभाषा की स्थिति पश्चिमी पहाड़ी के मंडियाली पुर और चम्बियाली गुप के मध्य में है। इस पर सामने के मैदानी इलाके जालंधर द्वाब की पंजाबी बोली का काफी प्रभाव है। इसके अतिरिक्त इसे राजस्थान की पूर्वी बोलियों विशेषतया मेवाती से भी प्रभावित माना जाता है। दोनों में स्थान की दूरी भले ही है, परन्तु किन्हीं ऐतिहासिक कारणों से (आबादी के स्थानांतरण से) यह प्रभाव घटित हुआ होगा।

यह उकार-बहुला भाषा है। प्राचीन साहित्य में उकार-बहुला अपभ्रंश का उल्लेख आता है, जिसका स्थान निश्चित नहीं हो पाया है, परन्तु इतना अनुमान लगाया गया है कि यह अपभ्रंश उत्तरापथ—सतलुज और सिंधु घाटियों के मध्य ही था।

अंग्रेजी साम्राज्य तक इस उप-भाषा की लिपि टाकरी रही है, जिसे पहाड़ी महाजनी भी कहा जाता है, परन्तु आजकल नागरी लिपि का प्रयोग आम हो रहा है।

इस की स्वर ध्वनियां हिन्दी की स्वर ध्वनियों की तरह ही हैं, परन्तु व्यंजन ध्वनियों में से सघोष महाप्राण ध्वनियां हिन्दी और पंजाबी दोनों से ही पृथक् है, अर्थात् घ, झ, ढ, ध और भ का उच्चारण संघोष तो अवश्य है परन्तु उन में महाप्राणता नाम मात्र की है, ऐसी महाप्राणता को कुछ भाषा वैज्ञानिकों ने केवल संगीतात्मक स्वराघात कहा है।

इसी तरह 'ह' के कांगड़ी उच्चारण में महाप्राणता नाम मात्र की है। कांगड़ी में 'हरि' शब्द का उच्चारण हिन्दी "हरि" और "अरि" के मध्य का सा होता है। तिब्बत की भोटी भाषा की लिपि में इस प्रकार की ध्वनि के लिए एक अलग वर्ण है।

राजस्थानी की भांति दन्त्य 'न' की बजाए मूर्धन्य 'ण' का प्रयोग अधिक होता है।

तालव्य संघर्षी नासिक्य (Palatal Fricative Nasal)

(यं) के स्थान तालव्य स्पर्शी नासिक्य (Palatal Stop Nasal

(ञ) का प्रयोग अधिक होता है।

सर्वनाम शब्दों की दृष्टि से कांगड़ी में भाषासीमाओं की विभिन्न रेखाएं हैं, पालमपुर की बोली में सर्वनाम शब्द हिन्दी नुमा है और देहरा की तहसील में पंजाबी नुमा।

भूतकालिक सहायक क्रिया हिन्दी की तरह था, थे, थी है पंजाबी की तरह सी, सन नहीं।

भूतकालिक कृदंत बनाते समय हरियाणवी अथवा दक्खनी हिन्दी की तरह ही कांगड़ी में 'आ' लगाने से पहले 'ए' का आगम होता है, जैसे लिख धातु से हिन्दी लिखा बनेगा, परन्तु कांगड़ी में लिख्—आ लिखेआ, उच्चारण में 'ए' का उच्चारण ह्रस्व हो जाता है।

हरिचन्द पाराशर

शब्द-संग्रह

(दूसरा भाग)

शब्द	व्याकरण		अर्थ
			अ
अंग	पु०	(कां)	सम्बन्ध (कुल्लुकी में आँग-बाजू) (सगे सम्बंधी के लिए प्रयुक्त होता है) प्रयोग— बड़कें बोलयेआ, तू मेरा अंग ऐं, बक्ख होइ कन्ने क्या लैणा । बड़े भाई ने कहा, तू मेरा सगा सम्बन्धी है, अलग हो कर क्या लाभ ।
अंग-मलावा	क्रि०	(कां)	आलिंगन, शरीर के अंगों का मिलना । प्रयोग—प्रीत नैन-मलावे ने पौंदी ऐ, कनै अंग-मलावे ने मुकि जांदी ए । प्यार आंखों के चार होने के साथ आरम्भ होता है और संभोग के साथ समाप्त हो जाता है ।
अंगी	अ०	(का)	अलग, जुदा । प्रयोग—मुन्नुएं गलाया मैं अंगी होई रहणा । बच्चे ने कहा मैं अलग ही हो रहूँगा ।
अंगसाक	पु०	(कां)	सम्बन्धी, रिश्तेदार ।
अंगुलट्टूक	पु०	(कां)	एक कीट विशेष जो बरसात में निकलता है और पांव की अंगुलियों में डंक मारता है ।
अंगू	पु०	(कां)	पहाड़ में प्रचलित एक पुराने किस्म की कमीज ।
अंजना	क्रि०	(कां)	दो विभिन्न अनाजों के दानों को अलग करने की प्रक्रिया ।
अंडा	पु०	(कां)	मिट्टी का बरतन, मुर्गी का अंडा ।
अंडला	पु०	(कां)	अंजुलि भर ।
अन्दाड़	पु०	(कां)	पांच छः मकानों के अन्दर का खाली आंगन । पांच-छः घरों के मुहल्ले का सांझा आंगन ।
अन्दाड़ी	स्त्री०	(कां)	रिहायशी मकान के पार्श्व में चारा और ईंधन आदि रखने के लिए बनाई गई जगह ।
अन्देरा	पु०	(कां)	विवाहित दम्पति का मुहूर्त के अनुसार गृह प्रवेश । प्रयोग—अन्देरे रा म्हूर्त संझेरे नौ बजे ऐं । वधू-प्रवेश का मुहूर्त सायंकाल नौ बजे का है ।
अन्द्रोन	पु०	(कां)	राजपूत घराने में पर्दे की पुरानी प्रथा जिसके अनुसार राजपूत रमणियां पालकी के बिना कभी घर से बाहर नहीं निकलती थीं ।
अंबर	पु०	(कां)	आकाश, वर्षा । प्रयोग—इबकी बरसाती मता भारी अंबर पेआ । इस बरसात में बहुत वर्षा हुई ।
अंबरी	स्त्री०	(कां)	वह भूमि जो वर्षा पर निर्भर हो ।
अंबाड़ा	पु०	(का)	एक वृक्ष विशेष ।
अंबें दाहड़ी बाणा	क्रि०	(कां)	विवाहोत्सव में आम और दाड़िम वृक्षों की पूजा सम्बन्धी संस्कार ।
अ, आ	अ०	(का)	हां, हांजी ।
अऊतर	पु०	(कां)	यंत्र-मंत्र का कवच जो किसी संपुट के भीतर रख कर भूतप्रेतों के निवारणार्थ पहना जाए । प्रयोग—उस मुन्नुए अपनी बांह्रीं पुर अऊतर लाया ऐ । उस बच्चे ने अपने बाजू में यन्त्र-मन्त्र का कवच पहना है ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
अखरी	सं० स्त्री०	(कां)	छत की दो परतों के दरम्यान का हिस्सा ।
अक्करी	स्त्री०	(कां)	सख्त जमीन जिसमें बड़ी कठिनता से हल चलाया जा सके ।
अक्खे बक्खे	अ०	(कां)	इधर उधर । प्रयोग—अक्खें बक्खें देखी के चल, डिगेआं कुतकी चौंदा । इधर उधर देख के चल, देखना कहीं गिर न जाना ।
अगोका	अ०	(कां)	इस वर्ष का ।
अगांह	अ०	(कां)	आगे की ओर ।
अगरोला	पु०	(कां)	बात करने में आगे रहने वाला । प्रयोग—तुहां सारा जागत बड़ा अगरोला ऐं । आप का बच्चा बड़ा बातूनी है ।
अगुआड़ा	पु०	(कां)	घर के साथ की वाटिका, घर के सामने की जमीन ।
अगेैं	अ०	(कां)	ओर, आगे, सामने ।
अगोर	सं०	(कां)	मकान का फर्श, अथवा सब से नीचे वाली मंजिल ।
अगोल	स्त्री०	(कां)	दरवाजे के साथ लगी हुई लकड़ी की सुलाख । प्रयोग—तिनि भित अगोला कने बन्द करी ती । उस ने दरवाजा लकड़ी की सुलाख लगा कर बन्द कर दिया ।
अछना	क्रि०	(कां)	होना । प्रयोग—शराब पिये बगैर दिल साफ्फीं अछता ।
अज	अ०	(कां)	आज (कुल्लूकी औज)
अजनों	अ०	(कां)	अब तक
अजकनी	अ०	(गा, का)	केवल आजकी (कुल्लूकी औजकणी) प्रयोग—अजकनी राती रहो मेरे मित्रा । मित्र अधिक नहीं तो आज की रात रहो ।
अजां	अ०		अभी तक । प्रयोग—अजें मैं रोटी नीं खादी ओ । अभी तक मैं ने रोटी नहीं खाई है ।
अजांताई (अजेंताई)	अ०	(कां)	अभी तक ।
अठोरू	सं०	(कां)	ऐसा मुजारा जो जमीन मालिक से पैदावार का आठवां हिस्सा स्वयं रखता हो ।
अड़िजंग	वि०	(कां)	जिद्दी आदमी, कीनाखोर । शत्रुता की थाह रखने वाला आदमी ।
अड़ीखोर	वि०	(कां)	जिद्दी ।
अड़ेआ	सम्बोधन	(कां)	सम्बोधन, अनी के अर्थ में प्रयुक्त (स्त्री० अड़िये)
अड़ौती	वि०	(कां)	बाधा, रुकावट, अड़ने का भाव ।
अट्टल	पु०		विचार, तर्क ।
अदेआ	अ०	(कां)	ऐसा, इस तरह का । प्रयोग—मिजो अदे, आ कम खरा नी लगदा । मुझे ऐसा काम अच्छा नहीं लगता ।
अधसाली	सं०	(कां)	काश्तकार और गैर काश्तकार में जमीन की काश्त के लिए की गई हिस्सों की बांट ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
अधीतू	अ०	(कां)	एक प्रकार का मौरूसी जो पैदावार का आधा हिस्सा मालिक को देता है।
अधेक	अ० पु०	(कां)	एक प्रकार का मौरूसी मुजारा।
अधेमां	वि०	(कां)	आधा बीघा, किसी भी जमीन के टुकड़े का आधा हिस्सा।
अनन्द	अ०	(कां)	आनन्द।
अनी	सं०	(कां)	धर्मपत्नी के लिए सम्बोधन।
अपूं	अ०	(कां)	अपने आप, स्वयं।
अपणा अपणा कमल् कर्नं अपणा अपणा समस्		(कां)	अपना अपना बिस्तर और अपना अपना भोजन।
अपन	अ०	(कां)	परन्तु।
अपर	अ०	(कां)	परन्तु।
अपरान्त	अ०	(कां)	उपरान्त।
अपेणा	क्रि०	(कां)	विवाह के समय अथवा उस समय जब कोई व्यक्ति बहुत दिनों के बाद घर आए, सिर पर न्योछावर करके एक दो पैसे नाई अथवा किसी अन्य कमीन को देने की क्रिया।
अयाणा	पु०	(कां)	अनजान, बच्चा।
अजरन	पु०	(कां)	वृक्ष विशेष।
अरल	स्त्री०	(कां)	१–कूल्ह में से निकाल कर जमा किए गए पानी की 'आल'। २–आल में से निकाली गई छोटी कूल्ह। ३–घटिया किस्म की सिंचित भूमि।
अरग्ह (अर्ह)	पु०	(कां)	निहाई, लोहे का एक बड़ा ब्लाक जिस पर रख कर लोहार बन रही चीज पर चोट करता है।
अरा	सं०	(कां)	मित्र के लिए सम्बोधन। हिन्दी 'यार'
अरनी	क्रि०	(कां)	सिंचाई की कमी से अनाज के सिट्टों का मुरझा जाना।
अरलर	पु०	(कां)	कंटीली झाड़ियों से बना हुआ एक 'गेट' विशेष।
अरोकड़	वि०	(कां)	नकद भुगतान।
अलबेला	वि०	(कां)	घूमने फिरने का शौकीन।
अलकी	वि०	(कां)	लापरवाह।
अलगरजी	वि०	(कां)	स्वार्थी।
अलताण	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष।
अलाः	पु०	(कां)	पलास का वृक्ष।
अलिया	पु०	(कां)	कानियार, एक वृक्ष विशेष। पशुओं की 'डिम' नाम बीमारी में इसकी फलियों का काढ़ा बना कर देते हैं।
अली	स्त्री०	(कां)	कन्यार, एक वृक्ष विशेष।
अल्ली	वि०	(कां)	आधी सूखी, आधी हरी।
अवो	सं०		अरे, सम्बोधन।
अवोगौण	पु०	(कां)	आवागमन।
असकाल्, असकल्	पु०	(कां)	चावल के आटे की रोटी।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
असगाह	पु०	(कां)	लकड़ी की सीढ़ी । (कुल्लुवी संगाह) ।
असां	सर्वनाम	(कां)	हम, उत्तम पुरुष बहुवचन । कर्ता और करण कारक में ।
असांरा	सर्वनाम	(कां)	हमारा ।
असकूला	पु०	(कां)	देखें 'असकालू' ।
असू	पु०	(कां)	असूज मास, वि० सं० का सातवां मास ।
अहर	पु०	(कां)	पानी की कूल्ह ।
अहां	पु०	(कां)	देखें (असां)
अहांरा	सर्व०	(कां)	हमारा, 'असांरा'
			आ
आकंठी	स्त्री०	(कां)	अंगूठी ।
आंजा	स्त्री०	(कु)	आंतड़ी प्रयोग—कराहड़ी साथा तेंईए रीछे री आंजा कोढ़ी । कुल्हाड़े से उस ने रीछ की अंतड़ियां निकाल दीं ।
आऊ	संबोधन	(कां)	हां ।
आर्क	स्त्री०	(कां)	कोहनी ।
आखण	पु०	(कां)	कांटेदार झाड़ी जिस पर आखा नामक खाद्य फल लगता है ।
आखा	पु०	(कां)	आखण पौधे का फल विशेष जो गर्मियों में लगता है और गर्म तासीर का होता है ।
आगमना	क्रि०	(गा)	आना ।
आछा	स्त्री०	(कां)	रसभरी का रस ।
आठवां बारहवां होना	क्रि० (मुहावरा)	(कां)	शत्रुता होना ।
आडी	स्त्री०	(कां)	घराट की टोकरी जिसमें दाने डाले जाते हैं । २—दोस्ती, मित्रता, सजातीयता, आर्य वंश का सहगामी ।
आणना	क्रि०	(कु, कां)	लाना । प्रयोग—की आणू । क्या लाया ।
आथरी	स्त्री०	(कां)	कुम्हार का एक उपकरण जिससे वह बरतन बनाते समय बरतन को ठापने का कार्य करता है ।
आद	स्त्री०	(कां)	याद, स्मरण । प्रयोग—मिजो याद भुल्ली गई । मुझे याद भूल गई ।
आद्धा	वि०	(कां)	आधा ।
आधे	पु०	(कां)	रात का अन्धकार ।
आपदा	स्त्री०	(कां)	आफत, आपत्ति ।
आपना	सं०	(कां)	गेहूं के आटे से अथवा गोलू मिट्टी से बनाया गया एक गोलाकार निशान जो देवी देवता की यात्रा पर जा रही स्त्रियां रास्ते में पत्थर आदि पर लगाती हैं ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
आमल	सं०	(कां)	आमले का वृक्ष ।
आमला	क्रि०	(कां)	आना ।
आरन	सं०	(कां)	देसी अनार का पौधा ।
आरसा	पु०	(कु)	दर्पण, शीशा ।
			प्रयोग—आरसा न आपणा मूंह भाल ।
			शीशे में अपना मुंह देख ।
आरसी	स्त्री०	(कां)	चांदी का बना हुआ एक आभूषण जिस में शीशा जड़ा होता है इसे विवाह के समय लड़कियां कलाई में पहनती हैं ।
आस	पु०	(कां)	हल का डेढ़ हाथ लम्बा ऊपर वाला हिस्सा ।
आल	पु०	(कां)	एक प्रकार की लकड़ी ।
आल	स्त्री०	(कां)	किसी खड्ड में साथ वाले खेतों की सिंचाई के लिए बनाया गया पानी का तालाब जिसमें खड्ड के बहते पानी को रोक कर सिंचाई के लिए इकट्ठा किया जाता है ।
आला, आ:ला	सं०	(कां)	मकान की दीवार में बनाई गई छोटी सी अलमारी ।
आलहणा	पु०	(कां)	घौंसला ।
आ:ण	सं०	(कां)	ओले ।
आहण	स्त्री०	(कां)	एक बूटी विशेष, बिच्छू बूटी ।
			इ
इंगरना	क्रि०	(कां)	क्रुद्ध होकर लड़ाई के लिए तैयार होना ।
इंडरा	सं०	(कां)	मटर के आटे की रोटी ।
इंदा	सर्व०	(गा)	मेरा, हमारा ।
			प्रयोग—इंदा बालक दुबहला हा ।
			हमारा बालक दुर्बल है ।
इयरा	सर्व०	(गा)	इनका ।
			प्रयोग—इंयरा बैल्द दूबला हा ।
			इनका बैल दुर्बल है ।
इंची/इणाची	अ०	(कां)	इस रास्ते से, इधर से ।
इखड़	सं०	(कां)	गन्ने की एक किस्म ।
इज	स्त्री०	(सि०)	मां ।
इजां	वि०	(गा)	इस तरह ।
इजे	स्त्री०	(गा)	मां, मां के लिए संबोधन ।
इटसिट	सं०	(कां)	एक जड़ी बूटी, जिसे वैद्य में पुनर्वा कहते हैं, यह कई दवाइयों में काम आती है । कान में दर्द हो तो इसका पानी डालने से आराम आ जाता है ।
इतखा	अ०	(कां)	इस ओर, इधर ।
इबका	वि०	(कां)	अबका, इस वर्ष का ।
इब्बा	अ०	(कां)	अब ।
इबे	अ०	(कां)	इस समय ।
इयाणी	स्त्री०	(कां)	अनजान, अज्ञात यौवना (अयाणा का स्त्री-लिंग)
इरखा	वि०	(कां)	शर्म, पंजाबी 'अणख' ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
इल्लूकण (इल्ल)	स्त्री०	(कु)	चील पक्षी (कां. इल्ल)।
इक	सं०	(कां)	पोस्त के खेत में अधिक बर्फबारी के कारण हुआ नुकसान।
ईसैं	अ०	(कु)	इस तरफ, इधर।
			ई
ईणा	क्रि०	(गाद्दी)	आना
			उ
उंजल	सं०	(कां)	अंजलि का आधा भाग, उतनी वस्तु जो अंजलि के आधे भाग में आ सकती है।
उंढ़ाड़	सं०	(कां)	पड़ोस।
उंधे	वि०	(कां)	नीचे, उल्टे यथा—उंधे मुहू उल्टे मुख।
उंबर	सं०	(कां)	एक वृक्ष विशेष जिस पर चीकू की जाति के फल लगते हैं।
उंबा	पु०	(कां)	भुना हुआ अन्न।
उआंस	स्त्री०	(कां)	अमावस।
उआन	पु०	(कां)	घर के मकान का बाहर वाला कमरा, "ओसान"।
उआर	वि०	(कु)	इस तरफ।
उआर पार	वि०	(कु, कां)	इस ओर पर और उस ओर पर (आर-पार)।
उकलना	क्रि०	(कु)	चढ़ना।
उक्वाल	पु०	(कु, कां)	१—ओखली। २—मूर्ख आदमी।
उखणना	क्रि०	(कां)	खोदना।
उगती	स्त्री०	(कां)	बधाई।
उगण	पु०	(कां)	हल का एक पुर्जा विशेष।
उघाड़ना	क्रि०	(कां)	नंगा करना।
उघाड़ना	वि०	(कां)	नंगा।
उघसुध	पु०	(कां)	पता ठिकाना।
उजड़ू	स्त्री०	(कां, कु)	एक प्रकार का पौधा, एक पंछी विशेष।
उजार	पु०	(कां)	धीरे-धीरे कुतरने वाला औजार, आरी।
उचाना	क्रि०	(कां)	उठाना।
उचेड़ना	क्रि०	(कां)	वृक्ष की छाल अथवा पशु की खाल उधेड़ना।
उचैणा	क्रि०	(कां)	उचाट होना।
उच्चा गिट्टी	सं०	(कां)	पत्थर की पांच गोलमटोल कंकरों (गीटियों) से खेली जाने वाली खेल विशेष।
उच्छे	वि०	(कु)	ऊपर।
उटकंडा	सं०	(कां)	एक जड़ी बूटी विशेष।
उटकना	क्रि०	(कु, कां)	उछलना, कूदना।
उटकणी	स्त्री०	(कां)	'काहरण' का एक उपकरण विशेष जो ताने के धागों को ऊपर खींचता है ताकि काहरण की खट्टल आसानी से चल सके।
उड़	पु०	(कां)	बुर्ज के रूप में खड़ा करके गाड़ा हुआ पत्थर जो दो खेतों के बीच सीमा का काम देता है।
उड़ना	क्रि०	(कां)	१—अस्तगत सूर्य, सूर्य अस्त होना। २—पश्चिम दिशा।
उंधमुखा	पु०	(कां)	घूमर।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
उतां:	अ०	(कां)	उस तरफ ।
उता:ड़	स्त्री०	(कां)	उल्टी, कै ।
उल्कड़	पु०	(कां)	जमीन का निश्चत मालिया जिसका कुछ हिस्सा नक़दी में दिया जाता है और कुछ हिस्सा वस्तु रूपेण दिया जाता है ।
उभल	पु०	(कां)	उतनी वस्तु जितनी एक अंजलि में आ सकती है "उंजल" ।
उना:जो	सर्व०	(कां)	उनको ।
उपनैणा	सं०	(कां)	यज्ञोपवीत पहनने के समय का संस्कार । उपनयन संस्कार ।
उब्बल पेटे	अ०	(कां)	अचानक, सहज रूप में ।
उरां:	अ०	(कां)	इस तरफ ।
उरली	स्त्री०	(कां)	मछलियां पकड़ने की एक टोकरी विशेष ।
उरनू	पु०	(कां)	कटी हुई धान की फसल की एक मन की गड्डी ।
उरी	स्त्री०	(कां)	धान की नर्सरी पौधें (कुल्हकी ओरी) ।
उल छेकना	क्रि०	(कां)	खेतों में सिचाई करने से पहले चूहों के बिलों को बन्द करना ।
उवी	स्त्री०	(कां)	गुफा, कंदरा ।
उल्ह	पु०	(कु, कां)	गाय-भैंस के थनों का ऊपर वाला हिस्सा ।
उसजो	सर्व०	(कां)	उसको ।
उसणा	क्रि०	(कां)	चढ़ाई उतरना ।
उसा:ल	पु०	(कां)	उतराई, सन्तान, हक़दार, उत्तराधिकारी ।
उ ना	सर्व०	(कां)	उसको ।

ऊ

शब्द	व्याकरण		अर्थ
ऊवण	स्त्री०	(कु)	मकान की दूसरी मंजिल ।
ऊजड	वि०	(कां)	बंजर (जमीन) ।
[illegible]	पु०	(कां)	एक बूटी विशेष ।
ऊन	वि०	(कां)	मूर्ख ।
ऊथड़ा	पु०	(कां)	सूअर ।
ऊतमुला	पु०	(कां)	सूअर ।
ऊर लगाना	क्रि०	(कां)	धानों की नर्सरी वाटिका से उखाड़ कर धान लगाने की क्रिया ।
ऊल्ली	स्त्री०	(कां)	हवा और नमी के कारण बरसात में किसी वस्तु पर चढ़ने वाली झिल्ली ।
ऊलू	पु०	(कु, कां)	पक्षी विशेष ।
ऊहर	सं०	(कां)	धानों की ऊरी नर्सरी वाटिका में धानों के नन्हें पौधे जो वहां से उखाड़ कर अन्यत्र लगाए जाते हैं ।

ए

शब्द	व्याकरण		अर्थ
एंकर	पु०	(कां)	जमीन का उभरा हुआ हिस्सा ।
एंकलू	पु०	(कां)	चावल के आटे के पकौड़े जो पत्थर के तवे पर बनाए जाते हैं ।
एंओला	पु०	(कां)	एक प्रकार का वृक्ष ।
एंआ	अ०	(कु)	इस तरह, ऐसा ।
एअर	पु०	(कां)	एक प्रकार की खड्डी ।
एकाड़	पु०	(कां)	एक प्रकार का गन्ना ।
एकल	पु०	(कां)	अकेला रहने वाला सूअर ।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
एर्ब्बां	स्त्री	(कां) लज्जा ।
एजना	क्रि०	(कु) आना ।
एढक	स्त्री	(कां) कोहनी ।
एणा	क्रि०	(कु) आना, "एजना" ।
		प्रयोग—मौरा न औ कैबे एणा,
		घर से तू ने कब आना ।
एतकी	अ०	(कां) इस बार, इस समय, अब ।
एतकरू	पु०	(कां) ऐसे मुजारे जो सामूहिक उपज के आधार पर इकमुश्त लगान देते हैं । (उटकरू)
एब	अ०	(कां) अब, एबें (कु) ।
एबर	अ०	(कु) अब ।
एरा	अ०	(गादी) इस रास्ते में, इधर से ।
		प्रयोग—एरा गाहणा ।
		इधर से जाना ।
एलू	पु०	(कु) एक प्रकार के जौ जो कुल्लू में लाहुल से लाकर बीजे जाते हैं ।
एलोआं	पु०	(कां) एक छोटा पौधा जिस के पत्तों को पशु नहीं खाते, परन्तु फलियों का आचार बनाया जाता है जो खून को साफ करता है ।
एसू	अ०	(कु) इस वर्ष ।
एहड़ा	अ०	(कां) इस प्रकार का (मण्डयाली शब्द जो हमीरपुर तहसील में बोला जाता है) ।
		प्रयोग—एहड़ा कम किहां करी रा तैं ।
		इस प्रकार का काम कैसे किया तू ने ।

ओ

शब्द	व्याकरण	अर्थ
ओंगला	पु०	(कां) फसल की जुताई के समय हल और बैलों के मालिक को दिया जाने वाला फसल का हिस्सा ।
ओअस	स्त्री	(कां) अमावस 'उआस' ।
ओआग	पु०	(गादी) कांगड़ी 'उग्ग' ।
ओआड़ना	क्रि०	(कां) अप्राप्य वस्तु को प्राप्त करने का कहीं से प्रबन्ध करना ।
ओआन	पु०	(कां) घर का बड़ा कमरा, "उआन" ।
ओआर	अ०	(कु., कां) इस ओर 'उआर' ।
ओई	स्त्री०	(कां) एक वृक्ष विशेष जिस की लकड़ी इमारती कामों में काम आती है, इस लकड़ी के शहतीर, कांजें और गधा बहुत अच्छे समझे जाते हैं ।
ओग	पु०	(कु) कांगड़ी "उग्ग" ।
ओगल	पु०	(कां) गुलाबी रंग के फूलों वाली गेहूं ।
ओधाड़ करना	क्रि०	(कां) ऊंजर ज़मीन पर पहली बार हल चलाना ।
ओछड़ी	स्त्री०	(कां) नर्सरी क्यारी जिस में धानों की पनीरी बोई जाती है और जहां से उखाड़ कर उसे धान के खेतों में लगाया जाता है ।
ओछपाक	वि०	(कां) निकृष्ट व्यक्ति, कमीना आदमी ।
ओट	स्त्री	(कां) आंखों से ओझल स्थान ।
ओंदड़	पु०	(कां) ऐसी ज़मीन जहां वर्षा के पानी से ही उपज होती है ।
ओंडी	स्त्री०	(गादी) भेड़ बकरियों को रात के समय इकट्ठा रखने के लिए बनाया गया बाड़ा ।
ओकण	पु०	(कां) पहनने के कपड़े ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
ओढणी	स्त्री०	(कां)	स्त्रियों के ओढ़ने का दोपट्टा ।
ओचला	वि०	(कां)	ऊंचा स्थान (कुलूकी उचड़ा) ।
ओन्हेरना	क्रि०	(कां)	उण्डेलना, एक बरतन से दूसरे बरतन में डालना । प्रयोग—धानां जो कोठड़ू च ओन्हेरी देआ । धान को कोठड़ी (लकड़ी का सन्दूक) में उण्डेल दे ।
ओपरा	वि०	(कां)	पराया, अन्य, दूसरे गांव से आया हुआ व्यक्ति ।
		(कु)	भूत-प्रेत ।
ओपात	पु०	(कां)	फसल की उपज का कुछ हिस्सा, जो मुजारे को दिया जाता है ।
ओबां	पु०	(कां)	'टौर' के पत्तों का छाता जो बरसात में सामान्यत: गडरियों और किसानों द्वारा ओढ़ा जाता है ।
ओबरा	पु०	(कां)	बड़ा कमरा ।
ओबरी	स्त्री०	(कां)	पार्श्व कमरा, जिसका दरवाजा बड़े कमरे में खुलता है, साधारणत: यह कमरा घर की बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और इस में कोई खिड़की दिया नहीं होती ।
ओरटा पोरटा	अ०	(कां)	जहां तहां (कुलूकी ओरिए-पोरिए) ।
ओरू	स०	(कां)	जमींदार द्वारा कारदार से लिया जाने वाला टैक्स ।
ओलड़ू	पु०	(कां)	गाय-भैंस, बकरी आदि के स्तन ।
ओलना	क्रि०	(कां)	खाने से पहले पकी हुई दाल और भात को मिलाना ।
ओलै	सं०	(कां)	विस्मय बोधक शब्द ।
ओवना	क्रि०	(कु, कां)	उतरना, सन्तान ।

औ

शब्द	व्याकरण		अर्थ
औड़ना	क्रि०	(कां)	स्फुरण में कोई विचार सूझना ।
औतर	स्त्री०	(कां)	औरत, बांझ स्त्री ।
औधा	वि०	(कु)	आधा ।
औदला	पु०	(कां)	१—लकड़ी का ऐसा टुकड़ा जिस में से मकान की दो कड़ियां निकल सकें । २—मूर्ख ।
औकत	स्त्री०	(कां)	औषध, दवाई ।
औखी	स्त्री०	(कां)	विपत्ति, कष्ट, मुसीबत, कठिनता ।
औलें	अ०	(कु)	यहां ।
औग	स्त्री०	(कु)	आग ।
औग छिपणा	क्रि०	(कु)	आग तापना ।
औच्छी	स्त्री०	(कु, कां)	आंख ।
औज	अ०	(कु)	आज ।
औरी	स्त्री०	(कां)	राई ।
औरुई	स्त्री०	(कां)	राजाओं के काल में जमीन के मालिक की रसीदें लिखने के निमित्त लिया जाने वाला टैक्स ।
औला	पुं०	(कां)	एक बाजू के फैलाव में जितनी चीज आ सकती हो, उतनी चीज ढेर । प्रयोग—मैंइक खिल्लां रा औला था रखिया, जि जो कोई लई गेआ । मैंने कांटों की झाड़ियों का ढेर रखा था जिसे कोई ले गया ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
औशटना	क्रि०	(कां)	विकृत होना, खराब होना ।
			प्रयोग—रातीं मेरी निंद औशटो गई, ।
			रात को मेरी नींद खराब हो गई ।

क

शब्द	व्याकरण		अर्थ
कंखा	स्त्री०	(कां)	आकांक्षा, अभिलाषा ।
कंगनी-काऊणी	स्त्री०	(कां)	बाजरे की जाति का एक अनाज विशेष ।
कंगणू, कंकणू, कांगणू	पु०	(कां,कु)	बच्चों और स्त्रियों की कलाई में पहनाए जाने वाले चांदी के आभूषण ।
कंगर	वि०	(कां)	पथरीली (ज़मीन) ।
कंगिमांरी	स्त्री०	(कां)	केसर डालने का लकड़ी या मिट्टी का बरतन ।
कंघी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की छोटी मछली जो आमोद को डंक भी मारती है ।
कंची	स्त्री०	(कां)	कमर का आभूषण जिसे साधारणतया स्त्रियां पहनती हैं । "मेखला"
कजम्	पु०	(कां)	काजल ।
कूंट	स्त्री०	(कां)	दिशा ।
कंठेला	पु०	(कां)	खेतों के मिट्टी के ढेले तोड़ने का उपकरण विशेष ।
कण्डल	पु०	(कां)	तीतर पक्षी ।
कण्डली	स्त्री०	(कां)	सरसों का तेल ।
कंडी, कंढा	वि०	(कां)	पर्वत के दामन की भूमि 'कढा'
कंडू	पु०	(कां)	ऊन रखने की एक टोकरी विशेष, (कु) कोढ़ ।
कण्डू	पु०	(कां)	एक प्रकार का वृक्ष विशेष ।
कंड़ेहा	पु०	(कां)	लकड़ी का एक द्विशाखित डंडा जो कंटीली कटी हुई सूखी झाड़ियों को इकट्ठा करके एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए उठाने में काम आता है ।
कन्दल्	पु०	(गा)	कन्त, पति ।
			प्रयोग—तिसरा कंदल् परदेस ऐ ।
			उस का पति घर से दूर बाहर गया है ।
कं	अ०	(कां)	किंवा, अथवा ।
कउसल	वि०	(कां)	होशियार, दक्ष, कुशल ।
ककड़	पु०	(कां)	दाल से बने हुए छोटे भल्ले ।
ककड़े	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष ।
कक्कड़	पु०	(कां)	बकरी और हिरण के सदृश एक जंगली पशु विशेष जो पहाड़ों में पाया जाता है ।
ककाकड़ोखी	स्त्री०	(कां)	कक्कड़ हिरण की चमड़ी ।
कांकियाड़्	वि०	(कां)	स्त्रियों से अधिक मिलने जुलने वाला व्यक्ति ।
ककोड़ा	पु०	(कां)	कांटों वाले फल विशेष ।
कखयाड़	पु०	(कां)	चोकर, अनाज के छिलके आदि जो दूध देने वाली गाय भैंसों को दूध बढ़ाने के लिए दिए जाते हैं ।
कचक	पु०	(कां)	१—चलेरू के पकौड़े ।
			२—आलू आदि खाद्य पदार्थों के छोटे टुकड़े ।
कचालू	पु०	(कां)	आलू की जाति का एक खाद्य पदार्थ, अर्बी ।
कचेड़ा	पु०	(कु,कां)	खमीर ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
कच्छ	पु०	(कां)	कक्ष, साथ, बगल, छाती के दोनों किनारों का भाग, पार्श्व।
			प्रयोग—मिजो बी लई चल कच्छ बो।
			मुझे भी अपने साथ ले चलो।
कजरौटी	स्त्री०	(कां)	काजल रखने की पोटली।
कजाई	वि०	(कां)	झगड़ा पैदा करने वाला।
कजिया	पु०	(कु,कां)	झगड़ा, टंटा।
कटर	पु०	(कां)	दोपहर का समय।
कटारधार	स्त्री०	(कां)	हाजी पुर-रोपड़ वाली शिवालिक की धार (पर्वत माला) जो अमृतसर-सरहिन्द के मैदानों को त्रिगोटी त्रिगर्त इलाके से जुदा करती है।
कटियाई	स्त्री०	(कां)	छः छटांक भर अनाज का लकड़ी या मिट्टी का बरतन।
कटोई जाणा	क्रि०	(कां)	कट जाना।
कट्ठमन	पु०	(कां)	जामन की जाति का एक वृक्ष विशेष।
कठाड़ी	स्त्री०	(कां)	धानों की एक घटिया किस्म।
कठेरा	पु०	(कां)	कच्चे चमड़े को पक्का करने का अड्डा।
कठेला	पु०	(कां)	खेतों में मिट्टी के ढेलों को तोड़ने वाला एक उपकरण।
कठेर	पु०	(कां)	बेरी की जाति का एक वृक्ष विशेष।
कठेरल	स्त्री०	(कां)	'कठेर' वृक्ष की लाख।
कठोहल	स्त्री०	(कु)	तरतीब में रखा गया लकड़ियों का ढेर।
कड़काना	क्रि०	(कां)	अनाज को भूसे से अलगाना।
कड़ी	स्त्री०	(कां)	मकान की छत बनाने के लिए शहतीरों के दर्मियान रखा जाने वाला डंडा।
			(पंजाबी—कड़ी, बाला)
कड़ियां	स्त्री०	(कां)	पांवों के टखनों में पहने जाने वाले चांदी के बने हुए आभूषण।
कड़ुआ	पु०	(कां)	कानों का एक आभूषण विशेष, कड़वा।
कड़ौंक	पु०	(कां)	कमीन जाति का ग्राम-चौकीदार।
कणक	स्त्री०	(कु०, कां)	गेहूं।
कणकी	स्त्री०	(कां)	गेहूं का भूसा।
कणक कमांदी संबंधी मुहावरा झांगो डांग कपाह रजाई की बुक्कल मारी के छल्लियों निचों जा		(कां)	गेहूं और गन्ने की खेती घनी होनी चाहिए तथा कपास और मकई की विरल होनी चाहिए।
कणेर	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष, कणियार (पं० 'कनेर')।
कतीरा	पु०	(कु)	चिमटा।
		(कां)	नशास्ता।
कदाली	स्त्री.	(कां)	नलाई करने का एक औजार।
कन	पु०	(कां)	खड़ी फसल के अनाज का निर्धारण।
कनचौड़ी	स्त्री०	(कु)	कान का निचला हिस्सा।
			कान की पिपली।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
कनवालू	पु०	(कां, कु) कान का एक आभूषण विशेष ।
कन्हू	पु०	(कां) बैल का कंधा (कुल्लू की—कोहूधा) ।
कन्ना	पु०	(कां) छोटा लड़का ।
कन्नी	स्त्री०	(कां) भेड़ों का झुंड ।
कन्नैं	परसर्ग	(कां) के साथ, के पास ।
		प्रयोग—मेरे कन्नैं चला ।
		मेरे साथ चलिए ।
कनार	पु०	(कां) अमलतास का वृक्ष ।
कनाली	स्त्री०	(कां) बड़े साइज का मिट्टी का बरतन जो कड़ाही जैसा होता है ।
कनियार	पु०	(कां) वृक्ष विशेष ।
कनियार फूली	स्त्री०	(कां) कनयार वृक्ष की कोंपल ।
कनियावड़ी	स्त्री०	(कां) बांस की बनी हुई छोटी रंगदार टोकरी ।
कनेड़ा	पु०	(कां) करघा (देसी खड्डी) के ताने में मांड डालने के लिए एक उपकरण विशेष ।
कनेरू	पु०	(कां) मिट्टी का छोटा बरतन, छोटा कूजा ।
कपढ़	वि०	(कां) अनपढ़ व्यक्ति ।
कप्पणा	क्रि०	(कां) बनाना, रचना करना, निर्माण करना ।
कप्फल	पु०	(कां) जामुन की जाति का एक वृक्ष जिसके फल "कट्ठम्बल" जैसे होते हैं ।
कपासी	स्त्री०	(कां) काले पंखों वाली चील (पक्षी) ।
कपु	स्त्री०	(कां) कोंपल ।
कफी	वि०	(कां) ऐसी चीज जिसे एकदम आग लग जाती है यथा सूखी लकड़ी, सूखा घास-तृण ।
कबेला	अ०	(कां) अन्धेरा, बे-वक्त, कुबेला ।
कमणा	क्रि०	(कां) कांपना, थरथराना । जाड़े अथवा भय के कारण शरीर के अंगों–उपांगों का हिलना ।
		प्रयोग—रीछ जो देखीके मुन्नू कम्पणा लगी पिया ।
		रीछ को देख के बालक कांपने लग पड़ा ।
कम्मणी	स्त्री०	(का) कांपने का भाव, कंपकपी ।
		प्रयोग—ठंडे पाणियैं न्हाई करि कम्मणि छुटि पई ।
		ठंडे पानी से नहा कर कंपकपी लग गई ।
कामल	पु०	(कां) ऊनी चादर ।
कमलोआ	पु०	(कां) बगला, कपोत जाति का एक पक्षी विशेष ।
कमार्गी, कुमार्गी	पु०	(कां) दुराचारी, बुरे रास्ते पर चलने वाला ।
कमाना-बनाना	क्रि०	(कां) कोई रचनात्मक कार्य करना, काज संवारना।
कमीला	पु०	(कां) कामल वृक्ष के बीजों को कूट कर बनाई हुई एक औषधि विशेष जो पशुओं के पेट के कीड़ों को साफ करती है ।
कमेरना	क्रि०	(कां) काम करना, 'कमोणा', कमाना ।
कमोणा	क्रि०	(कां) काम का किया जाना, काम करना ।
		प्रयोग—मैंते नीं कमोंदा ।
		मुझ से नहीं किया जाता ।
करंडी	स्त्री०	(कां) पत्थर की कूंडी जिस में बटाई आदि रखते हैं ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
करौंदा	पु०	(कां)	गहंना, एक कंटीली झाड़ी, जिस पर काले रंग के छोटे छोटे खट्टे फल लगते हैं ।
कर	पु०	(कां)	भूमि का लगान ।
कर्कैरा	पु०	(कां)	एक बूटी विशेष जिसका फूल दंधियार जहर (दांत की दर्द) को दूर करता है ।
कर्पा	पु०	(कां)	मछलियां पकड़ने का एक उपकरण विशेष ।
कर्जनी	स्त्री	(कां)	घरेलू चीजों को रखने की बांस की एक छोटी सी टोकरी ।
करड़ा	वि०	(कां)	कड़ा, कठोर, सख्त ।
			प्रयोग--सै माहृणू बड़ा करड़ा ए ।
			वह आदमी बड़ा सख्त है ।
करतू	पु०	(कां)	लगान का वह भाग जो राजा के कर्मचारी लिया करते थे ।
करजी	स्त्री०	(कां)	देखो 'कर्जनी' ।
करनूं	पु०	(कां)	एक प्रकार की टोकरी जिस के साथ बांस का एक लम्बा डंडा बांध कर आम वृक्ष से आम तोड़े जाते हैं ।
कर्मक	पु०	(कां)	सरींह की जाति का एक वृक्ष विशेष ।
करबानी	स्त्री०	(कां)	काश्त की गई भूमि ।
करा	पु०	(कां)	घास अथवा फसल आदि काटने के हँसुआ में कुन्द होने पर पड़ने वाला कटाव ।
करा था	क्रि०	(कां)	कर रहा ।
			प्रयोग--जिस वेले मैं तित्थु गिआ, सै इस कम्मे कराथा था ।
			जब मैं वहां गया, तो वह यह काम कर रहा था ।
कराना	क्रि०	(कां)	कर रहा हूं ।
			प्रयोग—मैं सैं कम्म करा ना ।
			मैं वह काम कर रहा हूं ।
करास	पु०	(कां)	कचनार का वृक्ष ।
करासा	स्त्री०	(कां)	शहद की मक्खियों का छाता ।
कराहड़ू	पु०	(कां, कु)	कुल्हाड़ी ।
करि फिरि	वि०		उसके पश्चात् । यह पद एक पादपूरक की तरह प्रयुक्त किया जाता है ।
करी	अ०	(गा)	किधर ।
करीड़ी	स्त्री०	(कां)	दस बारह साल के लड़कों की एक खेल ।
करूह (करूआ)	पु०	(कां)	दो मकानों की सांझी छत का मिलान ।
करौत	पु०	(कां)	देखो 'कराथ' ।
करोग बरोग	पु०	(कां)	पशुओं के खुर-मुंह की बीमारी ।
करोह्	क्रि०	(कां)	गाहन, अनाज को भूसे से अलगाने की प्रक्रिया ।
करौशा	पु०	(कां)	छत की कांत ।
करोहीं	स्त्री०	(कां)	बकरे का मांस जो विवाह के उत्सव पर कोठी के नेगी को भेंट के रूप में दिया जाता था ।
कत्ना	क्रि०	(कां)	काटना ।
कलह्	पु०	(कां)	क्लेश, साधारण झगड़ा ।
कलत्तन	स्त्री०	(कां)	स्त्री, भार्या (सं०कलत्र) ।
कलबेला	पु०	(कां)	सूर्यास्त और अंधेरा छाने के मध्य का थोड़ा सा समय, सन्ध्या, 'कुवेला' ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
कल्लड़	वि०	(कां)	ऐसी ज़मीन जिसमें रेत और कंकर मिला हुआ हो और जहां खेती की उपज कम हो। (पं० कल्लर)
कलार	स्त्री०	(कु)	दोपहर ।
कलारी (कलार)	स्त्री०	(कु)	दोपहर का खाना ।
कलास (कइलास)	पु०	(कां)	कैलाश पर्वत ।
कली	स्त्री०	(कु, कां)	पीतल का हुक्का विशेष ।
कलीदी	स्त्री०	(कां)	एक पक्षी विशेष ।
कलीरा	पु०	(कां)	१–एक प्रकार की जड़ी बूटी जिसके बीज चूर्ण में प्रयुक्त होते हैं। २–लाल रंग के धागे से आबद्ध कौड़ियों और नारियल की ठूठियों से युक्त एक हार विशेष जो विवाहोत्सव में कन्या की कलाइयों में पहनाया जाता है (पं० कलीरा) ।
कलूणा	पु०	(कां)	घटिया प्रकार के धान विशेष जो ऐसी ज़मीन में बोए जाते हैं जिस में सिंचाई न होती हो ।
कलो	पु०	(कां)	एक प्रकार का अनाज ।
कलो (कलाऊ)	पु०	(कां)	आदत, स्वभाव ।
कलौंटी	पु०	(कां)	काला रीछ ।
कस	पु०	(कां)	धानों की सूखी घास का विन्यास ।
कसमल	पु०	(कां)	एक जड़ी बूटी विशेष ।
कसमलू	पु०	(कां)	रसौंत का पौधा ।
कसरी	वि०	(कां)	बीमार, रोगी ।
कसलाना	क्रि०	(कां)	अनाज जमा करना ।
कसाकड़ा	पु०	(कां)	खेतों में वर्षा के कारण चिकनी मिट्टी का बना हुआ ढेला ।
कसार	पु०	(कां)	घी में भुना हुआ सूखा आटा जो पूर्णमाशी के दिन सत्य नारायण के व्रत के उत्सव में प्रसाद के रूप में बांटा जाता है ।
कसराल	वि०	(कां)	नर्म, सुकुमार ।
कसरालू पत्थर	पु०	(कां)	रेतीला पत्थर ।
कसी	पु०	(कां)	एक अंजुलि भर अनाज ।
कसुम्बा	पु०	(कां)	एक प्रकार का फूल विशेष ।
कहूव	पु०	(कां)	बिना दूध के चाय ।
कशाम्बल	स्त्री०	(कु)	एक कांटेदार जंगली झाड़ी जिस पर काले रंग के छोटे छोटे खाद्य फल लगते हैं ।
काफी	अ०	(कु)	काफी, पर्याप्त ।
काफी करना	क्रि०	(कां)	बाट चढ़ा कर धागा बनाना ।
		(कु)	'काफी बनाना' ।
कांऊं	अ०	(कां)	क्यों ।
कांग	पु०	(कां)	१–एक विशेष वृक्ष । २–पथरीली ज़मीन ।
		(कु)	३–कंघी ।
कांटग	पु०	(कां)	कण्टक, कांटा ।
कांडा	पु०	(कां)	कांटा, (कु) 'कोंडा' ।
कांढा	पु०	(कां)	पहाड़ी दर्रा ।
कांत	स्त्री०	(कां)	मकान की ऊपर के छत के बांस अथवा मजबूत लकड़ी के वे डंडे जो छत के ऊपर के सलेटों अथवा टीन आदि को स्थिर रखने के लिए फिट किए जाते हैं ।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
कांती	स्त्री०	(कां) कांता, सुन्दर स्त्री, खूबसूरत औरत ।
कांदलू	पु०	(कां) एक मछली विशेष ।
काम्बल	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष ।
का	सर्व:	(कां) क्या ? प्रयोग—का बात ऐ ? क्या बात है ?
का	पु०	कौवा (पं०—कां) ।
काईका	पु०	(कु) एक उत्सव विशेष, यह उत्सव चार या अधिक सालों के बाद कोठी के (छः सात गांवों के समूह) के लोगों द्वारा प्रीति भोज से मनाया जाता है ।
काऊणी	स्त्री०	(कु) एक अनाज विशेष ।
काएको	अ०	(कां) किस वास्ते । प्रयोग—यां काए को आए । यहां किस वास्ते आए ।
काक	पु०	(कु,गा) चाचा, पिता का भाई ।
काका	पु०	(गा) चाचा ।
काकू	पु०	(गा) पिता–चाचा की आयु का अपने गांव का कोई व्यक्ति ।
काकड़ सिंही	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष, इसके फल खांसी की दवाई बनाने में काम आते हैं (कक्कड़ सिंगी) ।
काकड़ू	पु०	(कां) छोटी काकड़ी ।
काकल	पु०	(कां) कागज ।
काछ	पु०	(कु) छोटा जांघिया (पं० कच्छ)
काजो, कज्जो	अ०	(कां) किस वास्ते । प्रयोग—सै इत्थू काजो आया । वह यहां किस लिए आया ।
काट करना	क्रि०	(कां) प्रभाव डालना, निग्रह करना ।
काठा	वि०	(कां) कठोर, कठिन । (काठा आदमी, काठा बेर) ।
काठू	पु०	(कु) गेहूं की एक विशेष किस्म, अन्न विशेष ।
काडा	पु०	(कां) कांटा ।
काढ	स्त्री०	(कां) चरखे की पिछली पटड़ी जिस पर चरखे के पिछले खूण्टे फिट किए जाते हैं ।
कात	स्त्री०	(कु,गा) एक बड़ी कैंची जिससे भेड़ की ऊन काटी जाती है ।
कात, काती	स्त्री०	(कां,कु) इमारती लकड़ी की एक लम्बी कांत, लकड़ी की बारीक शहतीरियां ।
कामदा	पु०	(कां) विवाहोत्सव पर घर की दीवारों पर लाल अथवा गुलाबी रंग से की जाने वाली चित्रकारी ।
कामदा लिखना	क्रि०	(कां) विवाहोत्सव में कमरे की दीवारों पर लाल और गुलाबी रंग से विशेष ढंग के चित्र बनाना ।
कामलड़ी	स्त्री०	(कां) ऊनी चादर (पं० कम्बलड़ी, कम्बली)
कामाठ	पु०	(कां) धान की एक किस्म विशेष ।
कायफल	पु०	(कां) 'कट्ठमल' की जाति का एक विशेष फल जो विशेषतः पालमपुर के पूर्वी भागों में जंगली वृक्षों में लगता है ।
कायम	स्त्री०	(कु) वृक्ष विशेष ।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
कार	पु०	(कां) कर, टैक्स, अनाज का वह थोड़ा सा हिस्सा जो मुजारा अथवा मालिक गांव के ग्राम देवता अथवा ठाकुरद्वारे को देता है।
कार चढ़ाना	क्रि०	(कु, कां) किसी ग्रामदेवता के स्थान पर अपनी फसल का कुछ अंश अर्पित करना।
कार देना	क्रि०	(कु, कां) किसी वस्तु के चारों तरफ एक लकीर खींचना जिसके अन्दर उस वस्तु विशेष की पवित्रता सुरक्षित रह सके। (पं० कार)
काकू	पु०	(कां) पानी में उगने वाली तीन पत्तों वाली घह बूटी विशेष, जिसके पत्तों को जला कर जख्म पर लगाने से आराम आता है।
कार्थ आना	क्रि०	(कां) सख्त जरूरत के वक्त किसी वस्तु का काम आना।
काल	पु०	(कु, कां) अकाल (पं० काल), दुर्भिक्ष।
कालवेला	पु०	(कां) सूर्यास्त और रात का गहरा अन्धेरा पड़ने के मध्य का समय। "तरकाल"
काला महीना	पु०	(कु, कां) भादों का महीना जब रातें बहुत अन्धेरी होती हैं।
कालीधार	स्त्री०	(कां) कांगड़ा जनपद में एक पर्वतमाला।
कालू	पु०	(कां) एक प्रकार का पिछेतर धान जो पीछे से बोया जाता है और पीछे से ही काटा जाता है।
कासजो	अ०	(कां) किसको, किस वस्तु को। "काहुजो"
कासनी	स्त्री०	(कां) एक प्रकार की जड़ी बूटी (पं० काशनी)।
कासरा	स्त्री०	(कां) चरखे के चक्र की रस्सी।
काहुजो	सर्व०	(कां) देखो "कासजो"।
काहरण	पु०	(कां) देसी सड्डी। कर्षी।
काहु	पु०	(कां) चौकीदार अथवा किसी अन्य गांव के कमीन नौकर को फसल की कटाई के समय दिया जाने वाला हिस्सा।
काह्लू	अ०	(कां) किस समय, कब। प्रयोग—तुस्सां जलंधर काह्लू जाणा। आप जालन्धर कब जाएंगे।
काहल	पु०	(कां) जल्दी, शीघ्रता (पं० काहल) प्रयोग—काहल च कम बिगड़ी जांदा ऐ। शीघ्रता में काम बिगड़ जाता है।
किछ	अ०	(कु, कां) कुछ।
किड़ा	पु०	(कां) बांस को "दोण" की बनी हुई अस्थायी दीवार जिस पर मिट्टी थाप ली जाती है।
कितड़ी	वि०	(कां) कितनी। प्रयोग—तिसादी कितड़ी उमर है। उस की कितनी उमर है।
किताबड़	पु०	(कु, कां) छोटी किताब (पं० किताबड़ी)
किवाड़ी, कधाड़ी	वि०	(कां) किस दिन (पं० किस दिहाड़ी)
किमू	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष, इस पर गर्मियों के मौसम में छोटे छोटे स्याह फल लगते हैं।
किव्हें	वि०	(कां) किस समय, कब।
किमूं	पु०	(कां) रौंगी की किस्म की एक दाल विशेष।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
किरऊट	पु०	(कां)	तीन चार वर्षों के बाद मकान के छत से उतारा हुआ पुराना सरकड़ नामक घास।
किरकिटी	स्त्री०	(कु)	सात तारों का समूह, इन्हें स्थानीय विश्वास के अनुसार सप्त ऋषि कहते हैं।
किड़ु	पु०	(कां)	बांस के "दोण" का बना हुआ बोतलनुमा एक उपकरण जिसे छोटे पौधे पर औढ़ाया जाता है ताकि वह पशुओं आदि से सुरक्षित रहे।
किड़ू	पु०	(कां)	एक टोकरी विशेष, जिस में पीठ पर उठाने के लिए बोझा रखते हैं, विशेषकर गोबर उठाने के लिए।
किर्साण	पु०	(कां)	किसान, कृषक (किरसान)।
किलनी	स्त्री०	(कु, कां)	कृषि का एक उपकरण विशेष।
किली	स्त्री०	(कु, कां)	हल का एक उपकरण।
किलेस	पु०	(कां)	क्लेश, झगड़ा, मानसिक अशान्ति।
किल्टा	पु०	(कां)	एक टोकरी विशेष जिस में पीठ पर उठाने के लिए बोझ रखते हैं।
किर्से 'न	अ०	(कु)	किधर से।
किहिरा	वि०	(गा)	किस का। प्रयोग—किहिरा दबू। किस का लड़का।
की	प्र०	(कां)	कर्म कारक का विभक्ति चिन्ह। प्रयोग—रामे की गलाई दे। राम को कह दो।
की	वि०	(कु)	क्या। प्रयोग—की लोड़ी। क्या चाहिए।
कीहां	वि०	(कु)	कैसे, किस तरह। प्रयोग—कीहां कीहां गल्ल निभी, सारा हाल सुणा। कैसे कैसे बात निपटी, सारा हाल सुनाइए।
कीहां केरि	वि०	(कु)	किस तरह से।
कीड़ा	पु०	(कु कां)	सांप, लम्बे आकार का रींग कर चलने वाला कीट (पं० कीड़ा)।
कीलुआ	पु०	(कां)	कीला, लकड़ी का बना हुआ एक छोटा सा उपकरण। यह घराट के ऊपर वाले पाट पर टिक टिक करता रहता है ताकि घराटी (घराट चलाने वाले) को पता लगता रहे कि घराट ठीक चल रहा है।
कूना	पु०	(कां)	कोना।
कुंगरेल	पु०	(कां)	दोपहर से पहले का समय।
कुंगू	पु०	(कां)	एक छोटा पौधा जिस के पत्ते पशुओं की आंख का फोला फुटाने के काम आता है।
		(कु)	सिंधूर।
कुंगला	वि०	(कां)	कोमल, नर्म।
कुंख	स्त्री०	(कां)	कुक्षि, कोख, गर्भाशय।
कुंजलाट	सं०	(कां)	कोयल की जाति का एक पक्षी विशेष, छोटी कूंज। (सं० क्रौंच) (प० कूंज)
कुंजा	पु०	(कां)	किनारा (पं० खुंजा)।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
कुंडी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की दाल ।
		(कु)	कड़ाही ।
कुंडी	स्त्री०	(कां)	चमड़े का काम करने में काम आने वाला एक खरोसिया विशेष जिसके साथ चमार जूतियां सीने का काम करता है।
कुंडी-जाल	सं०	(कां)	मछलियां पकड़ने का एक उपकरण विशेष ।
कुडांली	स्त्री०	(कां)	धान के पराल के गट्ठे।
कुआं	पु०	(कां)	कोट, गौन की शकल का ऊनी लम्बा सा कोट।
कुंड	पु०	(कां)	मछलियां पकड़ने का एक उपकरण।
कुंदी	सं०	(कां)	दालों की एक किस्म, इस की बेल कुल्थ की शक्ल की होती है।
कुआई	स्त्री०		चर्मकारी में काम आने वाला लोहे का गड्ढा।
कुआणा	क्रि०	(कां)	बुलाना, बात करने के लिए आमंत्रित करना । (पं० कुवाणा ।)
कुआ मारना	क्रि०	(कां)	आवाज देना। प्रयोग—आहलू घरेतां रे आंहगे, तां मिजो कुआ मारि लैनियो। जब आप पड़ोसियों के घर जाएं तो मुझे आवाज मार लीजिए।
कुआर घाट	पु०	(कां)	एक पौधा विशेष (कुआर गंदल की जाति का)
कुआर गंदल	सं०	(कां)	एक प्रकार की जड़ी बूटी जो दवाइयों में डाली जाती है। (पं० कुआर गंदल) ।
कुआज	पु०	(कां)	बाज की जाति का एक पक्षी विशेष।
कुआरेओं	स्त्री०	(कां)	घी कुआर ।
कुआल	पु०	(कां)	पहाड़ की चोटी पर चढ़ने का अलग मार्ग अर्थात् सरल रास्ता। चढ़ाई।
कुआली	स्त्री०	(कां)	चढ़ाई।
कुकू	पु०	(कां)	केले के वृक्ष के वे कोमल किसलय जिन में केले की फलियां लिपटी रहती हैं।
कुक्कू	पु०	(कां)	एक पक्षी विशेष। इस की चहचहाने में "सीता गुआची कुतू तोपां" शब्दावली का अर्थापन किया जाता है। प्रयोग—भाभी कुक्कू कियां बोलदा। भाभी कुक्कू कैसे बोलता है।
कुकड़ियाला	पु०	(कां)	मकई के पौधों के डंठल जिन से मकई के बाल उतार लिए गए हों।
कुकड़ेले रा ढाड़	पु०	(कां)	मकई के बालों का ढेर।
कुकड़ी	स्त्री०	(कां)	मकई के पौधे का भुट्टा।
		(कु)	मुर्गी।
कुचरी	स्त्री०	(कां)	सिंचाई के लिए बनाया हुआ छोटा सा बांद।
कुज्जे	पु०	(कां)	एक प्रकार के फूल जोकि गुलकन्द के समान कब्जकुशा होते हैं।
कुट	पु०	(कां)	ब्याज, सूद (पं० कूड़) ।
कुटकाट	पु०	(कां)	वह भूमि जिस पर तीन चार वर्ष बाद फसल बोने के लिए हल चलाया गया हो ।
कुट भरना	क्रि०	(कां)	ब्याज देना।
कुठियाला	पु०	(कां)	सरकारी अनाज का भण्डारी।
कुड़	पु०	(कां)	कन्दरा, गुहा ।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
कुड़ना	क्रि०	(कां) ज़मीन से पानी फूट कर निकलना।
कुड़	पु०	(कां) एक अस्थायी झोंपड़ी।
कुड़ी	स्त्री०	(कां) कुटिया, झोंपड़ी। लड़की।
कुड़ी	स्त्री०	(कां) लकड़ी का बना हुआ एक हथियार विशेष। यह खलिहान में काम आता है।
कुड़माई	स्त्री०	(कां) सगाई, विवाह के लिए कन्या पक्ष और वर पक्ष की आपस में पक्की बात चीत। (पं० कुड़माई)
कुब	पु०	(कां) आबादी से बाहर के खेतों में पशुओं को बांधने के लिए बनायी गयी छोटी सी झोंपड़ी।
कुढाणी	पु०	(कां) ऐसा पानी जो ज़मीन की निचली तह से निकले अर्थात् जो वर्षा का न हो।
कुण	वि०	(कु, कां) कौन।
कुण्णी	स्त्री०	(कां) एक मछली विशेष जिसका रंग काला, होंठ मोटे और शरीर गुदगुदा होता है।
कुण्हाब	वि०	(कां) ऐसी गाय अथवा भैंस जो तीन चार महीने दूध देकर नये दूध हो जाए।
कुतकी	अ०	(कां) किसी जगह, कहीं।
कुतांची	अ०	(कां) देखो कण्ची-"कुणाची"।
कुथांह	अ०	(कां) कहां, किस तरफ (पं० किधे)।
कुतार	पु०	(कां) आवारा कुत्ता।
कुदाल	पु०	(कु, कां) कृषि का एक उपकरण विशेष।
कुप्पू	पु०	(कां) सूखी और काटी हुई घास को सुरक्षित रखने के लिए उसका बनाया हुआ एक गोलाकार विन्यास (पं० कुप्पू)।
कुंनला	पु०	(कां) कटी हुई घास का ढेर।
कुनलू	पु०	(कां) गेहूं भूसे को आरक्षित रखने के लिए बनाया गया एक अस्थायी गुदाम।
कुनली	स्त्री०	(कां) छोटा "कुप्पू"।
कुनालू	पु०	(कां) कनाली।
कुनेर	स्त्री०	(कां) धान के भूसे का 'कुन्नू'।
कुन्या	पु०	(कां) मोर का बच्चा।
कुफ	पु०	(कां) पानी का छोटा तालाब, जिस में सिर्फ बरसात के दिनों में ही पानी इकट्ठा रहता है।
कुमली	स्त्री०	(कां) नाक का अगला हिस्सा।
कुमूर्ख	वि०	(कां) बदमाश।
कुम्हारली	स्त्री०	(कां) कुम्हारों का मुहल्ला।
कुरका	स्त्री०	(कां) काले रंग की छोटी सी मछली जो अधिक से अधिक दो छटांक होती है।
कुरती	स्त्री०	(कु, कां) कमीज। (पं० कुड़ती)।
कुर्तू	पु०	(कां) कुर्ता, कमीज।
कुरमक	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष।
कुराक	स्त्री०	(कां) एक बूटी विशेष जिस के पत्तों के शरीर के साथ छूने पर जलन पैदा होती है।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
कुराड़ा	वि०	(कां) सख्त, पका हुआ (फल), पं० कौरड़ू । प्रयोग—ए काकड़ू कुराड़ा ऐ । यह ककड़ी पकी हुई है ।
कुरियाल	सं०	(कां) वृक्ष विशेष । इस की टाटें (लम्बे २ फल) टौर वृक्ष की टाटों की तरह होती हैं ।
कुलच	सं०	(कां) हल के लोहालू को फिट करने की नाली ।
कुलफी	स्त्री०	(कां) हुक्के की नली में लगने वाली पीतल की टूटी ।
कुलबिल	अ०	(कां) बिल्कुल ।
कुलांग	सं०	(कां) पक्षी विशेष जो तिब्बत से आया माना जाता है ।
कुलारी	स्त्री०	(कां) नाश्ता, प्रातः काल का खाना ।
कुली	स्त्री०	(गा) कुमारी लड़की, कुल की भावी जननी (पं० कुड़ी) ।
कुलीसा	पु०	(कां) जंगली मुर्गे की किस्म का एक पक्षी विशेष ।
कुसकना	क्रि०	फुसफुसाना, धीरे से बोलना ।
कुसी	सर्व०	(कां) किसी ।
कुसकै	सर्व०	(कां) किस के पास ।
कुसूता	वि०	(कां) अनियंत्रित, काबू रहित ।
कुसदे	सर्व०	(कां) किस के । (पं० किसदे) ।
कुहर	स्त्री०	(कां) वह भूमि जिस में सावनी फसल बोई गई हो ।
कुहल	स्त्री०	(कु, कां) पानी की नाली, छोटी नहर ।
कुहदे	सर्व०	(कां) 'कुसदे', किस के ।
कूथी, कुथांची	अ०	(कां) किस रास्ते से ।
कूरी	स्त्री०	(कां) एक प्रकार का पौधा जिसके फूल कपड़े में फंस जाते हैं ।
कैंकी	वि०	(कां) एकाकी, अकेला, अलग ।
कैंतर	अ०	(कु) किस तरह, कैसे ।
केलू	पु०	(कु) एक वृक्ष विशेष जिसकी इमारती लकड़ी बहुत कीमती होती है । इस के पत्ते सुई जैसे होते हैं ।
केस	पु०	(कां) केश (पं० केस) ।
केह	पु०	(कां) छोटे पत्थरों और कंकरों से ढकी हुई जगह ।
केंठा (कांठा)	पु०	(कां) गले का आभूषण विशेष ।
कैंथ	पु०	(कां) एक कांटेदार पौधा, कपित्थ।
कैंथल	वि०	(कां) पथरीला और रेतीला स्थान जो पहाड़ी दरिया के नीचे से दरिया के बहाव बदलने पर निकला हो ।
कैंह	अ०	(कां) क्यों, किस लिए । प्रयोग—से इत्थू कैंह आया । यह यहां क्यों आया ।
कैं	अ०	(कां) के पास । प्रयोग—मैं उसकैं गया । मैं उसके पास गया ।
कैंत	वि०	(कां) राजाओं के समय का गांव का लेखापाल, पटवारी ।
कैंत	क्रि०	(कां) किस काम से । किस लिए, कहां । प्रयोग—तू तित्थू कैंत गया था । तू वहां किस काम से गया था ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
कैमल	सं०	(कां)	एक वृक्ष विशेष ।
कैल–काइल	स्त्री०	(कां)	एक वृक्ष विशेष जिस के पत्ते सुई जैसे होते हैं ।
कैलू	पु०	(कां)	नूरपुर में एक नाग देवता ।
कैसजो	अ०	(कां)	किस वास्ते, किस लिए । प्रयोग—मै इत्थू कैस-जो आया । वह यहां किस लिए आया ।
कैहजो	अ०	(कां)	किस लिए , किस वास्ते 'कैस-जो" ।
कैरोडी	सं०	(कां)	विपत्ति के दिन, बदकिस्मती ।
कोऊंला	वि०	(कु)	कोमल, नर्म ।
कोआणा	क्रि०	(कां)	कूणा क्रिया का प्रेरणार्थक रूप, बुलाना ।
कोकड़ा	पु०	(कां)	कपोत जाति का एक पक्षी विशेष ।
कोकड़ा	पु०	(कां)	पटसन की किस्म का एक पौधा जिसके छिलके से तंतु निकलते हैं जिनकी बढ़िया रस्सियां बनती हैं ।
कोकी	सर्व०	(कां)	कोई व्यक्ति । प्रयोग—कोकी आया था । कोई व्यक्ति आया था ।
कोचबो	स्त्री०	(कां)	मछलियां पकड़ने के लिए एक उपकरण विशेष ।
कोटन	पु०	(कां)	एक प्रकार का पत्थर ।
कोटला	पु०	(कां)	मिट्टी के ढेलों को तोड़ने वाला लकड़ी का एक हथोड़ा ।
कोटाली	स्त्री०	(कां)	दो गांव के मध्य का सीमा बुर्ज ।
कोठड़ी	स्त्री०	(कां)	लकड़ी का बड़ा संदूक जिस में अनाज आदि रखते हैं ।
कोठड़	पु०		सिचाई के लिए बनाया गया कुहरी से बड़ा बांध । एक छोटी कोठड़ी ।
कोठरू	पु०	(कां)	किसी ग्राम अथवा धार्मिक संस्था का मुखिया ।
कोठला	पु०	(कां)	खेतों की मिट्टी के ढेलों को तोड़ने के लिए लकड़ी का बना हुआ एक हथियार ।
कोठी	स्त्री०	(कु)	मौजा, वर्जीरी का एक छोटा हिस्सा जो कि माल बंदोबस्त के लिए किया जाता है ।
कोणक	स्त्री०	(कु)	गेहूं ।
कोतना	क्रि०	(कु)	खोदना । प्रयोग—सो खेत कोतदा लागी रा । वह खेत खोद रहा है ।
कोदरा, कोदला	पु०	(कां, कु)	एक अनाज विशेष । काले रंग का अनाज जिस के दाने बहुत बारीक होते हैं ।
कोम	पु०	(कु)	काम । प्रयोग—तुसा अपणा कोम केरा जी । आप अपना काम करें ।
कोम केरना	क्रि०	(कु)	काम काज करना ।
कोयली	स्त्री०	(कां)	कुम्हार के चक की छोटी कीली जिसमें चक को घुमाते समय कुम्हार लाठी का सहारा लगाता है ।
कोर	अ०	(कां)	ऊपर ।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
कोला	पु०	(कां) १—छोटा सा नाला जिसमें साल भर पानी रहता है । २—आठ दस बीघों की जमीन का ऐसा टुकड़ा जहां धान बोए जाते हों और जिसमें सिंचाई के लिए पानी लगता हो । ३—ऐसी जमीन जिसका कोई दावेदार न हो ।
कोली	पु०	(कु, कां) डागी जाति की एक उप-जाति ।
कोल्हू	पु०	(कु) घोंसला ।
कोशू	पु०	(कु, कां) मक्खन डालने का मिट्टी का छोटा सा बरतन 'कोरू' ।
कोशू	पु०	(कां, कु) नमकीन पानी डालने के लिए एक विशेष काठ का बरतन ।
कोल्थ	पु०	(कु, कां) एक अनाज विशेष ।
कोहल	पु०	(कु, कां) एक अनाज विशेष ।
कौं	पु०	(कां) एक पौधा विशेष ।
कौआं	पु०	(कां) कपोती की जाति का पक्षी विशेष, फाख्ता । (पं० घुग्गी) ।
कौखी	स्त्री०	(कां) कुक्षि, कोख, गर्भाशय ।
कौंडा	पु०	(कु) कांटा ।
कौहदा	पु०	(कु) पशु के कंधे पर उठा हुआ भाग, ककुद ।
कोकड़ी	स्त्री	(कु) हृदय, दिल ।
कौड़	पु०	(कां) एक प्रकार की घास जो जनवरी फरवरी के महीनों में गेहूं के खेतों में पैदा होती है ।
कौड़ख्री	स्त्री०	(कु) कड़छी ।
कौथी	अ०	(कु) कब । प्रयोग—तुसा घौरा-ने कौथी एणा । आप ने घर कब आना ।
कोन्हेणा	वि०	(कां) १—झगड़ालू व्यक्ति । २—ग्वालों की एक जाति विशेष ।
	ग.	
कौवा रूक्ख	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष जिसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है और इमारती कामों में अच्छी समझी जाती है । इसे घुन नहीं लगता ।
कौहरा	पु०	(कां) कम्बा रुमाल, चम्बा फैशन के अनुसार कशीदाकारी वाला एक रुमाल विशेष जो विवाह उत्सव पर इस्तेमाल किया जाता है ।
क्याड़ी	स्त्री०	(कां, कु) गरदन । ग्रीवा ।
क्याड़	पु०	(कां) गरदन की नाड़ी के अपने ठिकाने से हिलने से एक दर्द विशेष (पं० नाड़ोल)
क्यार	पु०	(कु, कां) पहाड़ी खेतों में पानी देने के लिए बटबन्दी करके खेतों के बनाए गए छोटे छोटे हिस्से ।
क्योड़	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष ।
क्योंर्फी	स्त्री०	(कां) कान का आभूषण ।
क्राड़	पु०	(कु, कां) ऋण देकर उसके ब्याज पर निर्वाह करने वाला महाजन वर्ग । साधारणतः इससे दुर्भावना का द्योतन होता है । (पं० कराड़) । कुल्लुकी में अर्थ दुकानदार से है ।
क्राथ	पु०	(कां) राजाओं के शासन काल में खेतीबाड़ी की पैदावार में से मजारों का हिस्सा ।

ख

शब्द	व्याकरण	अर्थ
खंगणा	क्रि०	(कां) खांसना, कुल्लु की में शब्द 'खुंगण' है ।
खंघ	स्त्री०	(कां) खांसी, कु० 'खुंग' ।
खंडा	पु०	(कां) भेड़ बकरियों का समूह ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
खंदा	पु०	(कां)	खुड ।
खंगार मारना	क्रि०	(कां)	किसी को सावधान करने के लिए बनावटी खांसी करना ।
खक्क	पु०	(कां)	कंधा, (कु० खोग्रा) ।
खक्खर	पु०	(कां)	भिड़ों का छत्ता ।
खखैरू	पु०	(कां)	एक मछली विशेष, महांशेर ।
खख्यार	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष ।
खख्यार	पु०	(कां)	एक प्रकार की मछली ।
खगट्ट	पु०	(कां)	लकड़ी का टुकड़ा ।
खटना	पु०	(कां)	गोका चमड़े की बनी हुई एक मशक विशेष जिसके सहारे नौका अथवा पुल के अभाव नदी पार करते हैं ।
खटनाऊ	पु०	(कां)	पहाड़ी नदी को पार करने का एक उपकरण ।
खटनाल्लू	पु०	(कां)	एक प्रकार का खाद्य फल । मोतिया फूल ।
खड्ड	पु०	(कां)	पहाड़ी नाला ।
खड़	पु०	(कां)	मकई के खेतों में अपने आप उगी हुई घास । (पं० खड़ । खड खावहि अमृत देह गुरु-ग्रंथ साहिब ।)
खडक	पु०	(कां)	'काहरग' में लाने को ऊंचा करने के लिए और सन्तुलन ठीक करने का उपकरण ।
खड़नूं-आ	पु०	(कां)	खड़ घास का "कुनल" ।
खड़पा	पु०	(कां)	काले रंग का सांप जो फन उठाकर चलता है ।
खड़म्ब	पु०	(कां)	एक विशेष वृक्ष ।
खड्डू	पु०	(कां)	खस्सी किया गया भेडू ।
खड़ेतर	पु०	(कां)	घास उगाने का खेत अथवा पहाड़ी ।
खड़ोते ओ	क्रि०	(कां)	खड़े हैं ।
			प्रयोग—तुसां क्यों इत्थु खड़ोते ओ ? आप क्यों यहां खड़े हैं ?
खड़ोदी	स्त्री०	(कां)	घास काटने वालों का ग्रोह ।
खता, खटा	पु०	(कां)	दही ।
खनाज	पु०	(कां)	गेहूं का आटा ।
खनेर	स्त्री०	(कां)	किसी नदी का ऊंचा किनारा ।
खनोड़	पु०	(कां)	विवाह के प्रसंग में दोनों पक्षों में बात चीत कराने वाला ।
खपड़ा,	वि०	(कां)	बूढ़ा ।
खपरा	वि०	(कु)	बूढ़ा ।
खपरा	पु०	(कां)	पकाई हुई मिट्टी के सलेट जो मकानों की छत पर डाले जाते हैं ।
खबरै	अ०	(कां)	शायद, न जाने ।
खब्बल	सं०	(कां)	दूब घास (पं० खब्बल) ।
खमब्बी	सं०	(कां)	गन्ने की एक किस्म ।
खमरू	पु०	(कां)	छोटा "खपरा" ।
खरक	पु०	(कां)	'काहरग' के "खुडल" में फिट किया हुआ डंडा जो डाने बाने को स्थापित रखता है ।
खरकड़ी	वि०	(कां)	तेज बहाव वाली खड़ खड़ करके बहने वाली ।
			प्रयोग—माण खड्ड बहुत खरकड़ी ऐ ।
			माण नदी बहुत तेज बहाव वाली है ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
खरत	पु०	(कां)	पशु हानि ।
खरा	वि०	(कु, कां)	अच्छा ।
खराड़ी	पु०	(कां)	डागी जाति की एक विशेष शाखा ।
खरूद	स्त्री०	(कां)	शरारत, छेड़ छाड़ (पं० खरूद), बीमारी
खरूदी	वि०	(कां)	शरारती (पं० खरूदी)
खरेड़ना	क्रि०	(कां)	खड़ा करना । प्रयोग—घड़ी भर खरेड़ इस जो । घड़ीभर के लिए इसे खड़ा कर ।
खरेहूरे	क्रि०	(कां)	खड़े किए हुए हैं ।
खरोड़ना	क्रि०	(कां)	झाड़ी अथवा डंगी से भूसे को इकट्ठा करना ।
		(कु)	खोदना
खल	स्त्री०	(कां)	चमड़ा ।
खल	स्त्री०	(कां)	कोल्हू में सरसों अथवा तिलों में से तेल निकाल लेने के बाद सरसों अथवा तिलों के ढेले ।
खलई	स्त्री०	(कां)	पतंगा, शलभ ।
खलडू	पु०	(कु, कां)	बकरी की खाल जिसमें आटा डालते हैं ।
खलवरा	पु०	(कां)	चील वृक्ष का बिरोजा ।
खलड़ी	स्त्री०	(कु, कां)	खाल । 'खलडू'
खशाला	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष ।
खलाफत	स्त्री०	(कां)	खिलाफत, विरोध
खली	स्त्री०	(कां)	घास का आयताकार 'कुनलू'
खलीतड़ी	स्त्री०	(कां)	कशीदाकारी का सूई धागा रखने का कपड़े का बना हुआ एक बटुआ विशेष ।
खलोटी	स्त्री०	(कां)	एक अनाज विशेष ।
खसौधा	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष जिसके पत्ते कचोड़ की तरह होते हैं ।
खल्हे	वि०	(कां)	नीचे ।
खाखरा	पु०	(कां)	एक विशेष वृक्ष जिसके पत्ते खुरदरे होते हैं ।
खाख	स्त्री०	(कु)	मुंह । प्रयोग—एंढा बोलदया तेरी खाखनी फूटी । ऐसा कहते हुए तेरा मुंह न फटा ।
		(कां)	रुखसार, गाल । प्रयोग—तेरे खाखां जो क्या होइग्या । तेरे गालों को क्या हो गया ।
खाखडू	पु०	(कां)	बच्चों के गाल, रुखसार । (कु) छोटा मुंह (विशेषत: बच्चे का) ।
खाड़ना	क्रि०	(गा)	खेलना ।
खाड्डा	वि०	(कां)	अधिक चौड़ा ।
खाडू	पु०	(गा)	भेड़ का बच्चा ।
खाड़	पु०	(कां)	'सारफड़' ।
खाती	स्त्री०	(कां)	पानी की कमी वाले हलकों में (यथा ऊटपुर आदि) वर्षा के पानी को इकट्ठा करने के लिए बनाया गया कृत्रिम कुआं ।
खापरा	वि०	(कु)	बूढ़ा आदमी । "खपरा"
खार	वि०		द्रोही बुद्धि, ईर्ष्या ।
खारी	स्त्री०		टोकरी ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
खारियां बदलना	क्रि०	(कां)	पराया हो जाना, दूसरे को सौंप देना, विवाहोत्सव में एक संस्कार विशेष जब विवाहित हो रहे लड़का और लड़की आपस में स्थान बदलते हैं ।
खाल	पु०	(कां)	किसी खड्ड अथवा नाले में पानी के बहाव के कारण बना हुआ गहरा सा गढ़ा ।
खालसा	पु०	(कां)	किले के साथ सम्बद्ध ज़मीन ।
खाड़ा	पु०	(कां)	मल्लयुद्ध करने का स्थान ।
खिखर	स्त्री०	(कु, कां)	तेज़ नुकीला पत्थर ।
खिंजना	क्रि०	(कां)	खींचना ।
खिड़ना	क्रि०	(कां)	पलग होना ।
खिंद	स्त्री०	(कु, कां)	बिस्तर में ओढ़ने या बिछाने का कपड़ा, लिहाफ़ जिस में रुई के स्थान पर पुराने कपड़ों की टाकियां चीथड़े आदि भरे होते हैं ।
खिखना	क्रि०	(गां, कां)	सन्तुष्ट होना ।
खिखरना	क्रि०	(गा)	पढ़ना, सीखना ।
खिखारना	क्रि०	(गा)	सिखाना, पढ़ाना ।
खिट्ट	स्त्री०	(गां, कु)	दौड़ ।
खिट्ट मारनी	क्रि०	(गा, कु)	दौड़ लगाना ।
खिड़क	स्त्री०	(कु, कां)	एक वृक्ष विशेष, जिसके रस और पत्ते कड़वे होते हैं ।
खिधी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की बेल जिसकी जड़ों को गीदड़ उखाड़ कर खाते हैं ।
खिमा	स्त्री०	(कां)	क्षमा ।
खियाणा	क्रि०	(कु, कां)	खिलाना । प्रयोग—तू मुंडुए जो क्या खियाणे लगी ओ । तू बालक को क्या खिला रही है ।
खिल	पु०	(कां)	फूल, सामान्य पुष्प । आग में पक कर खिला हुआ मकई का दाना अथवा फटकड़ी का टुकड़ा । (पं० खिल्ल)
खिलतमिलत	वि०	(कां)	अस्तव्यस्त ।
खिल्ली	वि०	(कु, कां)	खाली जमीन, वह ज़मीन जिसमें फसल न बोई गई हो ।
खिलसार (खिलसाल)	पु०	(कां)	बंजर भूमि का लगान ।
खींघर	पु०	(कां)	टूटा हुआ तीखा बड़ा पत्थर ।
खींखना	क्रि०	(गा)	सीखना, सिखाना ।
खीत	स्त्री०	(गा)	शीत, सर्दी, ठंड ।
खीमण	पु०	(कां)	मकई आदि के खेतों से पक्षियों को उड़ाने के निमित्त पत्थर फैंकने के लिए बनाया गया रस्सी का एक उपकरण । (पं० गोपीआ) ।
खुंग	पु०	(कां)	खांसी "खंघ" ।
खुंगाना	क्रि०	(कां)	खांसना ।
खुंघणी	स्त्री०	(कां)	भिगोई हुई दालों को पीस कर और सुखा कर बनाए गए कच्चे पकौड़े, 'बड़ियाँ' ।
खुंडलू	पु०	(कां)	वे छोटे-छोटे खूण्डे जिनके सहारे 'काहृल' नामक देशी खड्डी फिट की जाती है ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
खुंडी	स्त्री०	(कु)	कान के गोलाकार और बारीक गहने जो साधारणतः चांदी या सोने के बने होते हैं ।
खुंडू	पु०	(कां)	चरखे का एक उपकरण विशेष ।
खुख	पु०	(कां)	रबड़ की गेंद जिसमें हवा भरी हो ।
खुखा	पु०	(गा)	सूखा ।
खुणे पुर		(कां)	कुएं के ऊपर ।
खुजूरस	पु०	(कां)	खजूर के फलों की मिठास से बनाया गया गुड़ ।
खुहकू	पु०	(कां)	पहाड़ पर १०-१५ कदमों की चढ़ाई "कुआल" यह शब्द नूरपुर तहसील में बहुतायत से प्रयुक्त होता है। कुल्लूकी में इस का अर्थ शरीर के जोड़ है ।
खुड़	पु०	(कां, कु)	पशु बांधने का कमरा ।
खुड़	पु०	(कां)	शत्रुता (पं० खुड)
खुणणा	क्रि०	(गा)	सुनना ।
खणाणा	क्रि०	(गा)	सुनाना ।
खुणुआ	पु०	(कां)	दालें भिगोकर उन्हें पीसकर और सुखाकर बनाए गए कच्चे सूखे पकौड़े जो किसी भी समय पका कर सब्जी के रूप में बनाए जाते हैं।
खुत	सं०	(कां)	बन्दोबस्त माल के उद्देश्यों के लिए जमीन को बांटने का पुराना तरीका ।
खुभी	स्त्री	(कां)	एक प्रकार की मछली ।
खुम्ब	पु०	(कां)	टटमोर, एक अधभुज वर्ग की वनस्पति (पं० खुम्ब)
खुराट	पु०	(कां)	वह स्थान जहां बरसात में घास उगाया जाता है।
खुलणा	क्रि०	(गा)	बाहर ले जाना, फेंकना ।
खुलासी	स्त्री०	(कां)	खलासी (Liberation) ।
खुआट	वि०	(कां)	"खुराट" ।
खुआड़ा	पु०	(कु, कां)	खलिहान भेड़ों के रखने का खेत ।
खुआका	पु०	(कां)	मकान की मरम्मत आदि के लिए मिट्टी उखाड़ने का गढ़ा ।
खुर्क	स्त्री०	(कु, कां)	खारिश, खुजली (पं० खुर्क) ।
खुर बनाना	क्रि०	(कां)	बच्चों का एक खेल जिसमें बच्चे रेत पर हाथी, घोड़े, भेड़िए, सूअर, गाय, भैंस आदि जानवरों के खुरों (पांवों) के निशान बनाते मिटाते हैं।
खुरमूंही	स्त्री	(कां)	पशुओं की एक बीमारी विशेष । पातुरा ।
खूरेखू	पु०	(कां)	एक प्रकार का पशु रोग ।
खुवां	पु०	(कु, कां)	पशुओं का पांव, खुर, सुम ।
खे			कर्म और सम्प्रदान कारक का विभक्ति चिन्ह ।
खेंदया पाई लैणा	क्रि०	(कां)	अपने स्वभाव से परिचित करा कर अपने साथ मिला लेना।
खेड़पट्टा	पु०	(कां)	"नार सिंह परियों" आदि पहाड़ी देवताओं के चिन्ह स्वरूप बनाए गए चांदी के आभूषण, इन आभूषणों को ऐसी स्त्रियां पहनती हैं जिन में सम्बन्धित देवताओं की चेतना प्रवेश करती हो।
खेंदना	क्रि०	(कां)	पशुओं को हांकना । प्रयोग—गोरुआं जो खेंदी दिन्नयो । जरा पशुओं को हांक देना।
खेणी	स्त्री०	(कां)	एक वृक्ष विशेष, यह वृक्ष पिपाड़ा नहियाण के जंगलों में बहुतायत से होता है ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
खेतू	पु०	(कां)	खेत, छोटा सा खेत।
खेला	पु०	(कां)	बूढ़ा।
खैंखर	पु०	(कां)	एक पक्षी विशेष।
खैर	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष, जिस के तने से कत्था निकलता है।
खैहस	स्त्री०	(कां)	ख्वाहिश, इच्छा।
खैंहणा	पु०	(कां)	झगड़ना (पं० खहिणा)।
खोघाड़ा	पु०	(कां)	वह जगह जहां से मकान लेपने के लिए मिट्टी खोद कर निकाली जाती है।
खोए	पु०	(कां)	कम्बल। "खाऊ"
खोल	पु०	(कां)	कमरपट्टे के साथ रखी हुई जेबनुमा जगह।
खोट	पु०	(कु०, कां)	किसी देवते का अभिशाप।
खोड़	पु०	(कु०, कां)	अखरोट।
खोणना	क्रि०	(कु)	खोदना। "खूनना"।
खोना	क्रि०	(कां)	स्वाद खिलारना, खाया जाना। प्रयोग—इतना भत मेते नी खोना। इतना भात मेरे से नहीं खाया जाएगा।
खोनाई	स्त्री०	(कां)	जमीन की खुदाई।
खोपा	पु०	(कां)	घराट की मोडी का निचला हिस्सा।
खोरू	पु०	(कु कां)	मिट्टी का छोटा बरतन जिसमें मक्खन रखते हैं।
खोहणा	क्रि०	(कां)	छीनना (पं० खोहणा)।
खौढ़ा	वि०	(कां)	बहुत बूढ़ा।
खौंद	पु०	(कां)	खाविन्द, पति।
खौरू	पु०	(कां)	जुकाम नजला आदि की सूरत में घड़े की ठीकरी तथा चौराहे के कंकर ले कर बनाया गया एक दुशांदा विशेष। २—पांवों से कुरेद कर बनाई गई जगह (पं० खौरू)।
खौरा	पु०	(गा)	श्वसुर।
खौल	पु०	(कु)	खलिहान, खल।
खौल फेरना	क्रि०	(कु)	गेहूं आदि अनाज को गाहना।

ग

शब्द	व्याकरण		अर्थ
गंबक	पु०	(कां)	स्त्री के स्तन।
गगल	पु०	(कां)	ढेर।
गगर	स्त्री०	(कां)	कंकरीली भूमि।
गगारना	क्रि०	(कां)	खाना और पीना।
गच्छला	वि०	(कां)	खाली।
गज	पु०	(कां)	देखो 'कात'। २. छत्तीस इंच का एक माप विशेष।
गजर	वि०		अन्धेरा।
गंडियालो	स्त्री०	(कां)	अर्बी आलू की जाति का एक खाद्य पदार्थ।
गंढीबा	स्त्री०	(कां)	हल और गंड़ को मजबूती से जोड़ने के लिए लकड़ी की कीलें।
गद्दी	स्त्री०	(कां)	१. चावल, गेंहू, मकई का गट्ठा। २. रेलगाड़ी।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
गड़प्ना	क्रि०	(कां)	निगलना, किसी वस्तु को शीघ्रता से खा लेने की क्रिया।
			प्रयोग—तूं तां सारा पानी गड़प्पी गिया।
			तू तो सारा पानी पी गया।
गड़ाका	पु०	(कां)	बादल की गर्ज।
गड़ोई	पु०	(कां)	गन्ने के रस से गुड़ अथवा शक्कर बनाने वाला व्यक्ति।
गड़ोजू	पु०	(गा)	बांसुरी की प्रकार का एक वाद्य यंत्र।
गड़बिल्ली	स्त्री०	(कां)	सिर को जमीन के साथ लगा कर सारे शरीर को सिर के बल उलटने की क्रिया।
गढू	पु०	(का)	मिट्टी का ऐसा बरतन जिस में दही का मथन करके छाछ बनाई जाती है।
गती सती	स्त्री०	(का)	अन्त्येष्टि क्रिया।
गथ (गत)	स्त्री०	(कां)	गति, मारपीट।
गदाई बकरी	स्त्री०	(गा)	ऐसी बकरी जो जगल में चरते समय बहुत दूर चली जाती हो।
गनलाड़ी	स्त्री०	(कां)	एक उपकरण, गन्नों को काटने का टोका।
गबर	पु०		रात का अन्तिम पहर।
गबला	वि०	(कां)	मध्य का (प० गभला)।
गबी	स्त्री०	(गा)	भेड़।
		(कु)	गभो—भेड़ की बच्ची।
गबू	पु०	(गा)	भेड़ का बच्चा।
गब्भें	अ०	(कां)	मध्य में (पं० गब्भे)।
गम्मना (गालिब जाना)	क्रि०	(कां)	अच्छा लगना, किसी चीज पर फिदा होना।
			प्रयोग—मिञो तुसारा नचना गम्मि गिया।
			मुझे आप का नाच पसन्द आ गया।
गम्हीर (घम्हीर)	पु०	(कां)	गलगल की जाति का वृक्ष।
गरओड़	पु०	(कां)	पशु को बांधने के लिए बनाए गए रस्से के जोड़ में लगाई जाने वाली गांठ विशेष।
गरजू	स्त्री०	(का)	बिजली की गरज।
गरड	पु०	(का)	घराट का एक लकड़ी का बना हुआ चक्राकार उपकरण।
गर्भन्ती	स्त्री०	(कां)	गर्भवती स्त्री।
गरासू (घरालू)	स्त्री०	(कां)	पशुशाला।
गरासनी	पु०	(कां)	ग्रामदेवता।
गरेंठ	स्त्री०	(कु)	तर्जनी अंगुली और अंगूठे के मध्य का अधिकतम फासला।
			प्रयोग—गरेंठ एक शोहरू ता गला कुण।
			गरेंठ (जितनी लम्बाई) भर का लड़का बातें कमाल की।
गरेली खड्ड	स्त्री०	(का)	नूरपुर में चक्की नदी की एक सहायक खड्ड।
गरोई	पु०	(कां)	एक कीट विशेष।
गन्हेल		(का)	गन्हें के तने का तेल।
गलना	क्रि०	(कां)	मुरझा जाना। गल-सड़ जाना।
गलफथ	स्त्री०	(कां)	गफलत, लापरवाही।
गलमा	स्त्री०	(कां)	एक छोटा सा पौधा जिस के पत्तों का पानी कुएं के पत्तों के पानी से मिला कर पशुओं की आंख के फोले के लिए दवाई के रूप में प्रयुक्त होता है।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
गला	स्त्री०	(कां) (कु)	मकड़ी। बात।
गलाण	पु०	(कां)	कथन।
गलाणा	क्रि०	(कां)	कहना, बात करना।
गलाल	पु०	(कां)	एक प्रकार का पौधा जिस के पत्ते गंड फोड़े को फुटाने के लिए लाभकारी होते हैं।
गली	स्त्री०	(कां)	पशुओं की एक बीमारी।
गली	स्त्री०	(कां)	वर्षा के कारण क्षरित हुई नंगी जमीन।
गलू	पु०	(कां)	छोटा और तंग रास्ता, गली।
गलू	पु०	(कु०कां)	सुराख, छेद, चक्की के ऊपर वाले पाट का छेद जिस में दाने आदि डालते हैं।
गलोटू	पु०	(कां)	चरखे से काते गए सूत का एक भुट्टा।
गलेलू (बलेलू)	पु०	(कां)	एक छोटा सा पौधा, पेट दर्द के बीमार इस के पत्तों की चटनी खाते हैं, किसी भी प्रकार की दर्द के लिए इस के पत्तों का लेप बनाया जाता है, इस के फलों का तेल बनता है जो दर्द के लिए अकसीर समझा जाता है।
गलोई जाना	क्रि०	(कां)	न चाहते हुए किसी बात का प्रकट हो जाना। प्रयोग—चांहदा ता नईं था, पर गलोई गिया मेते। चाहता तो नहीं था परन्तु बोला गया मुझ से।
गलोड़	पु०	(कां)	अधिक बातें करने वाला।
गही	स्त्री०	(कां)	दीवार में छोटी सी अलमारी।
गहुर्नांठ	पु०	(कां)	"गहुर्नां" नामक पुरानी झाड़ी का तना और जड़। इस की आग में बहुत ताप होता है और बड़ी देर तक रहती है।
गःर्णा	पु०	(कां)	एक कांटेदार पौधा। सर्दियों में इस पर काले खाद्य फल लगते हैं।
गांगलू	स्त्री०	(कां)	चौड़ी गन्दल वाली "लूं" या थूहर।
गागरू	पु०	(कां)	गागर, घड़ा।
गां:दला	पु०	(कां)	एक पौधा विशेष, इस की कोंपलें माह की दाल के कोड़कू को गला देती हैं।
गांधला	पु०	(कां)	एक छोटा पौधा। इस के फलों की चटनी बनती है।
गाई	स्त्री०	(कु)	गौ।
गाची	स्त्री०	(कु०गा)	कमर में बांधने वाला एक वस्त्र विशेष।
गाजल बेल	स्त्री०	(कां)	एक लता विशेष, इस के पत्ते अथवा फल शरीर के साथ लगने से ही शरीर में बहुत खारिश हो जाती है।
गाज	स्त्री०	(कां)	ब्यास की एक सहायक नदी, यह उपनदी धर्मशाला के हिमवान पर्वतों से निकल कर तहसील कांगड़ा और देहरा में बहती हुई देहरा आदि खड्डों को साथ लेकर ब्यास में मिलती है। इस खड्ड से सिंचाई का काम भी लिया जाता है।
गाटी	स्त्री०	(कां)	मित्रता, दोस्ती। प्रयोग—अजकल सतपाले री परगासे कने गाटी ऐ। आजकल सत्यपाल की प्रकाश के साथ मित्रता है।
गाडी	स्त्री०	(कां)	कटी हुई फसल के बीस पूलों का भार जो एक आदमी उठा सके।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
गड्डा	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की मक्की जो ६० दिन में तैयार होती है।
गादूबंड	स्त्री०	(कां)	प्रत्येक खेत की विभिन्न हिस्सों में तकसीम, जिस में हर हिस्सादार हर प्रकार के खेत का हिस्सा ले सके।
गाधा	पु०	(कां)	गधा।
गार्ड सम्रण	स्त्री०	(कां)	एक छोटा वृक्ष जिस के पत्ते खुशबूदार होते हैं और जिसकी लकड़ी चारपाई के पावें बनाने के लिए अच्छी समझी जाती है।
गारड	पु०	(कां)	चरखे के चक्के के बीच लकड़ी का मोटा टुकड़ा जिसके साथ चक्का फिट किया जाता है।
गावरू	पु०	(गा०कां)	अठारह-उन्नीस वर्ष का युवक।
			प्रयोग—हुण ता तू गावरू होई गिया तुओ बाहर जाना चाहिदा।
			अब तो आप नौजवान हो गये हैं बाहर (दूर देश कमाने के लिए) जाना चाहिए।
गारू	पु०	(कां)	चर्मकारी में काम आने वाली एक नस्तर विशेष।
गाल	सं०	(कां)	गीत, गले से निकली मधुर ध्वनि।
गाला	पु०	(कां)	१—हिस्सा, एक गाला पानी।
			२—ग्रास, एक गाला ग्रास।
गाश	पु०	(कु)	वर्षा।
गाशी	अ०	(कां)	ऊपर।
गासे	अ०	(कां)	ऊपर।
			प्रयोग—ऐ अम्ब बड़े गासे लगे हो राड़ी नी सकदे।
			ये आम बहुत ऊपर लगे हैं उतार नहीं सकते।
गासबेल	स्त्री०	(कां)	अमरबेलि, हाथ पांवों में सोजश आने पर इस का पानी मलने पर आराम आता है। "अक्कर बेल"।
गाहना	क्रि०	(कां)	गेहूं की सूखी फसल को काट कर खलिहान में खिलार कर उस से अनाज अलग करने के लिए उसे बैलों के पैरों से कुचलवाने की प्रक्रिया।
गाहल	पु०	(कां)	पथ, चौड़ा रास्ता, सड़क।
गाहल	स्त्री०	(कां)	तंग रास्ता जिसके दोनों तरफ छोटी और तंग झाड़ियां हों।
गाणा	क्रि०	(गा)	जाना।
गिची	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की मीठी रोटी।
गिझना (गिझि जाना)	क्रि०	(कां)	स्वभाव पड़ना, आदत पड़ना।
गिड	स्त्री०	(कां)	एक मछली विशेष जिसका रंग हरा और "कांटे" कम होते हैं। यह मछली मांस नहीं खाती इस लिए इसे ब्राह्मण मछली कहते हैं।
गिडली	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की मछली।
गिलासड़ू	पु०	(कां)	छोटा गिलास।
गिश	अ०	(कां)	देखो "गाशी"।
गिहाना	पु०	(कु०कां)	पवित्र प्रज्वलित अग्नि।
गी-ओ	स्त्री०	(कु)	अमरूद।
गीता लाणी	क्रि०	(कु)	राग गाना, गीत गाना।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
गुंतर	पु०	(कां)	घी, दही, दूध, गंगाजल और गाय के मूत्र इन पांच चीजों का मिश्रण जो सूतक के दिनों में शुद्धि के निमित्त प्रसूता स्त्री को पिलाया जाता है।
गुआची जाणा	क्रि०	(कां)	गुम हो जाना।
गुआड़ा	पु०	(कां)	देखो "अगुआड़ा"।
गुआणा	क्रि०	(कां)	१—गीत गाना। प्रयोग—मुन्नू ऐ रे जन्म दिनां जो गीत गुआणेन। बच्चे के जन्म दिन को गीत गाते हैं। २—गुम कर देना, बिगाड़ना। प्रयोग—१(कु) १—गोहरू की जें आऊ टोपी गुआइया। लड़का कहीं टोपी गुम कर आया। प्रयोग—२(कु)—एई नीति ऐ तैं बोण हुंदा कोम गुआऊ। इस नीयत से तूने बना बनाया काम बिगाड़ दिया।
गुआलू	पु०	(कु०का)	१—पशु चराने वाला, ग्वाला।
		(कां)	२—एक बारीक रस्सी जिस से हल की "जोत" को बांधते हैं।
गुगल	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की जड़ी बूटी।
गुज्ज	स्त्री०	(कां)	चरखे का उपकरण विशेष (पं० गुज्झ)।
गुज्जर पंछी	पु०	(कां)	एक पक्षी विशेष, जिस की रट में "डी औम", "डी औम" का अर्थापन किया जाता है।
गुजराना	पु०	(कां)	आजीविका, रोजी।
गुटकारी	स्त्री०	(कां)	छोटे बच्चे की हंसी। प्रयोग—मुन्नु गुटकारी मारा'दा। बच्चा हंस रहा है।
गुटि	स्त्री०	(कां)	अखरोट की गिरी।
गूठा	पु०	(कां)	नौका का पिछला हिस्सा। अंगूठा।
गूठी	स्त्री०	(कां)	अंगूठी।
		(कु)	अंगुली।
गुठ्ठू	पु०	(कु०, कां)	अंगुली, छोटे बच्चे की उंगली।
गुड़-गुड़ी	स्त्री०	(कां)	हुक्का।
गुड्डमा	सं०	(कां)	पाजामा।
गुड़मू	पुं०	(कां)	बसन्त ऋतु में आम के पत्तों पर कीटों द्वारा जमा किया गया एक चिपचिपा सा पदार्थ।
गुड़ला	पु०	(कां)	मीठा, मिठाई।
गुड़ी	स्त्री०	(कां)	शक्कर बनाने के लिए गर्म किए जा रहे रस की ऐसी मैल जो "मलही" के बाद "कड़ाही" के किनारों में लग जाती है।
गुणे खेलना	क्रि०	(कां)	विवाहोत्सव में एक विशेष क्रीडा जिस में ससुराल में आई दुलहन ससुराल के परिजनों के साथ परिचित होते समय उन के हाथों में मिठाई देती है और वे उस के हाथों में मिठाई देते हैं।
गुती	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार का फल।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
गुना	पु०	(कां) एक प्रकार का कमल।
गुनी, गुणी	पु०	(कु) भूरे रंग का वानर।
गुरमुर	स्त्री०	(कां) एक मछली विशेष जिस के "चाने" सुनहरी होते है।
गुराल	पु०	(कां) पशु आदि बांधने का स्थान।
गुलमुली	स्त्री०	(कां) एक प्रकार की मछली।
गुलदा:ण	स्त्री०	(कां) भेड़-बकरियों का चारा विशेष।
गुलबासु	पु०	(कां) एक पौधा विशेष।
गुलाह	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष।
गुलियाट		(कां) गन्ने के पौधे के सिरे वाला हिस्सा।
गुलुआणा	कि०	(कां) "गलाणा" से प्रेरणार्थक क्रिया।
गुल्लु	पु०	(कां) मकई का बाल जिससे मकई के दाने उतार लिए हों।
गुहाड़ना	कि०	(कु०, कां) खोलना। उघाड़ना। प्रयोग—भित्तां गुहाड़ी देणा। दरवाजा खोल दो।
गून	पु०	(कां) एक प्रकार का वृक्ष।
गूलै	स्त्री०	(कां) एक प्रकार का जंगली पौधा।
गे-ओ		(कां) जा चुके हैं, गए हैं।
गेली	स्त्री०	(कु०कां) इमारती लकड़ी का टुकड़ा।
गो:आ	पु०	(कां) गोबर।
गोका	वि०	(कां) गाय का।
गोखडू	पु०	(कु) कान का एक आभूषण विशेष। जो साधारणतः चांदी या सोने का होता है।
गोजि:णा	कि०	(कु) छुप जाना।
गोजी	स्त्री०	(कां) गेहूं और जौ की मिली जुली फसल।
गोझड़ा	पु०	(कां) सिर का टोप या कपड़ा। पशु बांधने का स्थान।
गोटना	कि०	(कु) रोकना। प्रयोग—पानी मता गोटदे। पानी मत रोको।
गोठ	स्त्री०	(कां) पशु बांधने का स्थान।
गोड़ा	पु०	(कां) (चढ़ियार के इलाके में) टखना।
गोड़ा	पु०	(कां) धुनी हुई रूई का एक गोला जिस से कातने के लिए पूणियां बनाई जाती हैं। (कु) गोडू।
गोड़ी	स्त्री०	(कां) घराट का एक उपकरण, लकड़ी की छोटी सी कीली जो घराट के ऊपर वाले बट पर टिक-टिक करती रहती है।
गो:णा	कि०	(कां) चढ़ाई चढ़ना।
गोत (गोत्र)	पु०	(कां) संस्कृत 'गोत्र'।
गोता	पु०	(कां) अगेती बिजाई।
गोद	स्त्री०	(कां) एक मछली विशेष जिस का मुंह सांप की तरह होता है। इस की पीठ के मध्य और सिर पर कांटा होता है और रंग काला होता है।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
गोबन माला	स्त्री०	(कां)	बगड़ की रस्सी में पिरोई हुई आम्रपत्रों की माला जो पशुशाला के द्वार पर लटकाई जाती है जिस से पशुधन हर प्रकार की बीमारी से बचा रहे ।
गोनणी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार का पौधा जिस के फूल कच्चकुशा होते हैं।
गोरू	पु०	(कां)	पशु, डंगर, माल।
गोली बा:णा	क्रि०	(कु०,कां)	बंदूक चलाना ।
गोलू	पु०	(कां)	एक प्रकार की सफेद मिट्टी जो चूने की तरह दीवारों पर लगाई जाती है।
गोलेना	पु०	(कां)	सफेद रंग की मिट्टी ।
गोसर	पु०	(कां)	पहाड़ी रास्ता जिस में से पहाड़ी पशु आसानी से आ जा सकें।
गोह	स्त्री०	(कां)	एक जानवर विशेष। इसकी पूंछ बहुत लम्बी और मजबूत होती है, यह अपने शत्रु जानवरों को पूंछ से ही मारती है ।
गोहट्टु	पु०	(कां)	गोबर की छोटी पाथी।
गोहर	स्त्री०	(कु०,कां)	रास्ता।
		(कां)	प्रयोग—डंगरा जो गोहरा बानी पानी जो लेई जाया। पशुओं को पानी पिलाने के लिए रास्ते से ले जाओ।
		(कु)	गोहर चूटी। रास्ता टूट गया।
गोरण	सं०	(कां)	पशु बाड़ने का स्थान।
ग्होना	क्रि०	(कां)	टट्टी हो जाना । प्रयोग—मुन्नुए ते पजामें च ग्होई गया। बच्चे की पाजामे में ही टट्टी हो गई।
गौड़	स्त्री	(कां)	एक प्रकार की मछली।
गौष	पु०	(कु०,गा)	भेड़ का छोटा सा बच्चा।
गौषी	स्त्री	(कु०,गा)	भेड़ की छोटी बच्ची।
गौल केरनी	क्रि०	(कु)	बात करना ।
गौलू	पु०	(कु)	घराट के पाट का छेद।
गौला	पु०	(कां)	चूल्हे का अगला प्रमुख भाग जहां आग की पूरी लपट आती है।
घड़ोंची	स्त्री	(कां)	भीड़ीतोरी। (पालमपुर की तरफ आम होती है)।

घ

शब्द	व्याकरण		अर्थ
घंडाड़ा	पु०	(कां)	मकान के खण्डहर ।
घचोल	पु०	(कां)	अव्यवस्था ।
घटि	उपसर्ग	(कां)	बिना, कम, न्यून।
घट्टी	स्त्री०	(कां)	किसी पहाड़ी पर जाने का वह चढ़ाई का रास्ता जो "घड़ु" की तरह खड़ा और सीधा न हो अपितु अपेक्षाकृत सरल हो ।
घड़ु	पु०	(कां)	खड़ी और सीधी पहाड़ी।
घड़ेतण	स्त्री०	(कां)	पानी के घड़ों को रखने के लिए लकड़ी का स्टैण्ड ।
घड़ेला	पु०	(कां)	गढ़ा जिस में कि काहूरा को फिट किया जाता है ।
घड़ोत	पु०	(कां)	जन्म के शीघ्र पश्चात् बच्चों को पिलाया जाने वाला दूध मिला पानी।
घड़ोलू	पु०	(कु,०कां)	छोटा घड़ा।
घण	पु०	(कु०,कां)	बड़ा हथौड़ा ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
घणचाल	पु०	(कां)	ग्वालों की एक खेल विशेष, जिसे पत्थर के छोटे-छोटे कंकरों से खेलते हैं।
घतना	क्रि०	(कां)	ऋणदाता के यहां काम करके ऋण चुकाना।
घमाए थां		(कां)	बधाई, मुबारिक हो, क्षमा करें। बातचीत के प्रसंग में किसी देवता का नाम आने पर उस देवता की समृद्धि के निमित्त कहा गया शब्द। प्रयोग—गुगए जो रोट चढ़ाई करें उन्हें घमाएआं मंगी। गुगे (देवते) को रोट चढ़ा कर उसने उससे क्षमा मांगी।
घर	पु०	(कां)	वस्तुरूपेण दिया गया किराया।
घरे के चोरे दी सरोआं के मोरे दी राखी भी हुंदी	लोकोक्ति	(कां)	घर का भेदी लंका ढाए।
घरनाड़ी	पु०	(कां)	घर में पालतू शहद की मक्खियों का छाता।
घरसोड़	पु०	(कां)	एक छोटा सा मकान, कुटिया।
घरसेर	सं०	(कां)	ऐसे खेत जो घर के आसपास हों, जिन में अच्छी खाद पड़ती हो और अच्छी उपज होती हो।
घराट	पु०	(कु०,कां)	पानी से चलने वाली आटे की चक्की।
घराटी	पु०	(कु०,कां)	घराट चलाने वाला व्यक्ति विशेष।
घराल	स्त्री०	(कां)	अस्थायी झोंपड़ी।
घरिण्ड	स्त्री०	(कां)	भेड़ की काठी, पहाड़ की दुश्वार घाटियों में भार के वहन का कार्य भेड़ों द्वारा किया जाता है।
घरिस्त	स्त्री०	(कां)	गृहस्थ।
घरोणी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार का पक्षी जो बोतलनुमा घोंसला बनाता है।
घरूक	पु०	(कां)	रस्सियों का पुल।
घरू	पु०	(कां)	मालबन्दोबस्त की ऐसी मुजारागिरी जिसके अनुसार जमींदार वैयक्तिक रूप में प्रत्येक खेत की उपज का कुछ हिस्सा लगान के तौर पर लेता है।
घरैत	पु०	(कां)	सम्बन्धी।
घरोना	क्रि०	(कां)	सूर्यास्त होना, सूरज का गुरूब होना। प्रयोग—ध्याड़ा घरोई गिया। दिन अस्त हो गया।
घलांदर	पु०	(कां)	वानर की जाति का एक जानवर जिस का मुंह काला होता है।
घलियारना	पु०	(कां)	'काहूरा' देसी खड्डी के दस्ते के ऊपर का सन्तुलन ठीक रखने वाला डंडानुमा उपकरण विशेष।
घशीटना	क्रि०	(कु०,कां)	घसीटना।
घांगड़ी	स्त्री०	(कु)	एक प्रकार का चावल।
घाड़	पु०	(कां)	वर्षा के कारण गिरा हुआ पहाड़ का तोदा।
घाड़की	पु०	(कां)	दूसरे की वस्तु जबरदस्ती उठाने वाला।
घाड़ू	सं०	(कां)	पत्थर घड़ने वाला।
घाण	पु०	(कां)	गन्नों का उतना समूह जितना गन्ने के बेलने में एक बार आ सकता है।
घाम	पु०	(कु)	गर्मी।
घाल	पु०	(कां)	दूध वाले बरतन को थोड़े से पानी से धोकर दूध को गर्म करते समय उस में डालना ताकि उबलते समय दूध कम जले।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
घाल	स्त्री०	(कां) इमारती लकड़ी को जंगलों से काटकर नदी के बहाव में डालकर दूसरे स्थान पर ले जाने का भाव ।
घालकी	पु०	(कां) सहायता देने वाला ।
घालना	क्रि०	(कां) सहायता देना ।
घियाणा	पु०	(कां) एक पौधा विशेष, इस की टहनियां पौनू घास की तरह होती हैं परन्तु पत्ते बांस वृक्ष के पत्तों की तरह ।
		(कु) कुल्लू में बच्चे को टट्टी करवाना ।
घुंघणियां	स्त्री०	(कां) गेहू के उबाले हुए दाने ।
घुभाड़ा	पु०	(कां) सूखी घास को काट कर सुरक्षित रखने के लिए उसी घास के पूलों का विशेष विन्यास ।
घुघू	पु०	(कु०,कां) कबूतर ।
घुटारी	स्त्री०	(कां) एक पक्षी विशेष ।
		(कु) 'घियारी' ।
घुमाटा	पु०	(कां) सिर में चक्कर आने की बीमारी
घुर गढ़	स्त्री०	(कां) बागड़ घास की जाति की एक घास विशेष जो घोड़ों के लिए मन भाता चारा होती है ।
घेसला	वि०	(कां) मन की बात न बताने वाला (पं० मचला) ।
घोटा	पु०	(कां) पटसन के पत्तों से बनाई गई मदिरा जिस में धीमा सा नशा होता है ।
घोड़ल	पु०	(गा, कां) बकरी के गले के अतिरिक्त स्तन जिन में दूध नहीं होता ।
घोड़ीना	क्रि०	(कु) लाठी से लड़ाई करना ।
		"च"
चंगेड़ु	पु०	(कां) छोटी चंगेर ।
चंगेर	स्त्री०	(कां) बांस की गोलाकार टोकरी जो ऊंची तो केवल आध फुट होती है परन्तु घेरा बहुत अधिक होता है। इसमें खमीर वाले कच्चे भटोरे रखे जाते हैं ।
चन्दरा	वि०	(कां) सूम, कंजूस, अनिष्ट ।
		(कु) चालाक ।
चन्द्रौली	स्त्री०	(कु) कृष्ण-गोपियों की रासलीला का स्वांग ।
चम्बा	पु०	(कां) चम्पा । एक फूल विशेष ।
चक	पु०	(कां) चरखें का चक्र विशेष ।
चक	पु०	(कां) सिर का आभूषण जो विवाहित स्त्रियां पहना करती हैं ।
चकली	स्त्री०	(कां) गन्ना पीड़ने के लिए लकड़ी के बेलने का छोटा चक्र ।
चक्कमनका	पु०	(कां) विवाहोत्सव में पहने जाने वाले "डोरकने" के साथ लगे चांदी के छोटे छोटे पत्र ।
चकीर	स्त्री०	(कां) दो अलग अलग मालिकों के खेतों के मध्य में विभाजन रेखा ।
चक्की	स्त्री०	(कां) व्यास की एक सहायक नदी ।
चकोला	पु०	(कां) वर्गाकार ।
चकौता	पु०	(कां) माल बन्दोबस्त में मालिक द्वारा मुजारे से लिया जाने वाला निश्चित दर जिसका कुछ हिस्सा वस्तुरूप में होता है और कुछ हिस्सा नकदी रूप में ।
चघेड़	पु०	(कां) चारों तरफ से घिरा हुआ स्थान, चक्रव्यूह ।
चटड़ा	पु०	(कां) सिंचाई के लिए खेतों में बनाई गई छोटी सी कूल्ह ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
चटंड	स्त्री०	(कां)	किसी कुएं पर पशुओं को पानी पिलाने के लिए पत्थर अथवा लकड़ी की बनी हुई नाद अथवा डोणी ।
चटूआ	पु०	(कां)	बड़ा चमचा, डोई, कड़छी ।
चण	स्त्री०	(कां)	गन्ने की किस्म, इसका पौधा पतला होता है और उस पर फूल नहीं आता आड कम होता है परन्तु रस मीठा और स्वास्थ्यवर्धक होता है ।
चताड़	पु०	(कां)	जंभीर जाति का एक फल विशेष जिस के कांटे नहीं होते ।
चतरेंड़	पु०	(कां)	एक मछली विशेष ।
चतुर्थी न	म०	(कां)	चतुर्थी हवन, विवाहोत्सव के चौथे दिन नवविवाहित वधू से भोजन आदि तैयार करवाना।
चतन्दू	पु०	(कां)	चार तन्तुओं वाला, चारपाई बुनने का एक ढंग जिस में चार चार रस्सियां इकट्ठी चलाई जाती हैं ।
चनक	स्त्री०	(कां)	झनझनाहट ।
चनराल	पु०	(कां)	पिछले वर्ष से पिछला साल ।
चनाट	पु०	(कां)	पत्थरों से चिन कर बनाया गया रास्ता ।
चनात	पु०	(कां)	"कुनाल" पहाड़ की चोटी तक जाने के लिए पत्थरों से पक्का बनाया हुआ रास्ता ।
चनाहूर	पु०	(कु)	पिछला चौथा वर्ष ।
चन्ना	पु०	(कां)	मकान का पार्श्व ।
चनू	पु०	(कां)	खेत के एक किनारे पर किया गया छोटा छेद जिसके द्वारा खेत का पानी नीचे बह कर बाहर निकल जाए ।
चपना	क्रि०	(कां)	गुस्से होना ।
चपलियां	स्त्री०	(कां)	चप्पल ।
चपेरना	क्रि०	(कां)	नाराज करना, गुस्सा दिलाना ।
चाबंदना	क्रि०	(कां)	प्रात: काल मुंह जूठा करना । प्रात: काल सबसे पहले कुछ खाना ।
चबूदा	पु०	(कां)	[illegible] ।
चमकार	पु०	(कां)	चमड़े का पाजामा जो कि लड़ाई के समय राजपूत लोग पहनते थे ।
चमड़ा	पु०	(कां)	पशुओं का चर्म ।
चमड़ी	स्त्री०	(कां)	मानव चर्म ।
चमण	पु०	(कां)	एक प्रकार का वृक्ष ।
चमरख	स्त्री०	(कां)	चरखे का एक उपकरण ।
चमाई	पु०	(कां)	एक प्रकार का छोटा वृक्ष, जिसके पत्तों की 'पाथी' बनती है, और इसकी लकड़ी के जरायती औजार बनाए जाते हैं ।
चमशा	पु०	(कां)	सफेद रंग की धातु का बना हुआ बर्तन ।
चर	स्त्री०	(कां)	देखो 'चीण' ।
चरज	पु०	(कां)	आश्चर्य ।
चरणदासी	स्त्री०	(कां)	जूती ।
चमंस	स्त्री०	(कां)	चम्मच ।
चरांद	स्त्री०	(कु०, कां)	वह शामलाट जो पशुचारण के लिए खुली छोड़ी हुई हो ।
चराई	स्त्री०	(कां)	एक "धार" का नाम ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
चरागी	स्त्री०	(कां)	नदीपार करने वाले मल्लाहों को दिया जाने वाला पुरस्कार, खुशीनामा ।
चराटी	स्त्री०	(कां)	मूमी, हिल्ली अंग्रेजी, हाइंड ।
चरेतर	स्त्री०	(कां)	घर के आंगन का वह भाग जहां जलाने की लकड़ी जमा रखी जाती है ।
चरेता	पु०	(कां)	एक प्रकार की जड़ी बूटी जो मलेरिया बुखार के लिए अक्सीर समझी जाती है ।
चरोटी	स्त्री०	(का)	पीतल का वह बड़ा बर्तन जिसमें किसी प्रीतिभोज अथवा धाम के लिए चावल पकाए जाते हैं ।
चरोटू	पु०	(कां)	पीतल के बड़े बर्तन जिनमें भोजन आदि पकाया जाता है ।
चल-चुक	स्त्री०	(का)	हेरा फेरी ।
चल्लट	पु०	(कां)	मकई के टांडे ।
चल्टी	स्त्री०	(कां)	मिट्टी का एक बड़ा बर्तन जिसमें दही बिलो कर छाछ बनाई जाती है ।
चलाण्	पु०	(का)	'चनाहड़' चीड़ वृक्ष के सूखे पत्तों के टुकड़े ।
चलीथ	पु०	(का)	चावल का आटा ।
चलूना	पु०	(का)	चिनार का वृक्ष ।
चलेतू	पु०	(कां)	फल काट लेने के बाद पौधे की डंडी ।
चलेरा	पु०	(कां)	एक प्रकार का छोटा पौधा जिसके पत्तों का शाक बनता है ।
चलोतड़ा बूड़ा	पु०	(कां)	एक प्रकार का अंजीर का वृक्ष जिसके पत्ते फटे हुए होते हैं ।
चांजरा	वि०	(कां)	अच्छा ।
चांद	पु०	(कां)	विवाह उत्सव पर महिमानों को बुलाने के लिए भेजा गया व्यक्ति ।
चांप	स्त्री०	(कां)	कंघी की तरह की एक मछली विशेष जो कंघी से अधिक लम्बी होती है ।
चाम्प फेरना	क्रि०	(कां)	चापलूसी करना
चाम्ब	स्त्री०	(का)	दरिया के किनारे अथवा पर्वत की चोटी का उच्चतम स्थान ।
चांवड़ू	पु०	(कु)	पतीला ।
चांश	स्त्री०	(कां)	गन्ने के खेत में नलाई करने का एक औजार विशेष ।
चांस	स्त्री०	(कां)	देखो 'चंच' ।
चा:	स्त्री०	(कां)	इच्छा ।
चाकटी	स्त्री०	(कु)	चावल या जौ से बनी हुई मदिरा ।
चाकरी	स्त्री	(कु०, कां)	देवता की नौकरी ।
चाकू	पु०	(कु०,कां)	एक वृक्ष जिसकी टहनियों की टोकरियां बनाई जाती हैं ।
चाचा	पु०	(कां)	लकड़ी का एक हैंडल जो कुल्लियों के रस्से के साथ बंधा रहता है । इससे वे बोझ उठाते समय भार को बराबर करते हैं ।
चाची (चौंची)	स्त्री०	(कां)	लकड़ी की आठ 'कान्त' का सैट जो मकान की चारों दीवारों और छत को स्थिर रखता है । लकड़ी की एक कान्त दीवार के अन्दर होती है और एक बाहर ।
चाचु	पु०	(कां)	चाचा, सम्बोधन में पिता के लिए भी प्रयुक्त होता है ।
चाठ	स्त्री०	(कां)	गन्ने के रस से गुड़ शक्कर बनाने के लिए बनाई गई मिट्टी की परात विशेष ।
चाड़ पाणा	क्रि०	(कां)	चीते और भेड़िए आदि का शिकार करने के लिए घेरा डालना ।
चाण	स्त्री०	(कां)	गन्ने की एक किस्म ।
चातर	वि०	(कां)	चतुर ।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
चानकनी	स्त्री०	(कां) चीने का भूसा ।
चान्ना	पु०	(कां) मछलियों की त्वचा पर पाए जाने वाले छोटे छोटे दाने ।
		(कु) त्वचा का छोटा सा टुकड़ा ।
चानी	पु०	(कां) वह व्यक्ति जो खेत में पक्षियों और पशुओं से फसलों की रक्षा के लिए नियुक्त हो ।
चान्नी	पु०	(कां) एक प्रकार का पत्थर जिसकी बनावट चिट्टान जैसी होती है ।
चाब	सं०	(कां) चाह ।
चाबल	स्त्री०	(कां) परचून की दुकान का उधार ।
चाहड़	पु०	(कां०, कु) बहुत बड़ा पत्थर ।
चालनी	स्त्री०	(कां) चलनी, एक प्रकार का उपकरण जिस की सतह में छेद होते हैं और जिसमें मोटे अनाज को छोटे अनाज से जुदा किया जाता है ।
चाह् न	स्त्री०	(कां) एक मछली विशेष ।
चाह् न चाहूल	स्त्री०	(कां) चहल पहल, रौनक ।
चिड़	स्त्री०	(कु०) घृणा ।
चिड़ आणणा	क्रि०	(कु) घृणा होना ।
चितना	क्रि०	(कां) सोचना, विचार करना, हिन्दी चिन्तना ।
चिठली	स्त्री०	(कां) 'थोई' नामक वृक्ष ।
		(कु०) तवे के ऊपर तेल या घी लगाने के लिए घास का छोटा गुच्छ
चिठली लाना	क्रि०	(कु०) तवे के ऊपर तेल या घी लगना
चिमोकुना	क्रि०	(कां) देखो 'चीड़ना' ।
चिक	स्त्री०	(कां) मिट्टी, खेत, भूमि ।
चिकरी रा मैहा	पु०	(कु०) ऐसा व्यक्ति जो भैंसे की तरह गंदा रहता हो ।
चिचड़े आलू	सं०	(कु०) कचालू ।
चिट्टिल	स्त्री०	(कां) सफेद रंग का चील पक्षी ।
चिड़	पु०	(कां) एक प्रकार का कीट जो पशुओं के शरीर में चिपका रहता है ।
चिड़	पु०	(कु०,कां) पक्षी । चिड़िया का बच्चा ।
चिड़ मुड़	पु०	(कां) जलाने वाली लकड़ी के छोटे छोटे टुकड़े जो आग सुलगाने के काम आते हैं ।
चितारना	क्रि०	(कां) याद करना ।
चितेरना	क्रि०	(कां) ढील देना ।
चिनणा	क्रि०	(कां) तरतीब में रखना । (घर) बनाना ।
चिना	पु०	(कां) एक प्रकार का छोटा पौधा, इस के पत्ते फोड़े को फुटाने के लिए तेल लगा कर गर्म करके बांधने से लाभदायक होते हैं । रंग-बिरंगे ।
चितेहा	पु०	(कां) चित्रकार, चित्रकार जाति का व्यक्ति ।
चिप	पु०	(कां) मछलियां पकड़ने का एक जाल ।
चिकना	वि०	(कु०,कां) फिसलने वाला (रास्ता) ।
चिमारी	स्त्री०	(कां) एक प्रकार का गेहूं ।
चिमकटी	वि०	(कां) दुर्बल ।
चिमटा	पु०	(गा) ऊंची जगह ।
चिरंडी	पु०	(कां) एक प्रकार का वृक्ष ।
चिरोटी	स्त्री०	(कां) धातु का एक बरतन ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
चिलक	स्त्री०	(कु)	किरण।
			प्रयोग—सूर्ए री चिलक लग्गी।
			सूर्य की किरण निकल आई।
चिलुआ	पु०	(कां)	एक प्रकार की छोटी मछली।
चिल्ला	पु०	(कां)	एक वृक्ष विशेष।
चिल्ला मरोला	पु०	(कां)	आम दाड़िम की पूजा के अवसर पर गीत गाने के लिए आई स्त्रियों को बांटे जाने वाले पीले चावल।
चिस	सं०	(सि)	प्यास।
			प्रयोग—मू लायी चिस।
			मुझे प्यास लगी है।
चीचू (चूचू)	सं०	(कां०कु)	स्तन का अगला भाग।
चीठा	वि०	(कु)	काला।
चीड़नी चीड़नू	स्त्री०	(कां)	आसाढ़ मास के मासान्त का त्योहार जब चीड़नुओं को पशुओं के शरीर से उतार कर गूंधे हुए आटे के पेड़ों में रोपकर रखा जाता है। और फिर उन्हें आग में जला दिया जाता है।
चीणी	स्त्री०	(कु)	चावल की किस्म का अनाज, जिस के दाने बारीक और सफेद होते हैं।
चुंचल	पु०	(कां)	एक प्रकार का काले रंग का पक्षी।
चुंधी	सं०	(कां)	चोटी।
चुंडा	पु०	(कु)	जूड़ा।
चुआड़ी	स्त्री०	(कां)	छोटा पतला बांस।
चुआलू	पु०	(कां)	मिट्टी का बर्तन जिस में चावल पकाए जाते हैं।
चुकना	क्रि०	(कां)	समाप्त होना, उठाना।
चुकड़ मुकड़	सं०	(कां)	छोटे मोटे टुकड़े।
			प्रयोग—अग्ग बालने जो थोड़े दए चुकड़ मुकड़ कट्ठे करा।
			आग जलाने के लिए लकड़ी के थोड़े से टुकड़े इकट्ठा करें।
चुगना	क्रि०	(कां)	१—चुनना।
			प्रयोग—चिड़ियां सारे चौल चुगी गइयां।
			चिड़ियां सारे चावल चुग गईं।
चुगीर	पु०	(कु० कां)	एक पक्षी विशेष इस के चहचहाने में "चौल रिन्नां क खिचड़ी" शब्दावली का अर्थाभास किया जाता है।
चुनिक	स्त्री०	(कां)	सफेद मिट्टी, जिस से दीवार पर सफेदी की जाती है।
चुटकी	स्त्री०	(कां)	नाक का आभूषण।
चुटला	पु०	(कां)	महीने के अन्तिम दिन।
चुटना	क्रि०	(कां)	समाप्त करना।
		(कु)	टूट जाना।
चुड़ाल	पु०	(कां)	चावलों से बना हुआ एक प्रकार का पलाव।
चुड़ैल	स्त्री०	(कां)	भूतप्रेत, विनाशकारी चेतना जो किसी शरीर में प्रवेश करके उस से अनिष्ट कार्य करवाती है।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
चुग्गू	पु०	(कां)	गहूंने के पौधे की जाति का एक पौधा जिस में कांटे नहीं होते हैं अथवा बहुत नर्म होते हैं।
चुनौट	पु०	(कां)	पत्थर लगा कर पक्का किया हुआ रास्ता।
चुपंजी	पु०	(कां)	अनाज पर २५ प्रतिशत वार्षिक दर।
चुल्हा	पु०	(कां)	गुड़ शक्कर आदि बनाने के लिए गन्ने के रस को ताप देने के लिए बनाई गई एक बड़ी भट्ठी जो गन्ने के बेलने के साथ ही बनाई हुई होती है।
चुबार	पु०	(कां)	मकान की ऊपर वाली मंजिल।
चुरली	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार का गेहूं।
चुरस्ता	पु०	(कां)	चौराहा।
चूला	पु०	(कां)	खेत।
चूली	स्त्री०	(कां)	चुल्लुभर चुल्लुभर।
चुली	सं०	(कु)	नाक का अगला भाग।
चुली पांडा	सं०	(चि)	रसोई घर। प्रयोग—भो दज्जे बाऊ ऐ लाई लेरा लाई चिश चुल्ली पांडे दके। भो मां! भो मां! छोटा बच्चा रो रहा है और मुझे प्यास लगी है, शीघ्र ही रसोई घर में आ जाओ।
चुल्हू	पु०	*(कां)*	*छोटा सा खेत।*
चेई	सं०	(कां)	जड़।
चेटी	स्त्री०	(कां)	ब्राह्मणी जात की जमीन, जिस का लगान माफ होता है।
चेली	स्त्री०	(कां)	चील वृक्षों का जंगल।
चेतु	पु०	(कां)	छोटे मोटे साधारण पक्षी।
चोग्रा	पु०	(कां)	पशुओं के मूत्र को राख में से बूंद बूंद चुआ कर तैयार किया गया एक द्रव्य विशेष जो कपड़े साफ करने के काम आता है।
चोई	स्त्री०	(कां)	छोटा बरसाती नाला।
चोखा	वि०	(कां)	प्रसन्न।
		(कु)	सफाई, शुद्धता।
चोड़ना	क्रि०	(कु)	छिलका, छाल या खाल उतारना। तोड़ना।
चोपड़	पु०	(कु०कां)	मक्खन।
चोयी	स्त्री०	(कां)	गहूंने आदि जंगली फलों को तोड़ कर इकट्ठा रखने के लिए हरे पत्तों का बनाया हुआ गलासनुमा पात्र।
चोब	पु०	(कां)	शामियाने का डंडा।
चोब	स्त्री०	(कां)	ढोल अथवा डमरू बजाने के लिए घड़ कर बनाई गई लकड़ियां।
चोबक्	पु०	(कां)	मकान की दूसरी मंजिल में छोटा सा दरवाजा जिसके द्वारा नीचे की सीढ़ी से चढ़ कर मकान की दूसरी मंजिल में पहुंचते हैं।
चोबी	स्त्री०	(कां)	घराट के नीचे की पानी की बड़ी कूल्ह।
चोभ्	सं०	(कां)	मकान की दूसरी मंजिल में छोटा सा द्वार जहां नीचे की सीढ़ियां खुलती हैं।
चौर	सं०	(कु)	एक प्रकार का वृक्ष जिस के पत्ते भेड़ों के लिए अच्छे समझे जाते हैं और जिस की लकड़ी जलाने के काम आती है।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
चोरिया	निर्पेक्ष कृदन्त	(कां) गुप्त रूप में। चोरी करके। चुपके से। प्रयोग—सै इत्थु चोरिया आया। वह यहां चुपके से आया।
चोलर	सं०	(कां) तीन लड़कियों के पश्चात् पैदा हुआ लड़का अथवा तीन लड़कों के पश्चात् पैदा हुई लड़की।
चोलियालू	पु०	(कां) रसोई घर, वह कमरा जिस में खाना बनाने के लिए चुल्हा बनाया हुआ हो।
चोली	स्त्री०	(कु०कां) अंगी।
चौंकू	पु०	(कां) चांदी का आभूषण जो सिर पर बालों के साथ नत्थी करके पहना जाता है।
चौंकली	स्त्री०	(कां) गले में पहनने का चांदी का आभूषण।
चौकंद	पु०	(कां) पिता की मृत्यु के पश्चात् पैदा हुआ पुत्र।
चौकाली	स्त्री०	(कां) गन्ने पीड़ने के लकड़ी के बेलने का छोटा चकरा।
चौच	पु०	(कु०कां) पुरुष, मर्द।
चौथेगू	पु०	(कां) वह मुजारा जो खेत की उपज का तीन चौथाई मालिक को देकर स्वयं एक चौथाई लेता है।
चौंधर	अ०	चारों तरफ।
चौर	पु०	(कां) एक प्रकार का पत्थर।
		छ
छंजराड़ा	पु०	(कां) विधवा विवाह।
छंडना	क्रि०	(कां) देखो "छंजना"।
छन्दें	स्त्री०	(कां) मिन्नत।
छई	स्त्री०	(कां) विवाह उत्सव के लिए लकड़ी, काटी हुई लकड़ी।
छक्का पंजा	पु०	(कां) काम काज।
छक्कू	पु०	(कां) देखो "टोप्की"।
छट्टी	स्त्री०	(कां) हल के फाल और कूंडे के मध्य में लकड़ी का पुर्जा।
छड़	स्त्री०	(कां) एक टोकरी विशेष जो विवाह आदि उत्सवों के अवसर पर दिए गए प्रीति भोजों में भात परोसने के काम में आती है और विवाह आदि उत्सवों के समय खाने पीने की वस्तुएं रखी जाती हैं।
छड़ी	स्त्री०	(कां) लकड़ी, छड़।
छड़ोला	पु०	(कां) खेत के चारों ओर बाड़ लगाने के बाद एक स्थान पर मनुष्यों के अन्दर जाने के लिए परन्तु पशुओं को रोकने के लिए बनाया गया "प्रवेश द्वार" जोकि साधारणतया लकड़ी की लठों को कर्ण रेखावत रख कर बनाया जाता है।
छड़ोली	स्त्री०	(कां) छोटी छड़।
छड़ोलू	पु०	(कां) बच्चों के पैरों के आभूषण।
छणाली	स्त्री०	(कां) मिट्टी का खुला बड़ा बर्तन।
छत्तणु	पु०	(कां) रसोई घर में दीवार के साथ बनाई गई छोटी सी छत जिस पर बर्तन अथवा खाद्य पदार्थ रखे जाते हैं।
छतरोड़ा	पु०	(कां) टौर के पत्तों और भोज पत्रों का छाता।
छतोड़	पु०	(कां) टौर के पत्तों की एक बड़ी छतरी।
छतोड़ू	पु०	(कां) छोटा "छतोड़ा"।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
छनार	स्त्री०	(कां) बूढ़ी औरत।
छनियार	स्त्री०	(कां) पहाड़ी मकानों की छत का बढ़ा हुआ हिस्सा, जिस से वर्षा के समय मकान की दीवार सुरक्षित रहती है।
छरमर	पु०	(कां) एक प्रकार का छोटा सा पौधा। आंखें आने पर इसके पत्तों का लेप किया जाता है।
छल	पु०	(कां) पानी की लहर।
छल	पु०	(कां) १—भूत प्रेत। २—धोखा।
छल्ल	पु०	(कां) एक वृक्ष विशेष जिस की लकड़ी इमारती कामों में काम आती है।
छल्ली	स्त्री०	(कां) मकई ।
छलाकी	स्त्री०	(कां) पकी हुई खट्टी दाख।
छलियाटू	पु०	(कां) खेत में से मकई की फसल काट लेने के बाद खेत में रहा मकई की टहनी का अवशिष्ट भाग।
छलियाड़ी	स्त्री०	(कां) मकई बीजने की भूमि, मकई की फसल काट लेने के पश्चात् सख्त जमीन।
छलियाड़ी पुटनी	क्रि०	(कां) छलियाड़ी वाले खेत में हल चलाना।
छलियाड़ी वाःणी	क्रि०	(कां) देखो "छलियाड़ी पुटनी"।
छलेड़ा	पु०	(कां) भूतप्रेत।
छलोई	पु०	(कां) गन्ने को छील तराश करके बेलने के योग्य बनाने वाला।
छांगणा	क्रि०	(कां) वृक्ष पर से घास काटना।
छांब	स्त्री०	(कां) उभरी हुई भूमि।
छाऊ	पु०	(कां) छोटी कुल्हाड़ी।
छाकू	पु०	(कां) बांस की छोटी टोकरी जिस में एक सेर भर अनाज आता हो।
छाटी	स्त्री०	(कां) देखो "छट्टी"।
छाडां	स्त्री०	(कां) किसी वस्तु के प्रवाह को पार करने के लिए बड़े मोटे मोटे पत्थर डाल कर बना हुआ रास्ता।
छानी	स्त्री०	(कां) शक्कर बनने से पूर्व गर्म और उबल रहे रस के द्रव्य से बनाया गया एक पदार्थ विशेष। उबल रहे रस के शक्कर गुड़ आदि बनने की सीमा तक पहुंचने के कुछ समय पहले एक थाली में कुछ घी लगा कर एवं बादाम और दाख आदि डाल कर उस में वह उबल रहा रस वाला पदार्थ भर लिया जाता है और उसे ठंडा होने दिया जाता है। ठण्डा होकर वह पदार्थ एक विशेष प्रकार के गुड़ में बदल जाता है उसे छानी कहते हैं।
छापर	पु०	(कां) मकान, छप्पर।
[illegible]	पु०	(कां) एक प्रकार की बूटी जिस के पत्तों का पानी आंखों में लगाने से आंखों में ठण्डक रहती है।
छाबड़ी	स्त्री०	(कां) बांस की बनी हुई छोटी टोकरी।
छाब्बा	पु०	(कां) तराजू का एक पलड़ा।
छाबी	स्त्री०	(कां) एक छोटी टोकरी जिस में रोटियां आदि रसोई की वस्तुए रखी जाती हैं।
छास	स्त्री०	(कां) छाछ।
छाह	स्त्री०	(कां) छाछ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
छिंज	स्त्री०	(कां)	ग्राम देवता के प्राङ्गण में पहलवानों के मल्ल युद्ध का उत्सव।
छिकड़ा	पु०	(कां)	रस्सियों अथवा बांस के "दीप" से निर्मित टोकरीनुमा छोटे छोटे उपकरण, जिन्हें हल चलाते समय बैलों के मुहों पर चढ़ाया जाता है ताकि बैल खेतों में उगी फसल आदि का नुकसान न कर सकें तथा चारा खाने की प्रवृत्ति रुकी रह सके।
छिक्का	पु०	(गा)	बोझा, भार।
			२—रस्सियों अथवा बांस को छील तराशकर बनाई गई छोटी छोटी छड़ियों से निर्मित छोटी सी टोकरी इसे छत में लटका कर खाद्य पदार्थ रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वे बिल्लियों आदि जानवरों से सुरक्षित रहें।
छिक्की	स्त्री०	(कु०गा)	रस्सियों का बना हुआ बड़ा थैला।
छिचर	पु०	(कां)	टूटी वस्तुओं का ढेर।
छिट	स्त्री०	(कु)	पानी की बूंद।
		(कां)	चुलबुली औरत।
छिड़ी	सं०	(कु)	जलाने की लकड़ी।
छिणका	पु०	(कां)	घराट की नाल में पानी छान कर देने का एक उपकरण।
छितरी	स्त्री०	(कां)	स्त्रियों की जूतियां।
छितरखु	पु०	(कां)	एक विशेष प्रकार का वृक्ष जिसे ऊंट बड़े शौक से खाते है।
छिपणा	क्रि०	(कु)	तापना।
छिब्बर	पु०	(कां)	पशुओं के हाजमे की बीमारी जिस में पशुओं का गोबर बड़ा ढीला सा और अनियमित सा होता है।
छुंगना	क्रि०	(कां)	बिखरी चीजों को तरतीब देकर रखना, सिंगारना।
		(कु)	छूहना।
छुछरू	पु०	(कु)	एक वनस्पति विशेष, "गुच्छी"।
छुम्ब	पु०	(कां)	पशुओं के चारे के लिए रखे गए मकई के डांठों के गट्ठों का ढेर।
छुणाटू	पु०	(कां)	छू के पौधे का सूखा गट्ठा।
छुंछी	सं०	(कां)	केसर डालने का लकड़ी अथवा मिट्टी का एक बर्तन विशेष।
	वि०	(कु)	तंग बिल वाली।
छुड़ां	पु०	(कां)	भुने हुए चावल।
छुब्बा	पु०	(कां)	बगड़ आदि घास की बनी हुई वह रस्सी जिस के साथ घास आदि का गट्ठा बांधा जाता है।
छुरा	पु०	(कां)	एक प्रकार का घास जिस का शाक भी बनता है।
छुराल	पु०	(कां)	एक पौधा विशेष जिस के पत्ते पशुओं की कब्ज को दूर करते हैं।
छुरूक	पु०	(कां)	देखो "कुआल"।
छुह	स्त्री०	(कां)	कैक्टस, एक प्रकार का पौधा जिस की डाल पानी चूस लेती है और पौधे को पानी देने का कार्य करती है।
छेकें छेकें	क्रि०	(कु)	जल्दी जल्दी।
			प्रयोग—छेकें छेकें चौला छेता बै कोम कमौंदे।
			जल्दी जल्दी चलो खेत को काम करने के लिए।
छेत	पु०	(कु)	खेत।
छेती	स्त्री०	(कु)	विवाहित स्त्री की निजी सम्पत्ति।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
छेंपी	सं०	(कां) मिट्टी का वह ढींमा जिस में घास भी उगी हो।
छेलडू	पु०	(गा) बकरी या भेड़ का बच्चा।
छेब्रू	पु०	(गा) भेड़ का बच्चा, सामान्य कांगड़ी में बकरी का बच्चा।
छैई	स्त्री०	(कां) पाली, वृक्षों की टहनियां जो खाद के रूप में खेतों में डाली जाती हैं।
छैणी	सं०	(कु०कां) मकान की छत की ढलान।
छैना	क्रि०	(कां) मकान की छत डालना।
छैर	स्त्री०	(कां) पहाड़ी।
छैल	वि०	(कां) सुन्दर बांका।
छोंदा लाणा	क्रि०	(कु) निमन्त्रित करना।
छो	पु०	(कु०कां) जलधारा।
छोकरू	पु०	(कां) देखो "छोह्रू"।
छोड़े	अ०	(कां) जल्दी शीघ्र। प्रयोग—छोड़ें आई जायां। जल्दी आ जाना।
छोपा	पु०	(कु०कां) टीका।
छोल	सं०	(कु०कां) आबशार, झरना।
छोह्रू	पु०	(कां) किशोर अवस्था, लड़का।
छोन	अं०	(कु) अवकाश, फुरसत का वक्त।
छौंकण	स्त्री०	(कां) शौक रखनेवाली।
छोड़ा	पु०	(कां) वह मोटी सी रस्सी जो दही रिड़कने समय मथानी और लकड़ी के खूंटे के साथ बांधी जाती है।
छौरा	पु०	(कां) छाया, साया।
		"ज"
[illegible]	पु०	(कां) इन्जैक्शन, टीका।
जंमसेरना	क्रि०	(कां) कृषि "आलिन्द" के किनारे को भूमि की अन्दर की तर्फ खोदना।
जंबरौन	पु०	(कां) किसी औरत को अपनी पत्नी के रूप में ग्रहण करने के लिए दी जाने वाली रकम।
जंडी-मंजी	स्त्री०	(कां) पशुओं के देवता के उपलक्ष में मनाए गये त्यौहार।
जंदीड़ू	पु०	(कां) सूत को दोहरा करने वाला देसी जुलाहों के पास एक उपकरण विशेष।
[illegible]	पु०	(कां) बढ़ई में काष्ठ के दो पुर्जों के मिलने का स्थान।
जग	पु०	(कां) मेला, विवाहोत्सव का पहला दिन।
जगराता	पु०	(कां) किसी देवस्थान पर देवता की प्रसन्नता के लिए सारी रात जागते रहने की क्रिया। प्रयोग—अज रती गुगे दे मन्दर च जगराता था। आज रात गुगे (देवते) के मन्दिर में जगराता था।
जगसुन्दरी	स्त्री०	(कां) कांगड़ा सदर के पास एक 'धार' विशेष।
जटागल	स्त्री०	(गा) लम्बे बालों वाली बकरी।
जठाल	स्त्री०	(कां) देखो "जेठल"।
जठेरा	पु०	(कां) मलाना गांव में बादरी के झगड़ों के निपटाने के लिए नियुक्त किया गया व्यक्ति।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
जड़	स्त्री०	(कां)	जांघ, टांग।
जड़ी	स्त्री०	(कां)	दल दल।
जदोकना	अ०	(कां)	जिस/उस समय से लेकर।
जनदी	स्त्री०	(कां)	जननी, मां।
जनेतरू	पु०	(कां)	विवाह पर बरात के साथ जाने वाला व्यक्ति।
जपना	क्रि०	(गा)	गिनती करना। याद करना।
जप्पड़	स्त्री०	(कां)	अधिक सिंचाई के बाद सूखकर सख्त हुई जमीन।
जफलोटा	पु०	(कां)	१—जमाल गोटा। २—करोटन पौधा।
जफड़ू	पु०	(कां)	छोटा तालाब, छोटा जोहड़।
जब्बर खड्ड	स्त्री०	(कां)	नूरपुर में हाथीधार से निकल कर हरड़ खड्ड और चट्टर खड्ड को साथ लेकर "चक्की" नदी में मिलने वाली एक प्रसिद्ध खड्ड।
जबरा	पु०	(कां)	बूढ़ा।
जबारू	पु०	(कु)	देहात में किसी व्यक्ति द्वारा मकान बनाने, फसल का काम करने या घास आदि कटवाने के सिलसिले में नियुक्त किये गये व्यक्ति, जिन्हें केवल दो समय का खाना दिया जाता है।
जबालटा	पु०	(कां)	जमालगोटा, एक पौधा विशेष।
जमीत	स्त्री०	(कां)	कृत्रिम दीवार।
जमोते	पु०	(कां)	बिलकुल ही। प्रयोग—तिनी एह किताब मिंजो जमोते दई ती। उसने मुझे किताब हमेशा के लिए दे दी।
ज्यास्ती	पु०	(कां)	ज्यादती।
जर	पु०	(कां)	ज्वर, ताप।
जराड़फूकी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार का विवाह जिसमें युवक-युवती सामाजिक प्रथाओं का विद्रोह करते हुए जंगल में किसी झाड़ की ओट में अग्नि जलाकर उसके चारों ओर परिक्रमण करके विवाह सम्पन्न कर लेते हैं।
जरिहुन्	स्त्री०	(कु)	साल भर स्थिर रहने वाली बर्फ और बर्फीली पहाड़ी।
जरी	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार की जड़ीबूटी जिससे खमीर बनता है।
जल्लहा	पु०	(कां)	गूंगा।
जलनी	स्त्री०	(कां)	क्रोध। प्रयोग—मिंजो बड़ी जलनी आई। मुझे बहुत क्रोध आया।
जलारा	पु०	(कां)	पौधों का एक रोग विशेष।
जलि गया पोटा	वाक्यांश	(कां)	इस पेट की खातिर।
जलौंगड़	पु०	(कां)	कम अकल, सुस्त व्यक्ति।
जलू			
जलोकी	स्त्री०	(कां)	मछली।
जलोधर	पु०	(का)	पानी के नीचे से निकला हुआ सख्त और पक्का पत्थर।
जलहरी भरना	क्रि०	(कां)	अनावृष्टि के कारण मन्दिर में पानी भरना जिस से देवता की इच्छा का पता लगाया जा सके। यह प्रथा गसोता (तहसील हमीरपुर) के मन्दिर में सम्पन्न की जाती है।

शब्द	व्याकरण	अर्थ
जहोड़ना	क्रि॰	(कु) गिर जाना।
जांगली	सं॰	(कु) खेत का बाहर वाला भाग।
जाईरा	क्रि॰	(कां) जन्म दिया है। प्रयोग—म्हारिया म्हंई कट्ट जाई रा। हमारी भैंस ने बच्चा दिया है।
जागत	पु॰	(कां) छोटा लड़का।
जागरा	पु॰	(कु॰ कां) देवता के मन्दिर में दिया गया भोजन।
जांगरू	पु॰	(कां) विवाह के दूसरे दिन का उत्सव।
[illegible]	पु॰	(कु) मेले और त्यौहार।
जाजरी, जौजरी	स्त्री॰	(कु) औजार।
जाड़ी	स्त्री॰	(कु) पत्थरीली ज़मीन पर मक्की के खेत में नलाई करने के औज़ार विशेष का एक भाग। (कां) सारा उपकरण।
जाणकार	पु॰	(कु) बुद्धिमान।
जाणी-माणी	अ॰	(कां) हास परिहास।
[illegible]	सं॰	(कां) यात्रा, मेला।
जादा	वि॰	(कु॰कां) अधिक, ज्यादा।
जाद्दी	स्त्री॰	(कां) आज़ादी, स्वतन्त्रता।
जाहनू	पु॰	(कु) घुटना।
[illegible]	पु॰	(कु) झरना, चश्मा।
जारा, जौरा	स्त्री॰	(कु) जौ की छोटी कोंपल, जो अन्धेरे में उगाई जाती है जिस से उस का रंग पीला हो जाता है तथा फूल का काम देता है।
जा:र	अ॰	(कां) अच्छी तरह से, पूर्णतः।
जा:र	वि॰	(कां) हज़ार।
जाह्ल (जाह्ल)	अ॰	(कां) उस समय।
जिमती	स्त्री॰	(कां) कांगड़ा में नदौन के पास एक धार।
जिकना	क्रि॰	(कु॰कां) दबाना, थके हुए अंगों को सहलाना।
जिणुआं	पु॰	(कां) एक प्रकार का धान जिस के मुंह में काला छिलका होता है।
जिधाड़ी	अ॰	(कां) जिस दिन। प्रयोग—जिधाड़ी ते तुसां इत्थु ते गए कोई चिट्ठी नईं लिखी। जिस दिन से आप यहां से गए, कोई पत्र न डाला।
जिब्बल	स्त्री॰	(कां) एक प्रकार की मछली जो डसती है।
जिल	पु॰	(कां) कांटेदार झाड़ी की एक टहनी।
जिसजो	सर्व	(कां) जिस को, उसको।
जिसाजो	स्त्री॰	(का) (स्त्रीलिंग के लिए) उसको, जिस को।
जि:जो	सर्व	(का) देखो 'जिस जो'।
जीजू	पु॰	(कु॰कां) छोटा सा कीड़ा।
जीण	पु॰	(कु॰ कां) जीवन।
जू	वि॰	(कां) जो
जुंगला	पु॰	(कां) हल का वह भाग जिसके साथ बैल जोते जाते हैं।
जुआंडेआ	सम्बोधन	(कां) देखो 'अड़ेआ'

शब्द	व्याकरण		अर्थ
जुमाधिना	क्रि	(कु)	निद्रा में बुड़बड़ाना या बकना ।
जुमाणस	स्त्री०	(कां)	देखो 'जुणास' ।
जुआणी	सम्बोधन	(कां)	पत्नी के लिए सम्बोधन शब्द ।
जुआस	पु०	(कां)	एक प्रकार का घास ।
जुटकू	पु०	(कां)	बच्चे का जूता ।
		(कु)	कुल्लू में इस का अर्थ परान्दे से है ।
जुट्टर	पु०	(कां)	मर्द के जूते ।
जुट्टू	सं०	(कां)	धागों की डोरी जिससे स्नान के बाद सिर के केशों को बांधते हैं । परान्दा ।
जुठ्ठर	पु०	(कां)	ज्येष्ठ का लड़का ।
जुड़ी	स्त्री		तम्बाकू के सूखे पत्ते की एक बीड़ी ।
जुण	सर्व०	(कु)	जो ।
जुणास	स्त्री०	(कां)	स्त्री, पत्नी ।
जुत्तू	पु०	(कां)	बच्चों के जूते ।
जुमसना	क्रि०	(कां)	धीरे धीरे बोलना ।
जुलफू	पु०	(कां)	कविता का एक चरण । पद्यांश ।
जूट सैंन	पु०	(कां)	जूती ।
जूण	स्त्री	(कु)	(मनुष्य) योनि, जन्म ।
जूड़ी	स्त्री	(कां)	सगड़ का झाड़ ।
जेठबण्ड	स्त्री०	(कां)	पैतृक सम्पत्ति में से बड़े लड़के का अधिक हिस्सा ।
जेठस	स्त्री	(कां)	बड़ी साली ।
जेबरैं, जेबैं	अ०	(कु)	जब ।
जेह	स्त्री	(कां)	देखो, 'सल्ल' ।
जेल	स्त्री०	(कां)	खेत की फिर से जुताई ।
जेला	वि०	(कां)	शारीरिक बल वाला ।
जै जै	सम्बोधन	(कां)	प्रणाम अथवा नमस्ते का संबोधन ।
जैला	वि०	(कां)	सख्त, कठोर, सख्त भूमि को दूसरी बार हल चला कर नर्म करना । कुल्लुकी जाइला ।
जैल्टा	पु०	(कां)	वह व्यक्ति जिसकी बगार देने की बारी है ।
जो	पर:	(कां)	सम्प्रदान कारक का परसर्ग विभक्ति चिन्ह ।
जोई	स्त्री	(कु)	पत्नी ।
जोगनी	स्त्री०	(कु)	झरनें, पानी या वन की देवी ।
जोड़ा	पु०	(कां)	पशुओं को बांधने का रस्सा ।
जोड़ा	पु०	(कां)	एक प्रकार का धान विशेष जो मोटा परन्तु बढ़िया होता है ।
जोड़ी	स्त्री०	(कु)	वन और मोहरू के पत्ते जिन्हें भेड़ बकरियों को खिलाते हैं ।
जोणा	क्रि०		जाया जाना । प्रयोग—मेते नीं जोणा । मुझ से नहीं जाया जाएगा ।
जोत	पु०	(कु)	दर्रा, पर्वत की चोटी ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
जोत कण्ठी	पु०	(कु)	मण्डी और कुल्लू के मध्य में एक जोत विशेष, कुल्लू के लोग इसे दिल चिमीक कहते हैं ।
जोत जलोड़ी	पु०	(कु)	कुल्लू से सिराज और शिमला जाते समय एक 'जोत' विशेष ।
जोत थम्बर	पु०	(कां)	पालमपुर में मुंगल के पास एक जोत ।
जोत बशलेऊ	पु०	(कु)	कुल्लू से सिराज और रामपुर बुशहर जाते समय रास्ते में एक जोत विशेष।
जोत रोहतांग	पु०	(कु)	मनाली से लाहुल के रास्ते में मनाली से चौदह मील १३,५०० फुट ऊंची जोत जो कुल्लू से लाहुल को जुदा करती है।
जोत सरी	पु०	(कु)	भंगाल और कुल्लू के मध्य में एक 'जोत' विशेष ।
जोत सलाहुतर	पु०	(कां)	पालमपुर में एक जोत का नाम ।
जोथ	पु०	(कु)	चन्द्रमा ।
जोल	पु०	(कु)	सुहागा, खेत के ढीमों को तोड़ने का चपटा बेलन ।
जोलका	पु०	(कां)	पहनने के कपड़े ।
जोला	पु०	(कां)	१—लम्बा चोगा ।
		(कु)	२—थैला ।
जौकणा	क्रि०	(कु)	मारना ।
जौखे	अ०	(कु)	जहाँ ।
जौचड़ी	पु०	(कु)	जौ-गेहूं के छोटे छोटे पौधे ।
जौमाला	स्त्री०	(कु)	गले का एक आभूषण विशेष ।
ज्वैन	स्त्री०	(कां)	अज्वायन ।
ज्योत	सं०	(कां)	ज्योति रखने का एक फ्रेम विशेष ।
ज्योला	पु०	(कां)	ऐसी जमीन जो सैनिकसेवा करने वाली जातियों को दी जाती है।
झ्होंख	स्त्री०	(कु)	चिन्ता, फिकर ।
			झ
झंझराड़ा	पु०	(कां)	विधवा विवाह ।
झंडीड़	पु०	(कां)	घास विशेष का फूल जो कपड़ों को लग जाता है।
झझोड़ी	स्त्री०	(कां)	एक पौधा।
झुगा	पु०	(कां)	घर, घर के झंझट ।
झख	स्त्री०	(कां)	झंझा, आंधी ।
झड़िछिना	क्रि०	(कु)	संतुलन खोना, चलते चलते ठोकर खाना, गिरते गिरते बचना ।
झसना	क्रि०	(कु)	बैल को खस्सी करना ।
झांऊंशा	सं०	(कु)	चढ़ाई ।
झाहना	स्त्री०	(कां)	कुदृष्टि । प्रयोग—मुञ्चुए जो कुसकी दी झाहन पई गई, राती जो लाल मिरचां छुआई कन्ने अग्गीच पाई दिनीयां । बच्चे को किसी की कुदृष्टि लग गई है रात को लाल मिर्च छूकर आग में डाल देना । २—(क्रि) खा रहे व्यक्ति को ललचाई नजरों से देखना ।
झागड़ू	पु०	(कां)	झगड़ा करने वाला ।
झनियारी	स्त्री०	(कां)	हमीरपुर तहसील में झम्यारी धार पर एक देवी विशेष जो शीतला आदि के रोगियों का तीर्थ स्थान है।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
झनी	स्त्री०	(कां)	देखो 'झिल' ।
झफियाना	क्रि०	(कां)	पीटना ।
झबल्लना	क्रि०	(कां)	कपड़ों की मैल निकाल कर उन्हें ज्यादा खुले पानी में निकालना ।
झमूड़ा	पु०	(कां)	समूह, भीड़ ।
झमला	पु०	(कां)	बड़ा, 'तलाब' ।
झलकार	पु०	(कां)	बड़ा 'तलाब' ।
झसना	क्रि	(कां)	मालिश करना, (पं० झस्सना)
झ्यो	पु०	(कां)	एक माप विशेष, २॥ सेर कच्चा अनाज अथवा २ सेर चावल
झा:हुर	पु०	(कु)	झाड़ी ।
			प्रयोग—कौंडे रा झाहुर काटू ।
			कांटे की झाड़ी काट दी ।
झिट्टू	पु०	(कां)	कांटेदार झाड़ी की छोटी टहनी ।
झिड़ी	स्त्री०	(कु)	छोटा जंगल, झाड़ियां ।
झिल	पु०	(कां)	कंटीली झाड़ी की एक टहनी ।
झीकड़ू	पु०	(कु)	ऊनी कम्बल । पट्टू ।
झीया	स्त्री०	(कु)	प्रातः काल ।
झीहा	पु०	(कु)	बारीक आंतड़ियां, बारीक लम्बी रस्सियां ।
झुंगा	पु०	(कां)	घर, (पं० झुगा ।)
झुंगी	स्त्री०	(कु)	कुटिया, घटिया दर्जे का मकान ।
झुम्ब	पु०	(कां)	देखो "छुम्ब" ।
झुगाना	क्रि०	(कां)	१—नकल करना ।
			२—गाय के थनों से बच्चे को दूध पिलाने की क्रिया ।
झूड़ा	पु०	(कां)	एक प्रकार का बांस ।
झुड्डू	पु०	(कां)	स्त्रैण, पत्नी के त्रिया चरित में बन्धा पति, जने-मुरीद ।
झुमकू	पु०	(कु)	कान का एक आभूषण विशेष ।
झुलमुला	पु०	(कां)	सन्ध्या का समय, सूर्य के अस्त होने और पहला तारा निकलने का समय ।
झूरी	स्त्री०	(कु)	प्यार ।
झूरी लगना	क्रि०	(कु)	प्यार होना ।
झेड़ू	पु०	(कां)	मक्खन को गर्म करके उसमें से घी निकालते समय मक्खन से निकला हुआ फालतू पदार्थ ।
झोका	पु०	(कां)	गन्ने के रस को गर्म करने के लिए बनाई गई भट्टी में ईंधन डालने वाला व्यक्ति ।
झोजोबाड़ी	स्त्री०	(कां)	एक बाल क्रीड़ा स्त्रियां, सामान्यतः वृद्धाएं स्वयं पीठ के बल लेटकर बच्चों को पांवों पर बिठा कर पांवों को धीरे धीरे ऊपर उठाती हैं और फिर नीचे गिराती हैं ।
झोणा	पु०	(कां)	एक प्रकार का धान, जो पानी में होता है तथा जिस के चावल लम्बे, सफेद और पतले होते हैं । पं० झोना ।
झोणा	क्रि	(कां)	छूना ।
			प्रयोग—गंदियां चीजां कने नी झोणा चाहिदा ।
			गन्दी चीज के साथ नहीं छूना चाहिए ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
झोत झात	पु०	(कां)	छूतछात । प्रयोग—सरकारा कनून पास करि नें झोत झात मुकाई दी । सरकार ने कानून पास करके छुतछात समाप्त कर दी ।
झोलना	क्रि	(कां)	पंखा करना, हवा करना । पं० झुलाना ।
झोलना	पु०	(कां)	पानी आदि डालने के लिए बनाई गई मिट्टी की किरमिची ।
झोलर	पु०	(कां)	बात चीत का सिलसिला ।
झौंटू	पु०	(कां)	छोटी कुल्हाड़ी ।
झौःफे	सम्बोधन	(कां)	भैंसों को पानी पिलाने के लिए सम्बोधन शब्द ।
			ट
टंगोना	क्रि०	(कां)	लटक जाना, लटका देना, चढ़ना । प्रयोग—तू रुक्खे पर कजो टंगोइया । तू वृक्ष पर क्यों लटका है (चढ़ा है)
टंडू	पु०	(कां)	'छलियाटू', पं० टांडा ।
टंडोरू	पु०	(कां)	एक प्रकार का धान जो बड़ा मोटा और नर्म होता है ।
टकटोड़	पु०	(कां)	एक प्रकार का पक्षी विशेष ।
टटमोर	स्त्री०	(कां)	वर्षा ऋतु में जमीन से अपने आप उगनेवाली एक वन्दल विशेष जिसका आकार छाते की तरह होता है ।
टटीरी	स्त्री०	(कां)	एक पक्षी विशेष । पं० टटीहरी ।
टपना	क्रि०	(कां)	लांघना, पार करना । पं० टप्पणा ।
टप्पड़	पु०	(कां)	गाय, भैंस की खाल ।
टपरू	पु०	(कां)	आबादी से दूर वाले जंगल के खेतों में एक छोटा सा मकान ।
टपरा	पु०	(कां)	गडरिए की छोटी सी कुटिया ।
टपरी	स्त्री०	(कां)	खेतों में फसल की रक्षा के लिए बनाया हुआ एक मामूली सा लकड़ी का साधारण सा ढांचा जिस पर बैठ कर कोई पुरुष अथवा स्त्री पक्षियों अथवा जंगली जानवरों से फसल की रक्षा करती है । इसे तम्ब भी कहते हैं कुनुकी 'टापरी'
टपाली	स्त्री०	(कां)	खेत का ऊंचाई की तर्फ का किनारा जहां से पानी खेत में प्रवेश करता है ।
टबराल	स्त्री०	(कां)	बहते पानी में एक जगह बना हुआ गहरा जोहड़ ।
टबरी	स्त्री०	(कां)	टपरी में रहने वाली अर्थात् पत्नी ।
टपाना	क्रि०	(कां)	गुम कर देना, गिरा देना । प्रयोग—दिख्यां टपाई छोडी बाटा-ई । देखना, रास्ते में ही न गिरा देना ।
टल्लू	पु०	(कां)	पहनने के कपड़े ।
टांकरी	स्त्री०	(कां)	एक प्राचीन लिपि जिस में कांगड़ी और डोगरी भाषाएं लिखी जाती रही हैं, आजकल इस लिपि का स्थान देवनागरी लिपि ले रही है ।
टाक	पु०	(कु)	एक अन्न विशेष ।
टाट	पु०	(कां)	केले की फली ।
टाब्बर	पु०	(कां)	परिवार । पं० टब्बर ।
टाला	पु०	(कां)	टालना क्रिया से संज्ञा, पं० टाला ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
टाला	सं०	(कां)	मकान की सबसे ऊपर वाली मंजिल जिसमें अन्न आदि रखा जाता है ।
टाला	सं०	(कां, कु)	किसी बड़े वृक्ष के चारों ओर बनाया हुआ चबूतरा ।
टासना	क्रि०	(कु)	चुनना ।
टिंड	स्त्री०	(कां)	रहट वाले कुएं में से पानी निकालने वाला बरतन विशेष । पं० टिण्ड ।
टिक्कड़	स्त्री०	(कां)	एक फसली जमीन, जिस में अधिकांशतः कुल्थ और माश की उपज होती है और जो समतल नहीं होती ।
टिकड़ी	स्त्री०	(कु, कां)	चांदी के छोटे छोटे मनके जो किसी आभूषण के साथ लगे होते हैं ।
टिकलू बिन्दलू	पु०	(कां)	आभूषण । २— बकरियां । प्रयोग—घर घर टिकलू, घर घर बिन्दलू । घर घर में तरह तरह की बकरियां हैं ।
टिचकणी	स्त्री०	(कां)	चूहों को पकड़ने का पिंजरा, दरवाजे में लकड़ी की जंजीर ।
टिटला	सं०	(कु)	टिड्डी ।
टिपड़ा मिलाना	क्रि०	(कां)	विवाह सम्बन्ध स्थापित करने के लिए लड़के और लड़की की जन्मकुण्डली का मिलान करना ।
टिपना	क्रि०	(कु, कां)	मारना, मसल देना, गरम लोहे पर हथौड़ा मारना ।
टिरि जाणा	क्रि०	(कां)	किसी मेले आदि की भीड़ में किसी एक आदमी व साथी का जानबूझ कर अपने साथियों से अलग हो जाना ।
टिल्ला	पु०	(कां)	पहाड़ी की चोटी ।
टिल्ला चढ़ना	क्रि०	(कां)	आकाश पर बादल छा जाना ।
टिल्ला मोलवा	पु०	(कां)	कांगड़ा की एक धार विशेष का नाम ।
टीण्डे	पु०	(कां)	(व्यंग्यार्थ में) आंखें, कुलूकी टेंडे ।
टुगणू	पु०	(कु)	पीतल का क्लिप जिससे कुलू का किसान ऊनी चादर को अपने कन्धों के साथ नत्थी करता है ।
टुंडू	पु०	(कां)	काटकर किए हुए छोटे छोटे टुकड़े । पं० टुक्कणा ।
टुहक	पु०	(कु)	तरतीब में रखा हुआ घास का ढेर ।
टुकना	क्रि०	(कां)	काटकर छोटे छोटे टुकड़े कर देना । पं० टुक्कणा ।
टूशना	क्रि०	(कु)	साफ करना । प्रयोग—शीमा टूश । नाक साफ कर ।
टेंडा	पु०	(कु)	आंख ।
टेंडे टंडारिना	क्रि०	(कु)	प्रतीक्षा में आंखें थका देना ।
टेंडे मीटना	क्रि०	(कु)	आंखें बन्द होना, मर जाना ।
टेप	स्त्री०	(कां)	सीढ़ी, पौड़ी ।
टेपरा	वि०	(कु, कां)	भैंगी आंख वाला, तिरछी दृष्टि वाला ।
टेरका	पु०		लड़का ।
टेरन	पु०	(कां)	अटेरन, कताई का एक उपकरण ।
		(कु)	कुलूकी "टेरला" ।
टेरना	क्रि०	(कां)	अटेरना ।
टेरली	स्त्री०	(कां)	एक बेल विशेष जिसके फलों का दूध कई दवाइयों में काम आता है ।
टोकणा	क्रि०	(कु)	काटना । पं० टुक्कणा ।
टोका	पु०	(कां)	धानों की खेती का एक रोग । पं० टोका ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
टोका	पु०	(कां)	घास कुतरने का एक औजार । पं० टोका ।
टोके	पु०	(कु)	कलाइयों में पहने जाने वाले चांदी के आभूषण ।
टोटा	पु०	(कां)	गढ़ा, वह गढ़ा जिसमें बेलना फिट किया जाता है, टुकड़ा ।
टोपकी	स्त्री०	(कां)	बांस का बना हुआ छोटा सा पात्र जिस में लगभग एक सेर दाने आ सकते हों । पं० टोप्पा ।
टोल	पु०	(कु, कां)	घर ।
			प्रयोग—इस बेड़े च कितने टोल ने ।
			इस मुहल्ले में कितने घर हैं ।
टोल	पु०	(कां)	देखो 'नड़'
टौणा	वि०	(कां)	बहरा ।
		(कु)	"टोळणा" ।
टोल्हू	पु०	(कु)	पत्थर ।
टोर	स्त्री०	(कां)	एक प्रकार का वृक्ष जिसके पत्तों के दूना और पत्तल बनाए जाते हैं । इस वृक्ष की लकड़ी की आग कई दिनों तक नहीं बुझती ।
ट्याऊ	पु०	(कां)	कच्ची ईंटें घड़ने का फ्रेम विशेष । अर्थात् लकड़ी का एक उपकरण विशेष ।

ठ

शब्द	व्याकरण		अर्थ
ठंडू	वि०	(कां)	आलसी ।
ठक्कू	पु०	(कां)	बगार करने वाला व्यक्ति ।
ठाक	स्त्री०	(कां)	रुकावट ।
ठाक	स्त्री०	(कां)	रिज़र्व वन ।
ठाकणा	क्रि०	(कु, कां)	रोकना ।
			प्रयोग—पहर्ये जो चलूरी कुणी ठाकी ए ।
			मायके घर जा रही को किसने रोका है ।
ठाकना	क्रि०	(कां)	विवाह के लिए किसी लड़के अथवा लड़की को निश्चित कर लेना ।
ठापना	क्रि०	(कां)	कपड़े को थापना । थापना ।
ठाब	पु०	(कु)	वृक्ष के तने को खोद कर बक्स सा बनाया गया यन्त्र जिसमें कपड़े धोते हैं ।
ठार	स्त्री०	(कु)	पिंडली के ऊपर की हड्डी ।
ठाहर	पु०	(कां)	पशु ।
			प्रयोग—तुसारे कितने ठाहर माल ऐ ।
			आप के कितने पशु हैं ।
ठाहरि	सं०	(कां)	ठौर, स्थान ।
			प्रयोग—सारे इकसी ठाह रि बैठि गए ।
			सभी एक ही स्थान पर बैठ गए ।
ठिंबी, ठिंभी	स्त्री०	(कां)	आठ सेर कच्चे का माप ।
ठिणमिणी	स्त्री०	(कु)	घण्टी ।
ठिस	अ०	(कां)	धीरे धीरे चलने की अवस्था ।
		(कु)	मामूली सी आवाज़ ।
ठिसना	क्रि०	(कां)	धीरे धीरे चलना ।
ठींगर	स्त्री०	(कु)	वृक्ष की चोटी ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
ठीकर	पु०	(कां)	मिट्टी के बरतन का सबसे नीचे वाला हिस्सा ।
		(कु)	मिट्टे के टूटे बरतन ।
ठूठ	सं०	(कां)	पशु के कंधे पर उठा हुआ भाग, ककुद ।
		(कु)	चिलम ।
ठूरडा	पु०	(कु)	टांग ।
ठूठी	स्त्री०	(कां)	नारियल के गोले का आधा भाग, पं० ठूठी ।
ठुल्ला	वि०	(कां)	स्थूल, मोटा ।
ठेडा	पु०	(कां)	सीमा बुर्ज ।
ठेरना	क्रि०	(कु)	घटेरना ।
ठेन्‌ू	पु०	(कां)	पानी की बड़ी कुहल में रखा लकड़ी का छोटा सा ठेला जिससे पानी छोटी कूहलों में एक जैसा तकसीम हो सके ।
ठेणा	स्त्री०	(कां)	जमा, अमानत ।
ठोकना	क्रि०	(कु)	भूमि में गाड़ना, ठूंसना ।
ठोठी	सं०	(कां)	हुक्के की चिलम जिसमें तम्बाकू भर कर आग रखी जाती है। "ठूठी"
ठोर	स्त्री०	(कु)	दौड़ । प्रयोग—तौथं ठोरा रा मकाबला थी । वहां दौड़ का मुकाबला था ।
ठोर मारना या देणा	स्त्री०	(कु)	दौड़ लगाना । प्रयोग—सो ठोर देइया घौरा बै न्हौठा । वह दौड़ कर घर को चला गया ।
ठोला	पु०	(कां)	मकई बीजने के छटे सातवें दिन मकई के खेत में की गई जताई ।
ठोड़	पु०	(कां)	बढ़ई, तरखान ।

ड

शब्द	व्याकरण		अर्थ
डंगू	पु०	(कां)	बिच्छू ।
डंड कीली	स्त्री०	(कां)	एक खेल विशेष—'डंडा गुली'
डब्बल	पु०	(कां)	१—पैसा । २—टका अर्थात् दो पैसे ।
डड़ाना	क्रि०	(कां)	चीखना चिल्लाना, अपनी दयनीय अवस्था दिखाना ।
डनालटी	स्त्री०	(कां)	धान बोने के बाद जमीन में अड़े घास को बाहर निकालने के लिए खेत में चलाया जाने वाला एक विशेष प्रकार का औजार ।
डबोठन	स्त्री०	(कां)	लकड़ी का अड्डा जिस पर टोकरियां आदि बनाने वाले डूमने लोग बांसों को काटते, छीलते और चीरते हैं ।
डबोड़न	स्त्री	(कां)	कपड़े धोने के लिए लकड़ी का उपकरण ।
डयाणा	क्रि०	(कां)	खड़ाना, टीक बनाकर कोई चीज रखना । प्रयोग—द्वारे च कुर्सी डयाई थी। दरवाजे में कुर्सी खड़ी की ।
डरिंज	पु०	(कां)	कोहा फल ।
डरनी	सं०	(गा, कां)	भेड़ का मादा बच्चा ।
डरलू	सं०	(गा, कां)	भेड़ का नर बच्चा ।
डल्ल	स्त्री०	(कां)	१—बाढ़, तुगियानी ।
डल	स्त्री०	(कां)	२—बांस की बनी हुई बड़ी टोकरी ।
डल	स्त्री०	(का)	दलदल, तालाब ।
डलारा	पु०	(कां)	पके हुए चावल डालने के लिए एक बड़ी डल्ल (टोकरी)
डांग	स्त्री०	(कां)	मजबूत बांस की लम्बी सोटी, मकई की गुल्लियों से दाने अलग करने के लिए गुल्लियों पर चोट मारने के काम आती है ।
		(कु)	डंडा ।

शब्द	व्याकरण		अर्थ
डांडी	पु०	(कां)	गोठी और छड़ियों का वन-देवता ।
डा	पु०	(कां)	खेती बाड़ी का उपकारण विशेष जिससे जुती हुई जमीन को समतल करने का कार्य किया जाता है।
डाकू	पु०	(कां)	एक उपकरण जो काहृरण की दो तारों को आपस में उलझने से रोकता है ।
		(कु)	कुल्लू की 'डाकू' ।
